खबरों के 41 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

सतना, मंगलवार 16 जून 2026 । वर्ष –41 । अंक –107 पृष्ठ –12 मूल्य – 3.00 रु.

■ लोकतांत्रिक गिरावट...
■ जिबह किया जाता है... 04

■ टेक टैक्स हटाओ, वरना फ्रेंच वाईन...
■ मजबूरी में करनी पड़ी ईरान से डील... 09

■ ईंधन व खाद्य कीमतों में तेजी से थोक...
■ बाजार में शानदार बढ़त, सेंसेक्स 736... 11

■ काई हावर्ज के दो...
■ भारत दिलप्रीत व... 10

सार संक्षेप

## थोक महंगाई दर में भी उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में महंगाई पिछले कुछ समय से तेजी से ऊपर आ रही है। खुदरा महंगाई दर ने अप्रैल और मई में जहां उछाल ली है वहीं थोक महंगाई दर ने भी अब तीखे तेवर दिखाए हैं। थोक महंगाई में मई महीने में तेजी देखने को मिली है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, थोक महंगाई मई में बढ़कर 9.68% हो गई, जो अप्रैल में 8.26% थी। ईंधन व बिजली, विनिर्मित उत्पादों और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेज वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने आधार वर्ष को 2011–12 से संशोधित कर 2022–23 करने के बाद थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई के आंकड़े सोमवार को जारी किए। बढ़ी थोक महंगाई से बाजार पर तेज असर पड़ेगा।

**( विस्तृत खबर पृष्ठ 11 पर )**

## नीट री-एग्जाम पेपर लीक के नाम पर साइबर ठगी करने वाले बंधे

**अहमदाबाद।** साइबर क्राइम ब्रांच ने सोमवार को राजस्थान के दो लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों के अनुसार, दोनों पर टेलीग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से री–नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का दावा कर छात्रों और अभिभावकों से कथित ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय साइबर नेटवर्क को संचालित करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, जांच में यह पता लगने के बाद कि कुछ लोग टेलीग्राम के माध्यम से री–नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र और परीक्षा से जुड़ी गोपनीय जानकारी होने का दावा कर रहे थे, मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 319(2) और 54 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 के तहत साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था।

# अमेरिका-ईरान शांति समझौते पर सहमत

## दोनों देश 19 जून को स्विट्जरलैंड में एक समारोह में करेंगे हस्ताक्षर



"तेल परिवहन हेतु अमेरिका की नौसैनिक नाकाबंदी को तत्काल प्रभाव से हटाने का भी आदेश देता हूं। दुनिया भर के जहाज अब अपनी यात्रा शुरू करें।"
**– डोनाल्ड ट्रंप, राष्ट्रपति, अमेरिका**



"समझौता मसौदा तैयार हो गया है और शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में इस ज्ञापन पर आधिकारिक रूप से हस्ताक्षर होंगे।"
**–काजेम गरीबाबादी, उप विदेश मंत्री, ईरान**

◆ ट्रंप ने किया ऐलान, होर्मुज खोलने को भी मंजूरी

◆ ईरान ने भी अमेरिका के साथ समझौते की पुष्टि की

**वाशिंगटन, (एजेंसियां)।** पश्चिमी एशिया में युद्ध खत्म करने को लेकर अमेरिका और ईरान शांति समझौते पर सहमत हो गये है। दोनों देश 19 जून को स्विट्जरलैंड में एक आधिकारिक समारोह में इसपर हस्ताक्षर करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रूथ सोशल पर रविवार देर रात इस संबंध में जानकारी देते हुए लिखा, 'ईरान के इस्लामी गणराज्य के साथ समझौता अब संपन्न हो चुका है।

होर्मुज़ जलडमरूमध्य को बिना किसी शुल्क के पूरी तरह खोलने की अनुमति देता हूं। साथ ही, अमेरिका की नौसैनिक नाकाबंदी को तत्काल प्रभाव से हटाने का भी आदेश देता हूं। ट्रंप ने कहा–दुनिया भर के जहाज अब अपनी यात्रा शुरू करें। तेल का प्रवाह फिर से शुरू होने दें।' ईरान ने भी अमेरिका के साथ समझौते को लेकर पुष्टि की है। ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि इस पर 19 जून को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर किए जाएंगे। गरीबाबादी ने कहा कि इस ज्ञापन में लेबनान सहित सभी मोर्चों पर आज रात से सैन्य अभियानों को तुरंत रोकने की बात भी शामिल है।

अमेरिका–इजरायल और ईरान के बीच 28 फरवरी से जंग की शुरुआत हुई थी। ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई जंग के पहले दिन ही मारे गए। इसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया. 8 अप्रैल 2026 को यूएस ईरान के बीच सीजफायर पर सहमति बनी थी। इसके बाद शांति समझौते को लेकर मध्यस्थों के जरिए बातचीत की जा रही थी। जून में इसी सप्ताह तब हालात और नाजुक हो गए। जब ईरान द्वारा यूएस के अपाचे हेलीकॉप्टर के मार गिराए जाने के बाद दोबारा हमले शुरू हुए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक अन्य पोस्ट में कहा, 'यह ऐतिहासिक समझौता पूरे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा लेकर आएगा। मुझसे पहले कई राष्ट्रपतियों ने ईरान के साथ शांति स्थापित करने की कोशिश की लेकिन वे सफल नहीं हो सके। पहली बार क्षेत्र के नेताओं को ऐसा राष्ट्रपति मिला है जो उन्हें वास्तविक और स्थायी शांति दिलाने में मदद कर सकता है।' श्री ट्रंप ने बताया कि आगामी शुक्रवार को समझौते पर हस्ताक्षर होने के साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य खोल दिया जाएगा ताकि वहां बिछी समुद्री बारूदी सुरंगों को हटाया जा सके।

### ईरान परमाणु हथियार हासिल नहीं कर पाएगा: वेंस

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने गतिरोध के एक प्रमुख बिंदु यानि परमाणु हथियारों के लेकर कहा कि समझौता यह सुनिश्चित करता है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर पाएगा। श्री वेंस ने फॉक्स न्यूज़ से कहा, 'इसका मतलब है कि ईरान के पास कभी परमाणु हथियार नहीं होगा। वह न तो परमाणु हथियार बनाने की कोशिश करेगा और न ही उन्हें खरीदने या हासिल करने की कोशिश करेगा। यह बात इस समझौते में शामिल है।' उन्होंने यह नहीं बताया कि समझौते में अमेरिका को क्या–क्या मिलेगा।

### मोदी बोले- टिकाऊ समझौते की उम्मीद करते हैं

अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर बनी सहमति का पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वागत किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव की वजह से दुनिया भर में गंभीर आर्थिक दिक्कतें आई हैं और कई देशों में जानें गई हैं। उन्होंने कहा कि भारत को उम्मीद है कि इस सहमति को लागू करने से इस इलाके में शांति और स्थिरता वापस लाने में मदद मिलेगी और आवाजाही और व्यापार की आजादी पक्की होगी। हम बाकी मुद्दों पर बातचीत से एक टिकाऊ आखिरी समझौते पर पहुंचने की उम्मीद करते हैं।

स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री से मिले मोदी



## दोनों नेताओं ने किए 11 समझौतों पर हस्ताक्षर

**पेरिस/ब्रातिस्लावा, (एजेंसियां)।** भारत और स्लोवाकिया के रिश्ते व्यापक साझेदारी तक बढ़ाए गए हैं। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्लोवाकियन पीएम रॉबर्ट फिको के बीच बातचीत के बाद द्विपक्षीय डिफेंस और ट्रेड डील हुई। ब्रातिस्लावा के महल में स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको से मुलाकात के बाद मोदी ने फिको को भारत आने का न्योता भी दिया। स्लोवाकियन पीएम फिको ने मोदी को भारत के सबसे लंबे समय तक चुने गए प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी और इस उपलब्धि को राजनीतिक चमत्कार बताया।

पीएम मोदी दो देशों के दौरे के दूसरे फेज में रविवार रात 2:18 बजे स्लोवाकिया पहुंचे। राजधानी ब्रातिस्लावा में विदेश और यूरोपीय मामलों के मंत्री जुराय ब्लानार ने उनका स्वागत किया। मोदी को पारंपरिक स्लोवाक रीति से ब्रेड और नमक भेंट किया गया, जिसे यहां आतिथ्य, सम्मान और सद्भावना का प्रतीक माना जाता है। मोदी ने एयरपोर्ट पर स्लोवाकिया में मौजूद भारतीयों से भी मुलाकात की। दरअसल, मोदी 13 जून से फ्रांस–स्लोवाकिया के 6 दिन के दौरे पर हैं। वे 17 जून को फ्रांस के एवियान में जी–7 समिट में शामिल होंगे। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से भी मिल सकते हैं।

भारत और स्लोवाकिया ने अपने संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक उन्नत करते हुए द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के बीच हुई वार्ता के बाद प्रवासन, डिजिटल प्रौद्योगिकी और रक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा राम मंदिर दान पेटी से चोरी का मामला

◆ कोर्ट की निगरानी में जांच कराने की मांग की गई

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में भक्तों द्वारा दिए गए दान और चढ़ावे के प्रबंधन में कथित गड़बड़ियों का मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। इस संबंध में शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें दान और चढ़ावे के प्रबंधन में कथित हेराफेरी की जांच कराने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता और अधिवक्ता अनूप प्रकाश अवस्थी ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया है कि कथित अनियमितताओं के मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया जाए। साथ ही अदालत की निगरानी में केंद्रीय जांच ब्यूरो से मामले की जांच कराने पर भी विचार करने की मांग की गई है। याचिका में दान और चढ़ावे के प्रबंधन से जुड़े पहलुओं की विस्तृत जांच की आवश्यकता बताई गई है। यह मुद्दा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा उठाए जाने के बाद व्यापक चर्चा का विषय बना। इसके बाद कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। वहीं साधु–संतों के बयान भी सामने आए, जिससे यह विवाद और सुर्खियों में आ गया।

मामले के तूल पकड़ने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन किया है। इस टीम में लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक किरण एस. और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन को शामिल किया गया है।

## मप्र में बनेगा साइबर सिक्योरिटी रिसर्च सेंटर : मुख्यमंत्री



◆ मुख्यमंत्री ने किया कार्यशाला का शुभारंभ

◆ सीमाओं की तरह महत्वपूर्ण है डेटा की सुरक्षा

**भोपाल, देशबन्धु।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर खतरों और डेटा सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य में साइबर सिक्योरिटी रिसर्च सेंटर स्थापित करने की घोषणा की है।

यह घोषणा उन्होंने सोमवार को भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित 'राज्य डेटा के लिए साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क को सुदृढ़ बनाने' विषयक परामर्श कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर की। मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक के विस्तार के साथ साइबर अपराधों का स्वरूप भी लगातार बदल रहा है। ऐसे में राज्य को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने बताया कि महू स्थित मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से प्रस्तावित रिसर्च सेंटर साइबर सुरक्षा, अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डॉ. यादव ने कहा कि आज के समय में डेटा की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन चुका है। यदि किसी नागरिक की जीवनभर की जमा पूंजी साइबर अपराधियों द्वारा ऑनलाइन ठगी के जरिए हड़प ली जाए तो यह गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नागरिकों के डिजिटल विश्वास को मजबूत बनाने और >>शेष पृष्ठ 3 पर

बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**- ट्रंप ने ऐलान किया है कि- अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौता हो गया है। अब हस्ताक्षर शेष रह गए हैं।

**चुहिया- हां प्रिये**- युद्ध छेड़ने का काम भी तो ट्रंप ने ही किया था।

## प्रदर्शन कर रहे अभिजीत दीपके के साथ हुई धक्का-मुक्की

**जयपुर।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके के साथ जयपुर में प्रदर्शन के दौरान धक्का–मुक्की और हंगामे की घटना सामने आई है। सोमवार को शहीद स्मारक पर आयोजित विरोध–प्रदर्शन के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने अभिजीत दीपके को थप्पड़ मार दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया, जिसके बाद पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया।

## 140 करोड़ की 'कवच' परियोजना को रेलवे की मंजूरी

**नई दिल्ली।** रेलवे ने रेल सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल में 'कवच 4.0' लगाने को मंजूरी प्रदान की है। रेलवे ने सोमवार को बताया कि 48 ब्लॉक सेक्शन और 598 किलोमीटर पर मार्ग पर 'कवच 4.0' लगाने के लिए 140 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी गई है। यह मंजूरी भारतीय रेलवे के बाकी रूटों पर दीर्घकालिक विकास (एलटीई)–बेस्ड कम्युनिकेशन बैकबोन के साथ 'कवच' लगाने के बड़े प्रोग्राम के तहत दी गई है। इससे पहले अहमदाबाद मंडल के लगभग 702 किलोमीटर मार्ग पर 'कवच' लगाने का काम पहले ही मंजूर किया जा चुका था।

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर वाणिज्यिक उड़ानें शुरू

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार यानी 15 जून से आधिकारिक तौर पर वाणिज्यिक उड़ानें शुरू हो गईं, जिससे उत्तरी भारत में हवाई संपर्क को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला है। कम लागत वाली एयरलाइन इंडिगो ने जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) से उड़ान संचालन शुरू करने वाली पहली एयरलाइन बनकर इतिहास रच दिया है। एयरलाइन के अनुसार, पहली फ्लाइट लखनऊ से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंची, जबकि इसके कुछ ही समय बाद पहली उड़ान बेंगलुरु के लिए रवाना हुई।

JAN JYOTI
SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित



आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

### अलनीनो को लेकर खिंची चिंता की लकीर

## बढ़ सकती हैं किसानों की मुश्किलें, महंगाई और उछल सकती है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया तनाव के कम होने के आसार के साथ अब मौसम नई मुसीबत अलनीनो के रूप में खड़ी कर रहा है। जिसका असर खेत–खलिहानों से लेकर अर्थव्यवस्था पर सीधा पड़ने की बात विशेषज्ञों द्वारा कही जा रही है। मौसम विभाग ने जून–सितंबर 2026 के मानसून कमजोर रहने का अनुमान जताया है। इसके चलते देश के 25 फीसदी हिस्से में सूखा पड़ने की आशंका है। इसका असर फसल उत्पादन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खाद्य कीमतों पर पड़ सकता है। केंद्र सरकार सूखे से होने वाले नुकसान को कम करने की तैयारी में जुट गई है। इस कमजोर मानसून की वजह अल नीनो को बताया जा रहा है।

**अल नीनो है क्या-** अल–नीनो एक स्पैनिश भाषा का शब्द है, जिसका शाब्दिक अर्थ है- लिटिल बॉय यानी छोटा लड़का। यह प्रशांत महासागर में होने वाली एक प्राकृतिक जलवायु घटना है, जो हर दो से सात साल में होती है। एक बार अल–नीनो की स्थिति बनने के बाद इसका चक्र आमतौर पर नौ से 12 महीने तक चलता है। अल–नीनो की स्थिति तब रिकॉर्ड होती है, जब भूमध्यरेखीय प्रशांत




महासागर के केंद्रीय और पूर्वी हिस्से में समुद्र की सतह का पानी असामान्य रूप से गर्म हो जाता है। **भारत पर इसका क्या असर पड़ सकता है-** भारत में अल नीनो का संबंध कमजोर दक्षिण–पश्चिम मानसून से जोड़ा जाता है। हालांकि हर अल नीनो वर्ष में सूखा नहीं पड़ता, लेकिन इतिहास बताता है कि देश के कई बड़े मानसूनी संकट इसी घटना के दौरान देखने को मिले हैं। कृषि मंत्रालय ने देशभर में 197 ऐसे जिलों की पहचान की है जिन पर अल नीनो का सबसे ज्यादा असर पड़ सकता है। इन जिलों में सिंचाई सुविधाओं की पहुंच सीमित होने के कारण खरीफ फसलों की बुआई प्रभावित होने की आशंका है।

### सरकार की तैयारी

कृषि मंत्रालय ने 'खेत बचाओ अभियान' भी शुरू किया है, जिसके जरिए किसानों तक समय रहते मौसम संबंधी चेतावनियां, फसल प्रबंधन सलाह और वैकल्पिक कृषि उपाय पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। सरकार की कोशिश संकट आने के बाद राहत देने के बजाय पहले से तैयारी कर नुकसान को कम करना। इसके लिए प्रत्येक राज्य के लिए अलग–अलग आकस्मिक योजना तैयार की गई हैं, ताकि बारिश की कमी या सूखे जैसी स्थिति बनने पर स्थानीय जरूरतों के अनुसार तुरंत कदम उठाए जा सकें। अल नीनो की स्थिति की समीक्षा के लिए नियमित रूप से साप्ताहिक बैठकें की जा रही हैं। सरकार का दावा है कि खाद्य सुरक्षा को लेकर भी तैयारी की गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार देश में पर्याप्त खाद्यान्न बफर स्टॉक मौजूद है।

## मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने व नीट परीक्षा पेपर लीक से नाराज है कांग्रेस

# भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, वाटर कैनन से बरसाया पानी, गिरफ्तार हुए कांग्रेसी

### पुलिस प्रशासन ने पहले से कर लिए थे रोकने के प्रयास





**सतना, देशबन्धु।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन का मध्य प्रदेश से राज्यसभा नामांकन रद्द होने तथा नीट परीक्षा पेपर लीक होने के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के नजदीक जमकर प्रदर्शन किया। प्रर्दशनकारियों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को वाटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। कांग्रेस जनों को आरोप है कि इस दौरान पुलिस ने उनके ऊपर लाठियां भी बरसाईं।

प्रशासन का कहना है कि प्रदर्शनकारी भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का घेराव करना चाह रहे थे। प्रशासन ने उन्हें रोक कर चर्चा करना चाहा, लेकिन प्रदर्शनकारी इसके लिए राजी नहीं हुए। बताया गया कि प्रदर्शन में शामिल लोग पुलिस का सुरक्षा घेरा तोड़कर भाजपा कार्यालय की ओर बढ़ना चाह रहे थे। काफी समझाइश के बाद भी जब वह नहीं मानें तो पुलिस को वाटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। कांग्रेस का कहना है कि पुलिस ने वाटर कैनन और लाठी का इस्तेमाल कर खुलेआम अत्याचार किया है, पुलिस के इस कृत्य से पार्टी के कई लोग चोटिल भी हुए हैं।

### इनकी हुई गिरफ्तारी



मालूम हुआ है कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ थाना कोलगंवा में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक अखिलेश्वर तिवारी द्वारा बीएनएसएस की धारा 170 के तहत पंकज कुशवाहा, अंकित गुप्ता, राहुल सोनी, अमन श्रीवास्तव, शुभम केशरवानी, विक्रांत त्रिपाठी, शैलेश तिवारी, रेहान खान, तरुण दहायत, संजीव अग्रवाल, वसीम अहमद, धर्मेंद्र सिंह, आरिफ खान, स्वतंत्र मिश्रा, नागेश्वर मिश्रा को गिरफ्तार कर जमानत मुचलके पर रिहा किया गया।



### पुलिस का कड़ा इंतजाम

उल्लेखनीय है कि प्रदर्शन की पूर्व सूचना होने से पुलिस ने कड़ा इंतजाम किया था। भाजपा कार्यालय मार्ग को पूरी तरह से सील कर दिया गया था। यहां एसडीएम राहुल सिलाडिया, सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह चौहान, कोलगवां थाना टीआई सुदीप सोनी, सिटी कोतवाली टीआई रावेंद्र द्विवेदी बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### भरहुत नगर मोड़ पर नारेबाजी

प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस जिला कमेटी के शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी के नेतृत्व में भरहुत नगर मोड़ पर प्रदर्शन किया। इसके बाद सरकार विरोधी नारे लगाते हुए रैली की सूरत में आगे बढ़े। प्रदर्शन में यूथ कांग्रेस अध्यक्ष वरुण गूजर, शहर अध्यक्ष अंकित गुप्ता, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव राहुल सोनी, पार्षद पंकज कुशवाहा, विक्रांत त्रिपाठी, अमित गोयल, रितेश त्रिपाठी, अभिषेक कुशवाहा, संतोष यादव, क्षितिज अग्रवाल, देव पांडेय, शैलेश तिवारी, जतिन जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि प्रदर्शन के दौरान वरुण गूजर को चोट आने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया।

### आज का मौसम

| न्यूनतम तापमान | अधिकतम तापमान | आर्द्रता |
|---|---|---|
| 28.09 डि.सें. | 40.00 डि.सें. | सुबह : 44 |
| | | शाम : 30 |

# शहर से गांव तक घूमता रहा एटीएम फ्रॉड का आरोपी

### कई अपराधों में संलिप्त रहा पकड़ा गया आरोपी, अब भी कई फरियादी काट रहे थानों के चक्कर

**सतना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बीते दिनों हुए एटीएम फ्रॉड के दो ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनके फरियादियों ने एक ही व्यक्ति पर घटना में शामिल होने का शक जाहिर किया है। यह संदेही कुछ दिनों पहले ही ऐसे एक अपराध में गिरफ्तार किया जा चुका है। फरियादियों का मानना है कि पुलिस अगर इससे पूछताछ करें तो इनके केस के साथ अन्य आपराधिक मामलों का भी खुलासा हो सकता है। देखने वाली बात होगी कि सिटी कोतवाली पुलिस इस मामले में क्या कार्रवाई करती है। फिलहाल तो एटीएम फ्रॉड की शिकायत लेकर सिटी कोतवाली के चक्कर काट रहे एक फरियादी का कहना है कि सहयोग करना तो दूर, पुलिस उनकी बात सुनने को भी तैयार नहीं है, जबकि वो अपने प्रकरण में संदेही के बारे में जानकारी देना चाहते हैं।



फरियादी

#### सुन नहीं रही कोतवाली पुलिसः आरोप

जवाहर नगर में रहने वाले सुनील दुबे का पत्नी बबिता दुबे के साथ पंजाब नेशनल बैंक में संयुक्त खाता है। 17 फरवरी को सुनील इसी बैंक के स्टेशन रोड स्थित एटीएम में पैसा निकालने गए थे। 15 हजार रुपए की आवश्यकता थी, जो एक बार में एटीएम से नहीं निकलता, इसलिए उन्होंने दो बार में पांच-पांच हजार रुपए निकाले, लेकिन जब तीसरी बार पैसा निकालना चाहा तो कार्ड एटीएम में अटक गया। इस बात की जानकारी देते हुए सुनील दुबे ने बताया कि उस वक्त वहां एक व्यक्ति उनके नजदीक मौजूद था, जो मदद के लिए आगे आया। मदद के बहाने उसने एटीएम कार्ड बदल दिया। जब वो एटीएम से चले गए तब कुछ देर बाद उनके खाते से पहले दस हजार फिर पांच हजार रुपए कट गए। यह रकम अस्पताल चौक के एसबीआई एटीएम से निकाली गई थी। पैसा कटने का मैसेज आने के बाद जब उन्होंने एटीएम कार्ड देखा तब पता चला कि कार्ड बदल दिया गया है। क्योंकि उनके पास जो कार्ड था, उसमें विजय गुप्ता नाम लिखा था। सुनील दुबे ने बताया कि वो मामले की शिकायत लेकर सिटी कोतवाली गए वहां उनसे एक लिखित शिकायत पत्र ले लिया गया, कहा गया कि कार्रवाई करेंगे, लेकिन तब से अब तक इस शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध नहीं हो सका है और अब जब उन्हें संदेही की जानकारी देना चाह रहे हैं, तब भी कोतवाली में कोई कुछ सुनने को तैयार नहीं है। सुनील का कहना है कि उन्होंने इस विषय में टीआई से भी चर्चा की लेकिन उनसे भी सहयोग प्राप्त नहीं हुआ। सुनील ने बताया कि उनके पास उस व्यक्ति का वीडियो है जो उनके साथ एटीएम में मौजूद था, पूरी संभावना है कि यह वही व्यक्ति है जिसे अभी कुछ दिन पहले जिले की सभापुर पुलिस ने एटीएम कार्ड बदल कर धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया था।



एटीएम बूथ में आरोपी

#### सभापुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

21 अक्टूबर 2025 को धीरज प्रसाद मिश्रा पिता स्व. केदार प्रसाद मिश्रा (50) निवासी बमुरहा थाना सभापुर जिला सतना ने रिपोर्ट की थी कि 20 अक्टूबर को वह बिरसिंहपुर नगर पंचायत में इंडिया एटीएम से पैसा निकालने गए थे, वहीं एटीएम में मौजूद एक व्यक्ति द्वारा उनका एटीएम बदल दिया गया था और कुछ समय बाद उनके खाते से पैसे कटने का मोबाइल में मैसेज आने लगा था। फरियादी की रिपोर्ट पर एटीएम बदल कर धोखाधड़ी करने की धाराओं में प्रकरण कायम कर विवेचना की गई। मंगलवार 9 जून को आरोपी राज हामिद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। एक आरोपी पहले से नागौद जेल में है। अभी जिसे गिरफ्तार किया गया वो आरोपी राज हामिद खान पिता आमिर सौदागर (28) सोसायटी रोड देवेन्द्रनगर जिला पन्ना का रहने वाला है। फिलहाल खिरवा टोला नागौद में रहता था।



#### वनकर्मी भी हुआ है शिकार

यह महज इत्तेफाक है या वाकई सभापुर पुलिस द्वारा पकड़ा गया आरोपी सतना में दर्ज अपराधों में लिप्त रहा है, यह तो पुलिस ही पता लगा सकती है। फिलहाल तो सुनील दुबे के अलावा मुख्तियार गंज निवासी सलाउद्दीन और उनकी पत्नी ने भी इस पकड़े गए शख्स पर ही अपना संदेह जाहिर किया है। इन्हें भी लगता है कि इनके साथ जो एटीएम फ्रॉड हुआ है, उसमें यह व्यक्ति शामिल हो सकता है। उल्लेखनीय है कि मुख्तियार गंज में निमार्णाधीन ब्रिज के पास रहने वाले सलाउद्दीन सिद्दीकी वन विभाग में सहायक वन पाल के पद पर कार्यरत हैं। इनका बैंक खाता जयस्तंभ चौक स्थित इंडियन बैंक में है। इनके खाते से 6 जून को 50 हजार, 7 जून को 60 हजार और 8 जून को 40 हजार रुपए कई बार में निकाले गए। इस बात की जानकारी इन्हें तब हुई जब ये 8 जून को पैसा निकालने बैंक गए। जब बैंक से स्टेटमेंट निकलवाया गया तब पता चला कि 6 तारीख को दो बार 10 हजार, एक बार 5 हजार और एक बार 25 हजार रुपए कुल 50 हजार रुपए निकाले गए। 7 तारीख को पहले 9 हजार 500, इसके बाद 10 हजार, 5 हजार 500, 25 हजार, 10 हजार कुल 60 हजार रुपए निकाले गए। 8 तारीख को 10 हजार, 5 हजार और 25 हजार रुपए यानि कुल 40 हजार रुपए निकाले गए। इस प्रकार तीन दिन में डेढ लाख रुपए निकाल लिए गए। बैंक स्टेटमेंट के अनुसार यह रकम रीवा रोड सतना और छतरपुर के बैंक एटीएम से निकाली गई है। इस संबंध में सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 516 बीएनएस की धारा 318(4) के तहत 9 जून को पंजीबद्ध किया गया है।



फरियादी

## सार-समाचार

### पहले दिन जमा हुए पांच नामांकन फार्म

**सतना, देशबन्धु।** जिला अधिवक्ता संघ के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रमेश मिश्रा शासकीय अभिभाषक की ओर से आगामी चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत नामांकन के पहले दिन क्रय और जमा किए गए नामांकन फार्मों की आधिकारिक सूची जारी की गई है। अध्यक्ष पद के लिए अमृत लाल शुक्ला, ददन सिंह परिहार, रत्नेश श्रीवास्तव ने फार्म लिया। उपाध्यक्ष पद के लिए शैलेंद्र यादव, दिलीप आर्य, धर्मेंद्र मिश्रा, ओम शंकर तिवारी, कृष्ण कुमार पयासी ने फार्म लिया। सचिव पद के लिए शैलेश पांडेय, दिनेश प्रसाद शुक्ला, सह सचिव के लिए संतोष कुमार पयासी, कोषाध्यक्ष के लिए वर्षा मिश्रा ने नामांकन फार्म लिए हैं। इसी तरह कार्यकारिणी सदस्य के लिए गोविंद गैलवानी, कीर्ति पांडेय, रीता त्रिपाठी, कल्पना चौधरी, रश्मि कुशवाहा, बलराम चौधरी, अमन द्विवेदी, अर्चना विश्वकर्मा ने नामांकन कराया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इनमें अमृत लाल शुक्ला, धर्मेंद्र मिश्रा, गोविन्द गैलवानी, रीता त्रिपाठी ने अपने नामांकन फार्म जमा कर दिए हैं।

### केन्द्रीय जेल में योग अभियान की शुरूआत

**सतना, देशबन्धु।** केन्द्रीय जेल में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में राजव्यापी योग अभियान की शुरूआत की गई। योग सप्ताह के उद्घाटन अवसर पर गीता सोलंकी, प्रधान जिला न्यायाधीश सतना, रूपाली सिंह उइके, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना, प्रवीण कुमार सोंधिया, सीजेएम सतना, पुष्पराज सिंह उइके, वरिष्ठ न्यायाधीश, मुहम्मद जीलानी, जिला विधिक सहायता अधिकारी, रमाकांत त्रिपाठी, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कांउसिल, लीना कोष्टा, जेल अधीक्षक, स्टॉफ व बंदी सम्मिलित हुए। प्रधान जिला न्यायाधीश ने इस मौके पर बंदियों एवं जेल स्टॉफ को संबोधित करते हुए योगाभ्यास से होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया और योग को अपनी दिनचर्या में सम्मिलित करने की सलाह दी।



## घर के अंदर मिली 24 पेटियों से 1200 पाव शराब जब्त

**सतना, देशबन्धु।** मैहर जिला की रामनगर थाना पुलिस ने हिनौती मझटोलवा टोला में रेड करते हुए एक घर के अंदर से 1200 पाव शराब जब्त की है। इस कार्रवाही के बाद दौरान पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, एसपी अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी रामनगर निरीक्षक विजय त्रिपाठी के नेतृत्व में रामनगर थाना पुलिस ने ग्राम हिनौती मझटोलवा टोला में सोनू उर्फ सुनील कुशवाहा के घर पर दबिश दी। यहां से सुनील उर्फ सोनू कुशवाहा पिता सुदामा प्रसाद कुशवाहा (32) को हिरासत में लेकर उसके घर की तलाशी ली गई तो 24 कार्टून पेटियों में रखी 1200 पाव शराब बरामद हुई। जब्त शराब की मात्रा 216 लीटर और अनुमानित कीमत 1,24,750 आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाही की गई है। इस कार्रवाही में थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी, एएसआई समरजीत कोल, प्रधान आरक्षक विनोद सिंह, आरक्षक राजेश यादव, आरक्षक गुड्डू पटेल, सविता शर्मा की अहम भूमिका रही।



रामनगर थाना पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, हिनौती मझटोलवा टोला में पुलिस की रेड

### पुरुषोत्तम दास का निधन

**सतना, देशबन्धु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता समाजसेवी मनीष तिवारी ने सर्राफा कारोबारी पुरुषोत्तम दास सोनी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें एक नेक दिल,दयालु और गरीबों की मदद करने वाला व्यक्ति बताया। वे हीरा सोनी के बड़े भाई और जिला भाजपा के मंत्री राकेश सोनी डोला के पिता थे। वे काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। दिंवगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करने वालों में आनंद मिश्रा, लोकेश त्रिपाठी, रवि जायसवाल अन्ना, मनीष गुप्ता, प्रखर श्रीवास्तव, विपिन अरजरिया, विवेक मिश्रा पप्पू, जीतू तिवारी, बब्लू चौरसिया, माधव चौधरी सहित अन्य लोग हैं।

## एलआई को मजबूत बनाये रखने संघर्ष को तैयार रहें



**सतना, देशबन्धु।** सतना डिवीजन इंश्योरेंस एम्प्लॉइज एसोसिएशन का 25 वां अधिवेशन अमृत वाटिका सतना में सोमवार 15 जून को आयोजित किया गया। समारोहपूर्वक आयोजित हुए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एआईआईईए के महासचिव कॉम श्रीकान्त मिश्रा, विशिष्ट अतिथि कॉम धर्मराज महापात्रा, अध्यक्ष एआईआईईए तथा कॉम बीएस रवि, कोषाध्यक्ष एआईआईईए उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सतना मंडल के अन्तर्गत आने वाली सभी 12 इकाईयों तथा मंडलीय इकाई के प्रतिनिधि एवं प्रेक्षक उपस्थित रहे। कॉम श्रीकान्त मिश्रा ने विस्तार से एलआईसी के समक्ष चुनौतियों का जिक्र किया तथा साथियों को आहवान किया कि एलआई को आर्थिक रूप से मजबूत बनाये रखने के लिये संघर्ष को तैयार रहे। उन्होंने नई भर्ती चालू करवाने के लिये संघर्ष का आहवान किया। अंत में प्रतिवेदन तथा लेखा साथ ही आगामी सत्र के लिये नई कार्यकारिणी का गठन आम सहमति से हुआ। जिसमें अध्यक्ष राजेश द्विवेदी, महासचिव धर्मेन्द्र सिंह बघेल, उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद, संध्या तिवारी, रामदीन बहेलिया, रूपनारायण यादव, अजय गुप्ता सह सचिव- मोनिका अवस्थी, भारत श्रीवास्तव, पुष्कर शर्मा, संजय सोनी सहित अन्य का चयन किया।


### नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहम्मद जलील उम्र-60 वर्ष पिता श्री मोहम्मद हुसैन, निवासी वार्ड नं. 05 नया 06 गढ़ी टोला नागौद, तहसील-नागौद, जिला-सतना (म.प्र.) का निवासी हूं। मेरे पैन कार्ड क्र. BRSPJ4692M व मेरे आधार कार्ड क्र. 8706 4421 5837 में मेरा नाम मोहम्मद जलील दर्ज है जो सही व सत्य है । मेरा मेरा ड्राइविंग लाइसेंस क्र. MP19/0029757/2025 अप्लिकेशन क्र. 5467993425 से बना हुआ है, जिसमें मेरा नाम जलील दर्ज है । मैं अब अपने उक्त ड्राइविंग लाइसेंस में अपना नाम जलील के स्थान पर मोहम्मद जलील करवाना चाहता हूं।

दिनांक:15/06/2026

हस्ता./शपथकर्ता


## व्यापारियों का गुस्सा शांत करने बाजार पहुंचे सांसद : महापौर

- महीनों से चल रहा सीवर लाइन निर्माण, पैदल चलने लायक भी नहीं बची सड़क



**सतना, देशबन्धु।** सीवर लाइन और सड़कों के निर्माण से बाजार का हाल क्या हुआ, यह सभी जानते हैं। व्यापारी खासे नाराज हैं और चौपट हो चुके व्यापार के लिए शहर सरकार को कोस रहे हैं। नेता व्यापारियों की उम्मीद पर खरा नहीं उतर पाए तो अफसरों पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। कुछ दिनों बाद बरसात शुरू हो जाएगी, ऐसे में बाजार में कदम रखने में भी सहारा लेना पड़ेगा। इन्हीं नाराज व्यापारियों का गुस्सा शांत करने के लिए सांसद गणेश सिंह और महापौर योगेश कुमार ताम्रकार बाजार की खस्ताहाल सड़कों पर पहुंचे।

यहां सीवर लाइन एवं सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता, गति एवं नागरिक सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने, नागरिकों को होने वाली असुविधाओं को न्यूनतम करने तथा कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती पांडेय, चित्रकूट विकास प्राधिकरण अध्यक्ष विजय यादव, स्पीकर राजेश चतुर्वेदी, एसडीएम राहुल सिलाडिया, नगर निगम कमिश्नर शेर सिंह मीना भी मौजूद रहे।



### नामांकन पत्र की निष्पक्ष जांच हो

**सतना, देशबन्धु।** राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन द्वारा कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी रहीं। सुश्री मीनाक्षी नटराजन जी के नामांकन पत्र को निरस्त किये जाने के मामले में निष्पक्ष जांच एवं उचित कार्यवाही की मांग को लेकर जिलाध्यक्ष प्रकाश बुधौलिया ने ज्ञापन सौंपा। उन्होने कहा कि यदि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं तो उसकी निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है। ताकि जनता का विश्वास लोकतांत्रिक संस्थाओं में बना रहे। लोकतंत्र की निष्पक्षता एवं चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाये रखने के लिए मामले की निष्पक्ष जांच कर न्यायसंगत कार्यवाही की मांग की गई है। इस कार्यक्रम में उपस्थित राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन की राष्ट्रीय संयोजक सीमा बागरी, राजीव बैरागी, बीएल यादव निराला, अमित गोयल अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


### कार्यालय कलेक्टर, जनजातीय कार्य विभाग, जिला सतना (म.प्र.)

क्रमांकः ज.का.वि. / KSP / विज्ञापन / 2026 /601 सतना, दिनांकः 11/06/2026

**आराजी क्रमांक 284, रकबा 4.1680 हेक्टेयर, ग्राम बेलहटा संबंधी सार्वजनिक सूचना**

संदर्भः प्रकरण क्रमांक 800/अनु.अधि. रघु./प्रावक-प्रथम/2026, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), रघुराजनगर, जिला सतना, दिनांक 19.05.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनजातीय कार्य विभाग, जिला सतना द्वारा कन्या शिक्षा परिसर भवन के निर्माण हेतु ग्राम बेलहटा, हल्का बेलहटा, तहसील रघुराजनगर, जिला सतना स्थित शासकीय भूमि के संबंध में आवेदन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), रघुराजनगर के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जो वर्तमान में विचाराधीन है। प्रस्तावित शासकीय भूमि का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. | ग्राम / हल्का का नाम | आराजी क्रमांक | कुल रकबा (हेक्टेयर) | प्रस्तावित निर्माण/प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम - बेलहटा (हल्का -बेलहटा) | 284 | 4.1680 | कन्या शिक्षा परिसर भवन निर्माण |

उक्त भूमि एवं प्रस्तावित निर्माण के संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर आवश्यक दस्तावेजों सहित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), रघुराजनगर, जिला सतना के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है।

निर्धारित अवधि में कोई दावा/आपत्ति प्राप्त न होने पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

जिला संयोजक,
जनजातीय कार्य तथा अनु. जाति
विकास, जिला सतना (म.प्र.)

G-14422/26

स्वच्छता ही सेवा

# बस में सवार फौजी के बैग से 15 लाख की चोरी

## पत्नी व बच्चों के साथ महाराष्ट्र से बनारस जा रहा था सीआरपीएफ जवान, गढ़ थाना क्षेत्र की घटना



**रीवा देशबन्धु।** जिले के गढ़ थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे स्थित एक ढाबे में खड़ी यात्री बस में चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। चोरो ने बस मे सवार सीआरपीएफ जवान के बैग से लगभग 15 लाख र कीमती सोने चांदी के गहनों को पार कर दिया है । फिलहाल यह पूरी वारदात बस में लगे सीसीटीवी कैमरे में क़ैद हुई है। हालांकि चोरों ने सीसीटीवी कैमरे को डिस्टर्ब करना चाहा, लेकिन तब भी चोरों की शक्ल कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित सैनिक द्वारा इस घटना की शिकायत गढ़ थाना में दर्ज कराई गई है, जिसके बाद पुलिस चोरो की पहचान और उनकी पता तलाश शुरु कर दी है।

**सीसीटीव्ही में कैद हुई घटना, ढ़ाबे में खड़ी बस मे हुई घटना**

घटना के संबंध सीआरपीएफ जवान ने बताया गया कि वह अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र से बनारस की ओर जाने वाली यात्री बस से सफर करके आ रहे थे, तभी रीवा मे गढ़ थाने के पास सड़क किनारे बने एक ढाबे में बस रुकी जहां फ्रेश होने के लिए सभी बस यात्री उतरे थे। सैनिक के साथ उनकी पत्नी और बच्चे थे। पत्नी और बेटी सैनिक के साथ बस के नीचे उतरकर फ्रेश होने चले गए और उनका 4 वर्ष का बच्चा सीट पर सो रहा था। जब वह लौट कर आए तो बैग का पूरा सामान बिखरा हुआ था और चोरों ने 9 तोला सोने के गहने और चांदी के अन्य आभूषण चोरी कर लिए थे।



सैनिक की शिकायत पर गढ़ थाना में रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है, वाही बस मे लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने के लिए पुलिस सक्रिय हो गई है। फिलहाल सामने आए सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि दो लोग बस के अंदर घुसते हैं। फुटेज मे बस की गेट पर एक महिला और एक व्यक्ति गेट के ऊपर रैकी करते नजर आ रहे है और एक व्यक्ति बस के अंदर घुसकर चोरी कर रहा है। फिलहाल दोनों चोरों की शक्ल सीसीटीबी मे साफ नजर आ रही है जिनकी पहचान बताने वाले को सैनिक ने इनाम देने की घोषणा की है ।

# डांस चैम्पियनशिप में कलाकारों ने बिखेरा प्रतिभा का रंग,प्रयागराज के प्रतिभागियों का रहा दबदबा




**रीवा देशबन्धु।** डिसेंट डांस परिवार द्वारा कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित विंध्या डांस चैम्पियन शिप में विंध्य सहित उत्तर प्रदेश के कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया।

प्रतियोगिता में रीवा के साथ-साथ सतना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, कटनी, जबलपुर, डिंडोरी, प्रयागराज, वाराणसी एवं सोनभद्र से आए प्रतिभागियों ने नृत्य कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने निर्णायक मंडल को प्रभावित किया, वहीं ऑडिटोरियम में उपस्थित हजारों कला प्रेमी देर तक तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन करते रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आयोजन के संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी गुरमीत सिंह मंगू उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में समाज सेवी गौरव तिवारी, पार्षद अकरम अंसारी, मनीष नामदेव, सूफिया बेगम, हिंदू धर्म परिवार के नगर अध्यक्ष अनिल मिश्रा, समाज सेवी अविराज, अधिवक्ता सुनील अग्रवाल, मयंक गोयल एवं श्रीप्रकाश तोमर मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत डिसेंट डांस परिवार के संचालक राजीव वर्मा (गुड्डू), श्रीमती एकता वर्मा, संतोष जायसवाल एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में मॉम्स, स्टार जूनियर सोलो, जूनियर सोलो, ग्रुप डांस, ड्यूट जूनियर, ड्यूट सीनियर एवं सीनियर सोलो वर्गों में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विजेताओं एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सार-समाचार

### मलेरिया रथ को अपर कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखा किया रवाना



**रीवा देशबन्धु।** मलेरिया रोग से बचाव के लिए जिले भर में मलेरिया रथ से जागरूकता संदेश दिए जा रहे हैं। कलेक्ट्रेट परिसर से अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने हरी झण्डी दिखाकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए गए मलेरिया रथ को जिले भर में भ्रमण के लिए रवाना किया। इस संबंध में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. केबी गौतम ने बताया कि जिन गांवों में मलेरिया से पीड़ित रोगी अधिक संख्या में मिले हैं उन क्षेत्रों में रथ भ्रमण करेगा। यह रथ हाट बाजारों का भी भ्रमण करेगा। इसमें खून की जाँच की भी व्यवस्था की गई है। इसके साथ-साथ मलेरिया से प्रभावित होने वाले क्षेत्र में 40 ग्राम पंचायतों में भी मलेरिया और वर्षाजनित रोगों से बचाव के लिए जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं।

### समूचे विन्ध्य की नारी शक्ति को साहित्य क्षेत्र में दी जायेगी अग्रणी पहचानः प्रिंसू दुबे

**रीवा देशबन्धु।** समूचे विंध्य की नारी शक्ति को साहित्य क्षेत्र में अग्रणी पहचान बनाने विन्ध्य काव्य-साहित्य परिषद कलम परिवार ने अपनी महिला शाखा का विस्तार किया है। संस्थापक नारायण डिगवानी वरिष्ठ अध्यक्ष नागेन्द्र मिश्रा मणी की अनुशंसा पर महिला शाखा अध्यक्ष डॉ. अरूणा पाठक आभा, कार्यकारी अध्यक्ष रश्मी शुक्ला किरण, महासचिव प्रिसू अनिरूद्ध दुबे की सहमति से नगर की 31 महिला महिला रचनाकारों को सम्मान के साथ कार्य कारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। यह जानकारी प्रचार सचिव स्नेहा त्रिपाठी खनक ने देते हुये बताया महिलाओं को मंचीय शोभा बनाने की परम्परा को खत्म करने खुला मंच प्रदान करने कलम परिवार ने बीड़ा उठाया है। प्रतिभाओं को आगे लाने कवियित्री सम्मेलन कराने की नगर में शुरूआत हो चुकी है जिसको आने वाले समय में विषाल मंच में परिवर्तित किया जायेगा।

### नगरीय निकाय एवं पंचायतों की मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम संशोधित

**अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को**

**रीवा देशबन्धु।** राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब प्रारूप मतदाता सूची में दावे-आपत्ति 25 जून तक लिये जायेंगे।

दावे-आपत्तियों का निराकरण 2 जुलाई तक किया जायेगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को किया जायेगा। पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जुलाई को होना था। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिये निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करना सुनिश्चित करें।

# जलभराव वाले क्षेत्रों एवं व्यवस्थाओं का निगमायुक्त ने लिया जायजा

**वार्ड 27, 28, 29, 43, 44 एवं 45 का किया गया भ्रमण एवं निरीक्षण**



**रीवा देशबन्धु।** निगम आयुक्त अक्षत जैन ने सोमवार को शहर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए वार्ड क्रमांक 27, 28, 29, 43, 44 एवं 45 का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों, पेयजल आपूर्ति, सीवरेज, जलभराव वाले क्षेत्रों तथा नागरिक सुविधाओं से संबंधित कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान विभिन्न वार्डों में नाली निर्माण, नालियों की सफाई, सीवरेज लाइन, पेयजल आपूर्ति, सड़क एवं रोड रेस्टोरेशन कार्यों से संबंधित समस्याओं से निगम आयुक्त को अवगत कराया गया, जिस पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने वार्डों में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। वार्ड 27 में भ्रमण के दौरान उन्होंने जर्जर सुलभ शौचालय को हटाकर उक्त भूमि पर नया प्रोजेक्ट विकसित करने के निर्देश दिए। वार्ड 28 में वाटर लाइन के शेष 20 प्रतिशत कार्य को तीन दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही आयुक्त ने कहा कि सभी नागरिकों को वाटर कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित किया जाए तथा जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जागरूकता बढ़ाई जाए, जिससे कनेक्शन के बाद रोड रेस्टोरेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण हो सके। वार्ड 29 में स्थित अति जर्जर भवन पर आवश्यक कार्यवाही करने तथा रानी अडार क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति संबंधी समस्या का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही वार्ड में नालियों की नियमित सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

भ्रमण के दौरान पार्षद मनीष नामदेव, श्रीमती ज्योति पासा, श्रीमती ज्योति नामदेव, श्रीमती अर्चना मिश्रा, गंगा प्रसाद यादव, कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री पीएन शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार, दीपक तोमर, जनप्रतिनिधि अमृत लाल मिश्रा, कबीर पासा, राजेश नामदेव, सुभाष कुशवाहा एवं अन्य मौजूद रहे।

# कारागारों में योग सप्ताह का हुआ शुभारंभ



**रीवा देशबन्धु।** कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं संरक्षक मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा केन्द्रीय कारागार रीवा, उप जेल त्योंथर व उप जेल मउगंज में बंदियों हेतु ऑनलाईन माध्यम से योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। योग कार्यकम 15 जून से प्रारंभ होकर अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक संचालित होगा। केन्द्रीय कारागार रीवा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा, जेल अधीक्षक सतीष उपाध्याय, जेल उपाधीक्षक संजीव गेंदले, श्याम सिंह कुशवाहा व जेल के बंदीगण द्वारा योग सप्ताह के शुभारंभ के उपरांत योग गुरु आदर्श पाण्डेय के निर्देशन में योगाभ्यास किया गया।

# प्रांतीय कार्यशाला 'उद्दीपन' का हुआ सफल आयोजन





**रीवा देशबन्धु।** भारत विकास परिषद, विंध्य प्रांत की प्रांतीय कार्यशाला 'उद्दीपन' 2026-27 का सफल एवं गरिमामय आयोजन रीवा शाखा के आतिथ्य में द्वारिका नगर रीवा स्थित दुल्हन मैरिज गार्डन में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में विंध्य प्रांत की 12 शाखाओं से 112 दायित्व धारी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में प्रांतीय पदाधिकारियों का दायित्व ग्रहण एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के लोकप्रिय जननायक, विकास पुरुष, स्वास्थ्य मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नव-निर्वाचित प्रांतीय पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। अपने प्रेरणादाई उद्बोधन में उन्होंने भारत विकास परिषद को एक संस्कारित, स्वस्थ, समृद्ध एवं समाजोपयोगी संस्था बताते हुए कहा कि परिषद सेवा, संस्कार, सहयोग, समर्पण एवं संस्कृति के पांच प्रमुख प्रकल्पों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने संस्था के कार्यों को और अधिक व्यापक बनाने हेतु सभी सदस्यों से सहयोग का आह्वान किया।

कार्यक्रम में रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी, रीजनल महासचिव सुधीर अग्रवाल रीजनल ऑडिटर सीए सत्यम केसरवानी एवं रीजनल संपर्क संयोजक शक्ति सुमन जौहरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यशाला के दौरान विंध्य प्रांत के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा। पहली बार एक ही दिन में रीवा शाखा के सचिव राजेन्द्र ताम्रकार को 'विकास रत्न' की उपाधि से सम्मानित किया गया, वहीं 12 सदस्यों को 'विकास मित्र' घोषित किया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व विंध्य प्रांत में केवल एक ही विकास मित्र थे।

# पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत विशेष शिविरों में 265 आवेदन प्राप्त



*आज भी चारों जोनों में जारी रहेंगे शिविर*

**रीवा देशबन्धु।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देश एवं जिला कलेक्टर के आदेश के अनुक्रम में नगर पालिक निगम रीवा द्वारा ''लोक कल्याण मेला'' के तहत प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत 15 जून को नगर निगम के चारों जोनों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया।

पीएम स्वनिधि योजना के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान में पथ विक्रेताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। शिविरों में बड़ी संख्या में पथ विक्रेताओं ने पहुंचकर योजना का लाभ उठाया। अभियान की निरंतरता में 15 जून को आयोजित शिविरों में चारों जोनों से कुल 265 आवेदन प्राप्त हुए। निगम आयुक्त अक्षत जैन के निर्देशानुसार 12 जून से 22 जून तक विशेष अभियान के तहत नगर निगम के सभी जोनों में शिविर लगाए जा रहे हैं।

# मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होना लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्यायः इंजी. राजेन्द्र शर्मा



**रीवा देशबन्धु।** कांग्रेस पार्टी की राज्य सभा की उम्मीदवार सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होना लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है, कांग्रेस उम्मीदवार का नामा ंकन निरस्त किया जाना केवल एक उम्मीदवार के साथ अन्याय का मामला नही है, बल्कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया, निष्पक्ष चुनाव और संवैधानिक मूल्यों पर गंभीर प्रहार है, यह बातें जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कांग्रेस कार्यालय में उपस्थित पत्रकार बंधुओं एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के साथियों से चर्चा करते हुये कही।

श्री शर्मा ने कहा कि आज यह पत्रकार वार्ता न केवल हमारे जिले मे वरन् पूरे प्रदेश के हर जिलों मे आयोजित कर भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकतंत्र को कुचलने की शाजिस को जनमानस के बीच में उजागर करने के लिये आयोजित की जा रही है। नटराजन के पर्चा की वैधता पर बोलते हुये उन्होने कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 33ए और फार्म 26 की व्यवस्था का उद्देश्य उन आपराधिक मामलों की जानकारी प्राप्त करना है जिनमे उम्मीदवार के विरूद्ध विधिवत आपराधिक कार्यवाही चल रही हो तथा कानून के अनुरूप आवश्यक प्रकटीकरण आपेक्षित हो, जिस आधार को नामांकन निरस्त करने का कारण बनाया गया वह इन प्रावधानों की भावना और व्याख्या से मेल नही खाता है, यदि किसी उम्मीदवार के नामांकन को ऐसे आधारों पर निरस्त किया जायेगा तो भविष्य में किसी भी उम्मीदवार के लिये अनिश्चितता एवं मनमानी की स्थिति पैदा कर सकता है। पत्रकार वार्ता मे प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, कांग्रेस नेता गिरीश सिंह, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, वसीम राजा, सिद्धनाथ पाण्डेय, कमलेश्वर पटेल, भूपेन्द्र सिंह, जी.पी. त्रिपाठी उपस्थित रहें।

# जनकल्याण शिविर में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाईः कलेक्टर



**रीवा देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि जनकल्याण शिविर में सभी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाएं। प्रतिदिन आमजनता से प्राप्त आवेदन पत्रों को भी इसमें दर्ज करें। नगर निगम रीवा में शिविरों के माध्यम से स्वनिधि योजना के पात्र सभी हितग्राहियों के आवेदन दर्ज कराएं। यहाँ हजारों लोग छोटे-छोटे व्यवसाय कर रहे हैं। सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी भी स्वनिधि योजना के आवेदन भरवाएं। अग्रणी बैंक प्रबंधक इन आवेदन पत्रों को स्वीकृति दिलाकर हितग्राहियों को ऋण राशि का वितरण कराएं। एसडीएम जनकल्याण शिविरों में आवेदन पत्रों के दर्ज होने और निराकरण की मानीटरिंग करें। आवेदन पत्रों का निराकरण पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। जनकल्याण शिविरों में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## सीएम हेल्पलाइन में 18 जून तक 85 वेटेज स्कोर प्राप्त करें: कलेक्टर

कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में सभी अधिकारी 50 दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों को निराकृत कराएं। इसमें संभागीय स्तर के एल-3 अधिकारियों के पास लंबित प्रकरणों का भी शत-प्रतिशत निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन में प्रकरण के नान अटेंडेंड रहने पर संबंधित अधिकारी के वेतन काटने की कार्रवाई की जाएगी। सभी अधिकारी प्रकरणों के निराकरण का संतुष्टि प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास करें। सीएम हेल्पलाइन में 18 जून तक 85 प्रतिशत वेटेज अंक अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। कलेक्टर ने प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर वन, उद्यानिकी, आयुष तथा पिछड़ावर्ग के अधिकारियों को नोटिस देने के निर्देश दिए। सभी एसडीएम और तहसीलदार सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने कहा कि 70 से कम वेटेज अंक वाले जनपद के सीईओ तथा सीएमओ को भी कारण बताओ नोटिस दें।

कलेक्टर ने कहा कि सभी फाइलें और पत्र ई आफिस से ही भेजें। अभी भी जनपदों तथा तहसीलों में ई आफिस के माध्यम से बहुत कम फाइलों का मूवमेंट हुआ है। सभी तहसीलदार और जनपद के सीईओ इस पर विशेष ध्यान दें। जिला आपूर्ति अधिकारी गेंहू उपार्जन की अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मिशन कर्मयोगी के तहत सभी अधिकारी और कर्मचारी ऑनलाइन प्रशिक्षण अवश्य लें। कार्यालय प्रमुख तीन दिन में प्रशिक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में कलेक्टर ने खराब हैण्डपंपों के सुधार, खाद और बीज के वितरण, प्राकृतिक खेती के बढ़ावा देने के प्रयासों तथा कलेक्टर कान्फ्रेंस के एजेंडा बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही के निर्देश दिए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मप्र में बनेगा....

साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने समय रहते डिजिटल व्यवस्था को मजबूत करने और संभावित खतरों के प्रति समाज को जागरूक करने का कार्य किया है। जनधन खातों और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) जैसी व्यवस्थाओं ने पारदर्शिता बढ़ाने के साथ लाभार्थियों तक योजनाओं का पूरा लाभ पहुंचाने में अहम योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध और डीपफेक जैसी नई चुनौतियों से मुकाबले के लिए केवल प्रतिक्रिया आधारित नहीं, बल्कि पूर्वानुमान और सतत निगरानी पर आधारित व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता है। प्रस्तावित रिसर्च सेंटर साइबर हमलों की समय रहते पहचान और रोकथाम में भी मदद करेगा। कार्यशाला में प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एम. सेलवेंद्रन ने कहा कि मध्यप्रदेश डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में शामिल है। राज्य के कई विभागों को डिजिटल नवाचारों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिल चुका है। उन्होंने कहा कि नागरिकों के डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करना वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है और इसी उद्देश्य से साइबर सुरक्षा तंत्र को और मजबूत किया जा रहा है। देशभर से आए विशेषज्ञों ने कार्यशाला में साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न नीतिगत और तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की।


## नाम सुधार सूचना

निवेदन है कि मैं श्रीमति कल्पना देवी पति श्री राजभान सिंह, निवासी- ग्राम अटारी, पोस्ट रघुराजगढ़, 547 मनगवां, तह. मनगवां, जिला रीवा का निम्नलिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत करती हूं :-

1. यह कि, मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूं।

2. यह कि, मेरे आयकर विभाग के पेनकार्ड HIQPS8897J में मेरा नाम एवं मेरे आधार कार्ड नं. कल्पना सिंह पिता प्रताप सिंह एवं मेरे आधार कार्ड नं. 3728-4128-2984 में मेरा नाम कल्पना सिंह उर्फ सीता कली सिंह पत्ति राजभान सिंह अंकित है जो कि गलत है जो कि मेरे विवाह के पूर्व का मायके का नाम था।

3. यह कि, मेरे स्थानीय निवास प्रमाण पत्र मे मेरा नाम कल्पना देवी पति राजभान सिंह, भारत निर्वाचन आयोग (वोटर आई.डी. कार्ड) मे मेरा नाम कल्पना देवी पति राजभान सिंह एवं पी.पी.ओ. मे मेरा नाम कल्पना देवी अंकित है। जो कि सही है।

4. यह कि, कल्पना देवी एवं कल्पना सिंह उर्फ सीता कली सिंह एक ही महिला के नाम है जो कि मैं हूं।

5. यह कि, मेरे आयकर विभाग के पेन कार्ड मे मेरा नाम कल्पना सिंह एवं मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम कल्पना सिंह उर्फ सीता कली सिंह को संशोधित कराने हेतु सही नाम कल्पना देवी दैनिक अखबार मे प्रकाशन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत है। अतः प्रकाशन उपरांत मेरे शासकीय एवं अर्धशासकीय दस्तावेजों मे मेरा नाम कल्पना देवी पति राजभान सिंह किये जाने के बाद मुझे एक ही नाम कल्पना देवी पति राजभान सिंह के नाम से जाना व पहचाना जावे।

स्थान-रीवा
दिनांक / /2026

प्रार्थिया
श्रीमति कल्पना देवी

र.नं. 998

देशबन्धु

सतना, मंगलवार 16 जून 2026

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# लोकतांत्रिक गिरावट की पराकाष्ठा

वैसे तो 2014 में सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र को लगातार गर्त में ले जा रही है, परन्तु पश्चिम बंगाल में वहां की सत्ता से हट गयी तृणमूल कांग्रेस पार्टी को रातों-रात तोड़कर उसका जो हश्र किया गया है, वह शायद गिरावट का सबसे निचला स्तर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में अनेक ऐसे कारनामे किये गये हैं जो लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गयी किसी सरकार के लिये बहुत शर्मनाक है।

इस बात का लम्बा हिसाब लगाया जा सकता है कि केन्द्र सरकार में आने के बाद अपनी जांच एजेंसियों, अलग-अलग ढंग से जुटाये गये पैसों और बेहिचक गैर-लोकतांत्रिक तरीके अपनाते हुए भाजपा ने कई राज्यों में गैरभाजपा सरकारों में तोड़-फोड़ की, अनैतिक तरीकों से केन्द्र के अधीन मौजूद ताकत का बेजा इस्तेमाल करते हुए भारतीय लोकतंत्र की नींव को हिलाकर रख दिया है।

वैसे तो प. बंगाल में भाजपा बड़े अंतर से न केवल जीती वरन सरकार बनाने के लिये उसके पास साफ बहुमत भी उपलब्ध हो गया है। ऐसे में सवाल हो सकता है कि इसके बावजूद टीएमसी को संसद में तोड़ने की ज़रूरत है? यह अन्य दलों को साफ संकेत हैं कि आगे जाकर उनका भी यही हश्र होगा। इसे अगले वर्ष होने जा रहे उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों से भी जोड़ा जा रहा है।

यह भी साफ हो गया है कि भाजपा अब न केवल विपक्षी दलों को तोड़ेगी वरन हर पार्टी के कथित बागी उम्मीदवारों को निर्दिष्ट भी करेगी कि उन्हें फिलहाल किस दल में शामिल होना है। अब तक तो यही होता आया है कि अपनी पार्टी को किसी भय या लालच के चलते छोड़ने वाले विधायक या सांसद सीधे भाजपा का रुख करते थे। चाणक्यगिरी का सम्भवतः यह नवाचार है कि टीएमसी के बागी 19-20 सांसदों को कुछ वक्त पहले हावड़ा में बनी और त्रिपुरा में चुनाव लड़ने वाली नेशनलिस्ट सिटीजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में शामिल होने के लिये कहा गया। इस घटनाक्रम से एनसीपीआई का नाम लोग जान पाये हैं। राज्य में वह भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का घटक दल है। हालांकि इसकी संस्थापक अध्यक्ष शिवली कुंडू और संगठन सचिव शांतनु डे का कहना है कि इसकी जानकारी उन्हें सोशल मीडिया के जरिये मिली। वैसे शिवली का कहना है कि काफी अरसा पहले वे इस पद को छोड़ चुकी हैं तथा अब उसका अध्यक्ष कौन है- वे नहीं जानतीं। हालांकि शांतनु ने टीएमसी से आने वाले बागी सदस्यों का अपनी पार्टी में स्वागत किया है।

अगर एनसीपीआई की राजनीतिक ताकत की बात करें तो इस दल के केवल दो सदस्यों ने 2023 के विधानसभा चुनाव में भागीदारी की थी। दोनों को मिलाकर कुल 822 वोट मिले थे। स्वाभाविकत: उसके किसी भी सदस्य को विधानसभा में प्रवेश नहीं मिला था। दोनों की जमानत जब्त हो गयी थी। कल्पना कीजिये भारतीय लोकतंत्र की विद्रूपता का जहां ऐसी पार्टी के 19-20 लोकसभा सदस्य हैं जिसे कुल प्राप्त मतों की संख्या तिहाई में सिमटी हुई है। जैसा अक्सर कहा जाता है कि किसी पार्टी को छप्पर फाड़ पैसे या वोट मिलते हैं, एनसीपीआई के बारे में कहा जा सकता है कि उसे छप्पर फाड़ सांसद मिले हैं। शायद अपनी राजनीति के बल पर उसे यह उपलब्धि कभी हासिल नहीं हो सकती थी। बस, यही वह 'चाणक्यगिरी' है जो देश के लोकतंत्र को मटियामेट कर रही है।

टीएमसी के सदस्यों पर गाज गिरेगी- यह तो पहले से ही तय था। इन ज्यादातर सांसदों में बेहद तेज़-तर्रार लोग हैं जिनके पिछले एक या दो कार्यकाल बेहद उपयोगी रहे हैं। वे न सिर्फ जनता की आवाज उठाते थे, बल्कि वे सशक्त प्रतिरोध के सच्चे प्रतिनिधि लगते थे। विपक्षी दलों की कम संख्या के बावजूद टीएमसी के कई सदस्यों की ओर पूरा देश आशा भरी निगाहों से देखा करता था। ममता के खुद का विधानसभा चुनाव हारने के बाद यहां तक कहा जाने लगा था कि सायोनी घोष पार्टी की भावी नेता हैं। उनसे उम्मीद थी कि ममता की तरह न केवल उनकी आक्रामकता बरकरार रहेगी बल्कि वे टीएमसी की धार को और चमकाएंगी।

मजेदार यह है कि जिस धर्मनिरपेक्ष चरित्र व विश्वासों के चलते ममता ने तीन मुस्लिमों को सांसद बनाया था, वे भी एनसीपीआई का दामन थाम चुके हैं। इन सभी लोगों ने विधानसभा अध्यक्ष ओम बिरला से दिल्ली जाकर न केवल खुद को टीएमसी से अलग होने की घोषणा की, वरन सदन में अलग बैठने की भी मांग की है। कहना न होगा कि ऐसे मामलों में बिरला वही फैसला करते हैं जो भाजपा के अनुकूल होते हैं। एक-दो दिनों में शायद इसकी विधिवत घोषणा भी हो जाये- मोदी-शाह की मंशा व निर्देशों के अनुकूल।

टीएमसी के थोड़े-बहुत बचे हुए लोगों को डराने के लिये प.बंगाल की नयी भाजपा सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। चुनावी नतीजों की रात को टीएमसी, कांग्रेस व साम्यवादी दलों के दफ्तरों को जलाया गया, सांसदों के घरों में जांच एजेंसियों की छापेमारी जारी है, फाल्टा से हारने वाले जहांगीर खान को पुलिस उनके क्षेत्र में सरेआम परेड करा रही है तो ये बचे-खुचों को एनसीपीआई में शामिल होने का संदेश है।

भाजपा जो करेगी वह करेगी ही, इंडिया गठबन्धन से न जुड़ने अथवा मिल-जुलकर चुनाव न लड़ने का भारी खामियाजा टीएमसी को भुगतना पड़ा है। यह संदेश सभी विपक्षी दलों के लिये है।

# जिबह किया जाता जनतंत्र!

अपनी बंगाल फतेह को विधानसभा से आगे ले जाने और वास्तव में सीधे लोकसभा फतेह तक पहुंचाने में, मोदीशाही को जरा भी देर नहीं लगी है। 4 मई को विधानसभा चुनाव में बंगाल में उसकी जीत का ऐलान हुआ और इसके मुश्किल से एक महीना दस दिन बाद, 14 जून को काकोली घोष दस्तीदार के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा ग्रुप के बागी सदस्यों ने, स्पीकर ओम बिड़ला से मुलाकात की और बागी गुट के उन्नीस-बीस सांसदों के हस्ताक्षरों के साथ एक ज्ञापन देकर, लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस ग्रुप से अलग बैठाए जाने की मांग की।

पर तृणमूल कांग्रेस के ममता वफादार गुट द्वारा इससे पहले ही स्पीकर से मुलाकात कर, उन्हें याद दिलाया जा चुका था कि दल-बदलविरोधी कानून के अनुसार और खासतौर पर शिव सेना के विभाजन के प्रकरण में 2022 में सुप्रीम कोर्ट के सीमित निर्णय के अनुसार, तृणमूल के बागी गुट को लोकसभा में एक अलग गुट के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती है। कानून के जानकारों के अनुसार, किसी राजनीतिक पार्टी के विधायी दल के दो-तिहाई सदस्यों के अलग होने की सूरत में भी, उन्हें दलबदल-विरोधी कानून के अंतर्गत अयोग्यता से तभी सुरक्षा मिल सकती है, जब मूल पार्टी का किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में विलय हो रहा हो या उनके विलय से कोई नयी पार्टी बन रही हो। शिव सेना प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया था कि यहां विलय से आशय राजनीतिक पार्टी के विलय से है, न कि विधायी ग्रुप के दो-तिहाई या उससे अधिक के विलय से।

बहरहाल, दल-बदल विरोधी कानून के प्रावधान, बागी तृणमूल सांसदों के कदमों को और सच पूछें तो उनके पीछे आधे प्रकट तथा आधे परोक्ष रूप से काम कर रहे संघी-भाजपायी 'चाणक्यों' के कदमों को नहीं रोक सकते थे, नहीं रोक पाये। बेशक, यह कोई संयोग ही नहीं था कि स्पीकर ओम बिड़ला से मुलाकात की बागी गुट की कार्यनीति, इस मुलाकात से ठीक पहले हुई केंद्र सरकार के मंत्री, भूपेंद्र यादव के घर पर बैठक में तैयार की गयी थी। बिड़ला से मुलाकात के बाद, बागी गुट के प्रवक्ताओं ने दो महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। पहली, जो कि इस गुट के खड़े किए जाने तथा उसके लिए दो-तिहाई का आंकड़ा जुटाए जाने की कसरत शुरू होने के बाद से ही स्पष्ट थी—यह गुट नरेंद्र मोदी सरकार के हाथ मजबूत करेगा और इस तरह कथित रूप से अपने चुनाव क्षेत्रों के विकास का रास्ता बनाने के लिए करेगा।

दूसरी घोषणा थी, बागी गुट के एनसीपीआई में विलय के निर्णय की। जाहिर है कि इस गुट द्वारा इस फैसले की जानकारी, लोकसभा स्पीकर को भी दी गयी थी। समझना मुश्किल नहीं था कि इस पैंतरे का मकसद, कम से कम कागजी तौर पर दलबदल-विरोधी कानून की, टूटने वाले गुट के किसी अन्य पार्टी में विलय की शर्त पूरी करना है। काफी खोज-बीन करने पर पता चला कि नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) तीन-चार साल पहले त्रिपुरा में बनायी गयी, एक गैर-मान्यताप्राप्त किंतु रजिस्टर्ड पार्टी है, जिसका पिछले विधानसभा चुनाव में त्रिपुरा में तीन सीटों पर उम्मीदवार खड़े कर 800 वोट हासिल करने से ज्यादा कोई विधायी अस्तित्व नहीं था। अचानक यह अनाम पार्टी 20 लोकसभा सदस्यों के साथ, चौथी सबसे बड़ी पार्टी बनने जा रही है!

यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि कथित विलय ऐसी अनाम पार्टी में ही क्यों, खुद भाजपा में क्यों नहीं? बेशक, एक किस्त में इतनी बड़ी संख्या में तो नहीं, फिर भी विपक्षी पार्टियों के सांसदों को भाजपा में मिलाने का खेल, मोदी निजाम के लिए



राजेंद्र शर्मा

**महिला आरक्षण को लागू करने की आड़ में, परिसीमन लागू करने के इस खेल को, संसद के पिछले सत्र में एकजुट विपक्ष ने शिकस्त दे दी थी। लेकिन, उसके बाद से विपक्ष की न उतनी ताकत रह गयी है और न विपक्ष उतना एकजुट नजर आता है। वास्तव में तृणमूल की टूट और द्रमुक के इंडिया ब्लाक से अलग होने ने ही, संघ-भाजपा में इसकी उम्मीदें जगायी लगती हैं।**

कोई नया नहीं है। विधानसभा चुनावों के हालिया चक्र से जरा सा पहले ही, आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सदस्यों को, इसी तरह बागी बनवा कर भाजपा में शामिल किया गया था। सात की ही संख्या इसलिए कि राज्यसभा में आप पार्टी के कुल 10 सदस्य थे और 7 सदस्यों से दो-तिहाई की शर्त पूरी हो जाती है। इससे पहले, 2019 के विधानसभा तथा लोकसभा चुनाव में तेलुगू देशम की हार के बाद, उसके चार राज्यसभा सदस्यों का भी इसी तरह से भाजपा में विलय कराया गया था। तब बागी तृणमूल सांसदों का सीधे भाजपा में ही विलय क्यों नहीं, जबकि इतना तो साफ ही है कि इस गुट को, भाजपा के पुछल्ले के रूप में काम करने के लिए ही तोड़ा गया है।

इसके तीन कारण हो सकते हैं, जो सभी एक साथ भी मौजूद हो सकते हैं। पहला यह कि चुनाव आयोग की भांति-भांति की मदद के अलावा, जिस तृणमूल के भ्रष्टाचार से लेकर हिंसा तक के आख्यानों के सहारे, संघ-भाजपा ने चुनावी फतेह हासिल की है, उसके सांसदों और खासतौर पर लोकसभा सदस्यों को थोक के भाव भाजपा में लाकर पचा पाना, संघ-भाजपा के जबर्दस्त हाजमे के लिए भी मुश्किल हो सकता है। हरेक तृणमूल लोकसभा सदस्य, जिस भाजपा उम्मीदवार को हराकर लोकसभा पहुंचा है, उसके साथ एक ही पार्टी में आसानी से तो एडजस्ट नहीं ही हो सकता है। इससे कहीं बेहतर विकल्प यह होगा कि सुरक्षित दूरी रखकर, संघ-भाजपा बाद में छांट-छांटकर अपने लिए विशेष उपयोगी नेताओं को अपने साथ मिला ले और बाकी को कूड़ेदान में जाने दे। दूसरे, संसद में संख्याबल बढ़ाने के अलावा तृणमूल के लोकसभा सदस्यों का जनसमर्थन का दायरा बढ़ाने में अगर कोई उपयोग हो, तो शायद ज्यादा उपयोग उनके भाजपा से सुरक्षित दूरी बनाए रखने में ही हो। और तीसरा यह कि भाजपा को बखूबी पता है कि इस तरह का विलय, राजनीतिक ही नहीं कानूनी तौर पर भी विवादास्पद होगा और उसे अदालतों में चुनौती दिया जाना तय है। ऐसे में वह अपने हाथ मैले क्यों करती, जबकि अपने पाले में करीब बीस सांसद बढ़ाने के सारे लाभ उसे, तृणमूली बागियों के एनसीपीआई सदस्य कहलाने पर भी मिल ही रहे होंगे।

बेशक, तृणमूली बागी सांसद चाहे ओम बिड़ला के फैसले के बाद, अलग गुट के तौर पर मान्यता प्राप्त कर लें या एनसीपीआई के लोकसभा ग्रुप की मान्यता प्राप्त कर लें, ऐसा कोई भी फैसला विवादास्पद होगा और ज्यादा संभावना है कि उसे अदालत में चुनौती भी दी जाए। लेकिन, महाराष्ट्र में पहले शिव सेना तथा उसके बाद एनसीपी के विभाजन के प्रकरण और अभी हाल में आप पार्टी राज्यसभा सदस्यों के भाजपा के विलय को दी गयी चुनौतियों के अनुभव से यह साफ है कि व्यावहारिक रूप से, स्पीकर के फैसले से बनने वाली स्थिति, जल्दी से बदलने वाली नहीं है। मोदीशाही के जरिए जो संघ-भाजपा तंत्र साम-दाम-दंड-भेद के अपने हथियारों से, अपने विरोध में खड़ी पार्टियों का और खासतौर पर उनके निर्वाचित प्रतिनिधियों का इस तरह का विभाजन सुनिश्चित करता है, वही संघ-भाजपा तंत्र पहले ही यह भी सुनिश्चित कर चुका होता है कि उसके लिए फायदे के इस तरह के घटनाक्रम में कोई अन्य संस्था बाधा नहीं डाले। उसे पलटा तो हर्गिज नहीं जाए। जाहिर है कि बारह वर्ष के अनुभव ने उसके इस भरोसे को पुख्ता ही किया है कि जनतंत्र की कोई भी संस्था, उनके मंसूबों के आड़े आने लायक नहीं रही है।

जाहिर है कि विधानसभा चुनाव के हालिया चक्र के नतीजों से और खासतौर पर बंगाल फतेह करने के बाद से, मोदीशाही के हौसले सातवें आसमान पर हैं। इसीलिए, तृणमूल लोकसभा सांसदों के मामले को, मोदीशाही की अपनी बंगाल की फतेह का संसद का विस्तार करने की मुहिम तक ही सीमित कर के नहीं देखा जाना चाहिए। महाराष्ट्र की राजनीति के जानकारों के अनुसार, तृणमूल सांसदों की बगावत संगठित करने के दौरान ही, संघ-भाजपा के खिलाड़ी महाराष्ट्र में भी विभाजन के पिछले चक्र के जरिए पहले ही बहुत कमजोर किए जा चुके विपक्ष में, विभाजन के एक और चक्र की तैयारियों में जुटे हुए थे। उद्धव ठाकरे की शिव सेना खासतौर पर उनके निशाने पर थी, जिसके अब सिर्फ 9 लोकसभा सदस्य बचे हैं। यह दूसरी बात है कि सारी कोशिशों के बावजूद, संघ-भाजपा के हथियार के तौर पर शिंदे के लिए, छ: (यानी दो-तिहाई) बागी जुटाना संभव नहीं हुआ, जो कि दलबदल कानून के चाबुक से बचने के लिए जरूरी संख्या थी।

इसे देखते हुए, हैरानी की बात नहीं होगी कि कई राजनीतिक टीकाकारों का यह अनुमान सच निकले कि मोदीशाही, संसद के मानसून सत्र में दोबारा, महिला आरक्षण सह परिसीमन विधेयक का पैकेज देश के सिर पर थोपने की कोशिश कर सकती है। संसद में अपना संख्या बल बढ़ाने के इस जुनून के पीछे ऐसा ही कोई गहरा मकसद नजर आता है। यह किसी से छुपा नहीं है कि महिला आरक्षण की आड़ लेकर, परिसीमन को आगे बढ़ाने में ही मोदीशाही की असली दिलचस्पी है। और यह इसलिए है कि उसने समझ लिया है कि जनसंख्या अनुपात पर आधारित परिसीमन के जरिए, उत्तरी तथा पश्चिमी भारत के अपने गढ़ों का तुलनीय राजनीतिक वजन और बढ़ाने के जरिए ही, वह 2029 के चुनाव में अपनी जीत पक्की कर सकती है। 2024 के चुनाव नतीजों ने उसके आत्मविश्वास को हिला दिया है। इसीलिए, उसे सब कुछ चाहिए। उसे अपनी जेब में चुनाव आयोग भी चाहिए। उसे अपने अनुकूल मतदाता सूची भी चाहिए, जिसमें से उसकी नजरों में 'गैर-भरोसेमंद' मतदाताओं को छांटा जा चुका हो। उसे मतगणना तक मनमानी चाहिए। और इस सब के ऊपर से, ऐसा परिसीमन भी चाहिए, जिसमें 'असहयोगी' दक्षिण को छोटा किया जाए और चुनाव क्षेत्रों की सीमाएं इस तरह इलाके छांट-छांटकर बनायी जाएं, जिससे विरोधियों का दायरा छोटे से छोटा हो जाए और उसका दायरा बड़े से बड़ा। परिसीमन का यह संघी मॉडल देश, असम और जम्मू-कश्मीर में देख भी चुका है।बेशक, महिला आरक्षण को लागू करने की आड़ में, परिसीमन लागू करने के इस खेल को, संसद के पिछले सत्र में एकजुट विपक्ष ने शिकस्त दे दी थी। लेकिन, उसके बाद से विपक्ष की न उतनी ताकत रह गयी है और न विपक्ष उतना एकजुट नजर आता है। वास्तव में तृणमूल की टूट और द्रमुक के इंडिया ब्लाक से अलग होने ने ही, संघ-भाजपा में इसकी उम्मीदें जगायी लगती हैं कि वे एक बार फिर परिसीमन का रास्ता खोल सकते हैं और अगला आम चुनाव अपनी झोली में डाल सकते हैं। लेकिन, ठाकरे की शिव सेना की मुस्तैदी ने और द्रमुक के संघवाद के सिद्धांतों पर समझौता नहीं करने के ऐलान ने, संघ-भाजपा के इस संभावित खेल को विफल करने की शुरूआत भी तो कर दी है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका और विपक्ष की चुनौतियां

■ राजेश पांडेय

भारत में केंद्र और राज्य की सरकारें वयस्क मताधिकार के आधार पर चुनी जाती हैं। शहर से लेकर गांवों तक लोग अपने प्रतिनिधि का चुनाव वोट से करते हैं। सभी चुनावों में स्थानीय स्तर पर हेराफेरी की घटनाएं होती हैं। मतदान केंद्रों पर कब्जा, फर्जी वोटिंग, मतगणना में गड़बड़ी जैसे मामले सामने आते हैं। फिर भी, राष्ट्रीय स्तर पर चुनावों की शुद्धता और पवित्रता संदेह से परे रहती थी। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। पहले वोटर सरकार चुनते थे, अब सत्ताधारी पार्टी तय कर रही है कि वोटर कौन रहेगा और कौन नहीं। कम से कम मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया से तो यही तस्वीर उभरती है। धांधली के आरोपों, विसंगतियों और खामियों की कहीं सुनवाई नहीं है। संवैधानिक संस्थाओं से इंसाफ की उम्मीद खत्म होती जा रही है।

स्वस्थ और सच्चे लोकतंत्र की पहली शर्त स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हैं। अब इसकी गारंटी नहीं रही। चुनावों में गड़बड़ी के आरोपों की सूची दिन-ब-दिन लंबी हो रही है। हम दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने पर गर्व करते हैं लेकिन हकीकत एकदम अलग है। स्वयंसेवी संगठनों- एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और महाराष्ट्र स्थित वोट फॉर डेमोक्रेसी ने 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में कई विसंगतियों का जिक्र किया है। दोनों चुनावों में कुल मतदान और गिने गए वोटों की संख्या में अंतर पाया गया है। वोटिंग के आंकड़े काफी विलंब से जारी हो रहे हैं। वोटिंग के आखिरी घंटों में वोटरों की संख्या में भारी बढ़ोतरी चिंताजनक और अविश्वसनीय है। एडीआर ने चुनाव आयोग को कई मौकों पर पत्र लिखकर सभी पहलुओं की ओर उसका ध्यान आकर्षित कराया है। लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिले हैं।

**देश की वर्तमान स्थिति को देखते हुए विपक्ष को अपना हर मोर्चा दुरुस्त करना होगा। उसे हर राज्य में कड़ी चुनौती पेश करने के हालात बनाना चाहिए। जब संवैधानिक संस्थाएं अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटने लगती हैं तो उसे रास्ते पर लाने में विपक्ष दलों की एकजुटता भी अच्छा प्रभाव पैदा कर सकती है। संवैधानिक संस्थाएं सत्ता और उसके अन्य अंगों की असंवैधानिक और गैरकानूनी कार्रवाईयों को रोकने का सबसे प्रभावी औजार हैं।**

चुनाव आयोग की मनमानी पर कोई अंकुश नहीं है। इसका असर हर जगह दिखाई पड़ रहा है। आम चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव भी संदेह के दायरे में हैं। महाराष्ट्र, हरियाणा और पश्चिम बंगाल विधानसभा के चुनाव में इसके सबूत मिले हैं। अपेक्षाकृत महत्वहीन चुनाव तक धांधली की चपेट में आ रहे हैं। चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में निर्वाचन अधिकारी गड़बड़ी करते रंगे हाथों पकड़े जा चुके हैं। मध्यप्रदेश में राज्यसभा की एक सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र खारिज करने की ताजा घटना इसकी अगली कड़ी है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है।

देश की सर्वोच्च अदालत से अनियमितताओं को रोकने की उम्मीद की जाती है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को अहम मामलों में क्लीन चिट दे दी है। खासतौर से एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 27 मई को आए कोर्ट के फैसले में वोटरों के अधिकारों की रक्षा की फिक्र दिखाई नहीं देती है। कोर्ट ने कहा है कि चुनाव आयोग को एसआईआर कराने का संवैधानिक और कानूनी अधिकार है। अदालत ने यह जरूर माना है कि आयोग नागरिकता तय नहीं कर सकता है। यह केंद्र सरकार का काम है। फिर भी, एसआईआर की जटिलता और खामियों पर उसने गौर नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा चुनावों से पहले कुछ राज्यों में हड़बड़ी में कराई गई प्रक्रिया के बारे में कुछ नहीं कहा है। आयोग को किसी बिंदु पर जवाबदेह नहीं ठहराया है।

अब तक मतदाता सूची में वोटरों का नाम दर्ज करने और हटाने की प्रक्रिया पारदर्शी और आसान रही है। हर साल वोटर लिस्ट का संक्षिप्त संशोधन (समरी रिवीजन) होता है। चुनाव आयोग 18 साल से अधिक आयु के नए वोटरों को शामिल करने के लिए अभियान चलाता है। लेकिन लगता है कि एसआईआर के जरिये नाम शामिल करने के बदले हटाने की मुहिम चलाई गई है। लगातार खबरें आ रही हैं कि सबसे अधिक नाम अल्पसंख्यकों, दलितों के हटाए गए हैं। दरअसल, भारत में ऐसे लोगों की संख्या बहुत बड़ी है जिनके पास कई जरूरी दस्तावेज नहीं हैं। इनमें अधिकतर लोग कमजोर और गरीब हैं। भला सोचिए दूरदराज के कस्बों, गांवों में बैठे लोगों के लिए दस्तावेज जुटाना कितना कठिन है। गनीमत है कि सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर के जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड को शामिल कराया है। अनुमान है, 2026 के शुरुआती महीनों में 134 करोड़ लोग आधार का उपयोग कर रहे थे।

चुनाव आयोग का काम स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना है। उसे सुनिश्चित करना है कि कोई पात्र वोटर मताधिकार के इस्तेमाल से वंचित न रह जाए। लेकिन यहां उल्टा हो रहा है। एसआईआर के तहत करोड़ों वोटरों को मतदाता सूची से बाहर करने का अभियान चल रहा है। कुछ विशेषज्ञों के अनुमानों में यह संख्या लगभग साढ़े छह करोड़ बताई गई है। पश्चिम बंगाल में अप्रैल, मई में हुए विधानसभा चुनाव में तार्किक विसंगति जैसे नए मापदंड के तहत 27 लाख वोटरों का मताधिकार छीन लिया गया। तमिलनाडु में 97 लाख लोग बाहर हुए हैं। बिहार में 25 लाख वोटरों को जगह नहीं मिली है। सबसे अधिक लोकसभा सीटों के राज्य उत्तरप्रदेश में एक करोड़ से अधिक वोटर अधर में हैं। जाहिर है, ये हालात लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं हैं।

संवैधानिक संस्थाओं की चुप्पी के कारण चुनावों में मुकाबला बराबरी का नहीं रह गया है। दौड़ शुरू होने से पहले ही सत्ताधारी दल निर्णायक बढ़त की स्थिति में रहने लगा है। ऐसी स्थिति में विपक्षी दलों के सामने कठिन चुनौतियां हैं। उसके अपने विरोधाभास और मतभेद अलग हैं। कई राज्यों में उनके हित आपस में टकराते हैं। 2023 में बने इंडिया गठबंधन के सदस्य कई मौकों पर अलग दिशाओं में चलते हैं। लेकिन उसने इस वक्त एसआईआर के खिलाफ एकजुटता दिखाई है। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद 8 जून को हुई उसकी बैठक में आम राय से एसआईआर को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का इरादा जताया गया है। विपक्ष का कहना है कि एसआईआर का उपयोग चुनाव नतीजों को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है। बैठक में चिंता व्यक्त की गई कि एसआईआर से मतदाता सूचियों में गड़बड़ी करके बड़े पैमाने पर लोगों को मताधिकार से वंचित किया जा रहा है। इसने चुनावों की निष्पक्षता और पवित्रता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

एसआईआर के बारे में विपक्ष के सवाल जायज हैं। इसके बावजूद एसआईआर को नए सिरे से कानूनी चुनौती देने के नतीजों पर फिलहाल कुछ कहना मुश्किल है। कानूनी रास्ते तो ठीक हैं पर विपक्ष के लिए मैदानी मोर्चे को संभालना ज्यादा जरूरी है। 8 जून की बैठक में गठबंधन के मतभेद भी सामने आए हैं। सहयोगी दलों ने कहा कि तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की रणनीति ने गठबंधन के प्रमुख सहयोगियों द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को नुकसान पहुंचाया है। निश्चित तौर पर कांग्रेस को अपनी रणनीति पर नए सिरे से गौर करना होगा। तमिलनाडु में वह द्रमुक को छोड़कर एक्टर विजय की पार्टी के साथ सरकार में शामिल हो चुकी है। कांग्रेस के रणनीतिकार इसे भविष्य की नीति मानते हैं। उनकी सोच है कि तमिलनाडु की राजनीति द्रविड़ पार्टियों के प्रभाव क्षेत्र से निकलकर दूसरी दिशा में बढ़ रही है। बंगाल में तृणमूल के साथ उसके मेलजोल की हलचल तेज है। केरल में तो यूडीएफ गठबंधन की प्रमुख पार्टी कांग्रेस का वामपंथियों (एलडीएफ) से हितों के टकराव का सीधा मामला है। वहां यूडीएफ और एलडीएफ के बीच हर पांच साल में सत्ता बदलती रही है। केवल 2021 में एलडीएफ ने विजयन के नेतृत्व में पहली बार दोबारा बहुमत हासिल किया था। सीपीएम की आपत्ति कांग्रेस नेताओं खासकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी द्वारा विजयन पर व्यक्तिगत प्रहार से संबंधित है। वहां कांग्रेस और वामपंथियों के रास्ते अलग हैं लेकिन चुनाव अभियान में बार-बार निजी हमलों से तो बचा ही जा सकता है। बंगाल में कांग्रेस चुनाव से पहले ही तृणमूल के साथ मिलकर चल सकती थी। इससे एसआईआर के जरिये हुई कथित धांधली से निपटने में कुछ हद तक मदद मिल सकती थी। बंगाल में अब तक कांग्रेस की रणनीति को अधीर रंजन चौधरी जैसे नेता प्रभावित करते रहे हैं। वे तृणमूल की शीर्ष नेता ममता बनर्जी के कट्टर आलोचक हैं। कांग्रेस ऐसे नेताओं से अलग हटकर नई वास्तविकताओं के हिसाब से अपनी रणनीति तय कर सकती है।

अपने ऐतिहासिक अतीत, लंबे समय तक देश पर शासन करने, मौजूदा लोकसभा में 100 सीटों और चार राज्यों में सरकार होने के कारण इंडिया गठबंधन को आगे बढ़ाने में कांग्रेस की भूमिका बहुत अहम है। इसलिए उसे अपने सहयोगियों की महत्वाकांक्षाओं, जरूरतों और मैदान की स्थिति को देखकर कदम उठाना होंगे। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में इस समय समाजवादी पार्टी के हाथ में विपक्ष की कमान है। लिहाजा, कांग्रेस के लिए सपा के पीछे चलना व्यावहारिक राजनीति होगी। विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियों को सीटों के बंटवारे में वास्तविक स्थिति का ध्यान रखना पड़ेगा। वे अपने नफा-नुकसान को परखें लेकिन यह ध्यान रखें कि महत्वाकांक्षा, टकराव और जिद से चुनौती कमजोर न पड़ जाए।

देश की वर्तमान स्थिति को देखते हुए विपक्ष को अपना हर मोर्चा दुरुस्त करना होगा। उसे हर राज्य में कड़ी चुनौती पेश करने के हालात बनाना चाहिए। जब संवैधानिक संस्थाएं अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटने लगती हैं तो उसे रास्ते पर लाने में विपक्ष दलों की एकजुटता भी अच्छा प्रभाव पैदा कर सकती है। संवैधानिक संस्थाएं सत्ता और उसके अन्य अंगों की असंवैधानिक और गैरकानूनी कार्रवाईयों को रोकने का सबसे प्रभावी औजार हैं। अगर वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह नहीं करेंगी तो सत्ता निरंकुश हो जाएगी और लोकतंत्र कमजोर पड़ जाएगा। निश्चय ही यह स्थिति गंभीर और निराशाजनक है। इसलिए विपक्ष की जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ गई है। वह अपनी मैदानी सक्रियता से जनता के एक बहुत बड़े वर्ग को उसके अधिकार हासिल करने में मदद कर सकता है। भारत में मताधिकार हर व्यक्ति को सबके बराबर खड़े होने का अधिकार देता है। हमारे यहां वंचित वर्गों की सबसे बड़ी संपदा और ताकत उसका वोट है। उसके इस अधिकार की रक्षा करना सबकी जिम्मेदारी है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। )**



## ललित सुरजन की कलम से

# तीसरा मोर्चा बनाम वामदल

*'1952 में पहले आम चुनाव के बाद भारत की कम्युनिस्ट पार्टी प्रमुख विपक्षी दल के रूप में उभरी थी। सवाल उठता है कि जो पार्टी या जो विचारधारा 1952 में कांग्रेस के विकल्प के रूप में मौजूद थी वह उस जगह से अपदस्थ कैसे हुई और उग्रराष्ट्रवादी हिन्दुत्ववादी शक्तियों ने वामपंथी ताकतों को धीरे-धीरे कर भारतीय राजनीति के हाशिए पर क्यों कर धकेल दिया। यह एक प्रकट वास्तविकता है और इसका सामना करने का साहस वामदलों में होना चाहिए। मेरा मानना है कि आम चुनाव के समय क्षेत्रीय दलों से अल्पकालीन गठजोड़ करने से वामपंथी ताकतें मजबूत नहीं बल्कि और कमजोर ही होंगी। मेरा यह भी मानना है कि आज के वैश्विक परिदृश्य को समझने की क्षमता भारत में या तो कांग्रेस में है या फिर वामपंथियों में; और अपनी तार्किक क्षमताओं का मैदानी कार्रवाई में रूपांतरण करने से ही वाममोर्चा 1952 में या उससे बेहतर स्थिति में पहुंच सकता है।'*

**( देशबन्धु में 16 मई 2013 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/06/blog-post_22.html

## पावन प्रसंग

# मन:स्थिति बदले तो परिस्थिति बदले

जिसने परिस्थितियों से समझौता कर लिया,वह हार गया। परिस्थितियों के विरुद्ध जो लड़ सका, मन:स्थिति उच्च बनाकर, जीवन समर में लड़ सका वही विजेता हुआ। यदि हमारे भीतर अपने जीवन के उद्देश्य को सफल, सार्थक करने की तीव्र अभीप्सा हो तो परिस्थितियां हमारे जीवन की परिभाषा नहीं बन सकती हैं। बात यहां पर मन:स्थिति की है। उत्कृष्ट मन क्या नहीं कर सकता है? आवश्यकता है उसकी शक्ति को पहचानने की तथा उससे उभयपक्षीय निर्माण प्रस्तुत करने की। जब हम परिस्थितियों पर अत्यधिक जोर देते हैं, स्वयं को निर्बल एवं असहाय घोषित कर देते हैं, स्वयं की क्षमताओं से परिचित नहीं होते, तभी इस प्रकार की विसंगति खड़ी होती है कि हमारा अंत:करण हमारा साथ देना बंद कर देता है। मन की ऊर्जा का भरपूर लाभ लेना है तो मन को बहुत महत्व देना छोड़ दीजिए, उसे ऐसा बनाइए ताकि उससे उच्चतर प्रयोजनों में सहायता मिल सके। हमारा मन तभी अपना है, जब उसने किसी उच्च प्रेरणा हेतु अपना समर्पण करना सीख लिया हो।

मन की शक्ति को समझना ही वास्तविक अध्यात्म है एवं इस हेतु हमें अपनी आसक्ति को मिटाना चाहिए। जीवन के महत्वपूर्ण कार्यों को करने के लिए मन का निरासक्त होना आवश्यक है। हम अपने मन पर नियंत्रण प्राप्त करें, इससे शुभ कुछ हो नहीं सकता। जब मन पर हमारा आधिपत्य होता है तो यह संभव है कि हम विपरीत परिस्थितियों के मध्य भी उत्कृष्ट मनोदशा का परिचय दें एवं जीवन को धन्य एवं महान बनाएं। मन की गुलामी से मुक्थि ही साधना का मूल केंद्र है। उसे जिसने समझ लिया, वह फिर परिस्थितियों का ऐसा रोना नहीं रोता है। उसका असीम उत्साह एवं दृढ़ लगन स्वत: आदर्श सत्परिणाम उपस्थित करने की दिशा में बढ़ चलते हैं एवं उसे परिस्थितिवश विवश नहीं होना पड़ता है।

जीवन का यह महत्वपूर्ण सिद्धांत सब को याद कर लेना चाहिए कि बिना मन:स्थिति में परिवर्तन किए, बिना स्वयं को सुधारे आप जीवन का महत्वपूर्ण लाभ नहीं उठा सकते हैं। अफने का मालिक होने में ही भलाई है,शेष तो आत्मप्रवंचना भर है। इसलिए पहला कार्य है, अपने मन पर संपूर्ण एवं एक पक्षीय नियंत्रण स्थापित करना, उसे एक दैवी वाहन के रूप में प्रयुक्त करना तथा उससे महत्वपूर्ण सफलताएं प्राप्त करना।

जब मन इस स्तर का बन जाता है, तो ही उससे अनेकानेक अनुदान एवं वरदान प्रस्तुत करना संभव होता है। मन को पूर्णरूपेण समझना ही अध्यात्म है। आज हर जगह परेशानी है, विषय विकार है तथा जीवन की कठिनाई दिनोंदिन बढ़ती चली जा रही है, वह इसीलिए क्योंकि हमने मन की शक्ति को पहचानने एवं उसका सदुपयोग करनी की ठानी नहीं है। मन हमारा बेकारी में पड़ा रहता है, उसे यह बोध नहीं कि वह किस महान तत्व के अनुशीलन से अनभिज्ञ है। सत्य यही है कि जो मन को जीत ले वही भाग्यवान, जो मन से हार जाए वही अपाहिज। वास्तविक वस्तु चेतना है एवं मन उसीसे हेरफेर किया करताहै, उसकेकारणह ी मन प्रयासचला करतेहैं. मनुष्यक ो जीवंत स्वरूपयदिदेखना हो, उसेपहचानने की सामर्थ्य विकसित करनी हो तो इतना करना चाहिए कि मन के मूल में छिपी आसक्ति को पहचाना जाए और उससे दैवी विधान अनुरूप कार्य लेने की क्षमता विकसित की जाए।

-अखंड ज्योति

# सोमवती अमावस्या : चित्रकूट व गैवीनाथ पहुंची श्रद्धालुओं की अपार भीड़

## इधर जलधारी के अभिषेक | मंदाकिनी में डुबकी लगाकर लगाई कामतानाथ की परिक्रमा









**सतना, देशबन्धु।** ज्येष्ठ माह की सोमवती अमावस्या पर सोमवार को धर्मनगरी चित्रकूट सहित बिरसिंहपुर के गैवीनाथ में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। भीषण गर्मी के बीच धर्मनगरी चित्रकूट में उमड़ा आस्था का यह सैलाब देखते ही बन रहा था। देश के विभिन्न राज्यों से आए भक्तों ने तड़के पवित्र मंदाकिनी नदी में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान कामतानाथ के दशज्ञ्न कर परिक्रमा की और विधि-विधान से पूजा-अचज़्ना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

### रामघाट और परिक्रमा मार्ग पर भीड़

रविवार देर रात से ही चित्रकूट में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था, जिससे पूरी धर्मनगरी का माहौल भक्तिमय हो गया। सोमवार सुबह से रामघाट, कामतानाथ मंदिर और परिक्रमा मार्ग सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान पूरा चित्रकूट भगवान श्रीराम और कामतानाथ स्वामी के जयघोष से गूंजता रहा।

### तीसरी आंख से निगरानी

जिला प्रशासन ने 4 से 5 लाख श्रद्धालुओं के चित्रकूट पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा और यातायात के व्यापक इंतजाम किए हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए रामघाट, भरतघाट, परिक्रमा मार्ग और सभी प्रमुख चौराहों पर पुलिसबल तैनात किया गया है। इसके अलावा पूरे मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई।

### 12 टीआई रहे तैनात

संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की कमान एडिशनल एसपी (देहात) प्रेमलाल कुर्वे को सौंपी गई है। उनके साथ चित्रकूट एसडीओपी राजेश बंजारे, नागौद एसडीओपी रघु केसरी, हेडक्वार्टर डीएसपी मनोज दीक्षित, ट्रैफिक डीएसपी संजय खरे और जिले के 12 से अधिक थाना प्रभारी मुस्तैद रहे इसके अलावा करीब 250 पुलिस जवान भी चप्पे-चप्पे पर तैनात किए गए थे। घाटों पर मोटरबोट के साथ एसडीईआरएफ की टीम मौजूद रही। बताया गया है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए अतिरिक्त बल भी भेजा गया है। इसमें छठवीं वाहिनी जबलपुर और नौवीं वाहिनी रीवा से एसएएफ (एसएएफ) की 2 कंपनियां और पीटीएस (पीटीएस) के 30 जवान शामिल हैं। वहीं, नदी के घाटों पर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एसडीईआरएफ की टीम को जीवनरक्षक उपकरणों और मोटरबोट के साथ तैनात किया गया था।

### गैवीनाथ धाम में पार्वती मंदिर तक लाइन


धर्मनगरी बिरसिंहपुर स्थित गैवीनाथ धाम में पुरुषोत्तम मास के पांचवें सोमवार को हजारों श्रद्धालु महादेव के दर्शन के लिए पहुंचे। ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। शिवालय से लेकर पार्वती मंदिर तक लंबी कतारें देखी गईं। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस की टीमें सुबह से ही मंदिर परिसर में तैनात रहीं। सुरक्षा और सुचारु दर्शन व्यवस्था बनाए रखने के लिए गर्भगृह में प्रवेश पर रोक लगाई गई थी। भक्तों के लिए जलधारी से भगवान शिव का जलाभिषेक करने की विशेष व्यवस्था की गई।



### सोमवार के साथ समापन

17 मई से शुरू हुए पुरुषोत्तम मास का समापन सोमवार 15 जून को हो गया है। आखरी दिन भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना करने काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इसके पीछे वजह यह है कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पुरुषोत्तम मास (जिसे अधिक मास भी कहते हैं) भगवान विष्णु को समर्पित है। हिंदू पंचांग में लगभग तीन वर्ष में एक बार आने वाला यह महीना विशेष पुण्यदायी माना जाता है। इस दौरान किए गए जप, तप, दान, व्रत और पूजा का फल कई गुना अधिक प्राप्त होता है यही वजह है कि काफी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

## सार-समाचार



### पीपल-तुलसी का पूजन कर लगाई परिक्रमा

**रामनगर, देशबन्धु।** सोमवती अमावस्या पर सुहागिनों ने सुबह से दोपहर तक उपवास रखकर के पीपल-तुलसी की पहले विधिवत पूजा की इसके बाद 108परिक्रमा लगाकर सुहाग की अमरता का वरदान मांगा। अगर देखा जाए तो सनातन वैदिक धर्म में सोमवती अमावस्या का विशेष महत्व है, जब अमावस्या तिथि सोमवार दिन पर पड़ती है तो इसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है।

### नप अध्यक्ष निजी व्यय पर कराएंगी तीर्थदर्शन

**रामनगर, देशबन्धु।** नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा निजी व्यव पर वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क तीर्थ दर्शन कराया जाएगा। बताया गया कि इसके लिए एक जुलाई से 15 जुलाई तक आवेदन लिए जाएंगे। जिसमें नगरीय निकाय के वरिष्ठ जनों को ही इस योजना का लाभ मिल सकेगा। आने वाले आवेदनों को लाटरी सिस्टम से चुना जाएगा। जिसके बाद चित्रकूट, अयोध्या, काशी विश्वनाथ, विंध्यांचल व प्रयागराज के दर्शन कर सकते हैं। नगर परिषद अध्यक्ष दीपा दीपू मिश्रा द्वारा,नगरीय क्षेत्र के 1 से लेकर 15 वार्डों के 60 वर्ष या उससे ज्यादा उम्र ले नागरिकों के लिए नगर परिषद तीर्थ दर्शन योजना की घोषणा करते हुए पोस्टर भी जारी किया गया है।

### आंधी से दुकान में गिरा वृक्ष



**रामनगर, देशबन्धु।** तेज हवा से दुकान में विशालकाय वृक्ष जमीदोज होकर गिर गया। हलाकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। इस हादसे में जरूर होटल संचालक को आर्थिक नुकसान हुआ है। यह घटना रामनगर थाना अंतर्गत गोरसरी स्थित चाय समोसे की दुकान पर हुई है। बताया गया है कि तेज हवा व हल्की बारिश के दौरान विशाल आम का वृक्ष धराशाई हो गया। जिससे दुकान क्षतिग्रस्त हो गई, और दुकान मालिक बाबूलाल पटेल बाल-बाल बच गए।

### सीएमए प्राचार्य की सेवानिवृत्त पर विदाई



**सतना, देशबन्धु।** सीएमए हायर सेकेण्डरी स्कूल सतना में प्राचार्य पुष्पराज सिंह का विदाई समारोह का आयोजन 15जून को आयोजित किया गया। समारोहपूर्वक आयोजित हुए इस कार्यक्रम में उनके 18 वर्षों के योगदान को सीएमए परिवार ने बड़ी ही भावुकता के साथ याद किया। इस आयोजन में क्लाथ मर्चेन्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष फूरूमल तोलवानी, उपाध्यक्ष लालचन्दानी, मंत्री संदीप जैन, व्यवस्थापक पवन जैन, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल सेनानी, कोषाध्यक्ष कमल जानवानी, विद्यालय कमेटी के सदस्य पवन दुदानी, कपिल शाह, हार्दिक जैन सहित शिक्षक समुदाय उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन मृगेन्द सिंह द्वारा किया गया।

# बीएमओ और तहसीलदारों से मांगा जवाब

### डी श्रेणी में रहे ब्लाक स्तरीय विभाग के अधिकारियों पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

**सतना, देशबन्धु।** कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले में फार्मर रजिस्ट्री कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं आने पर राजस्व अधिकारियों को अभियान मोड में फार्मर रजिस्ट्री की कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। इसी प्रकार सीएम हेल्पलाइन में डी श्रेणी में रहे विभाग स्वास्थ्य और राजस्व के ब्लाक, तहसील स्तरीय अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा है। सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने जनकल्याण शिविर, जल गंगा संवर्धन अभियान एवं सीएस कान्फ्रेंस बैठक के निर्देश और विभागीय समन्वय के मामलों पर चर्चा की। इस अवसर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह, अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम जितेंद्र वर्मा, राहुल सिलाडिया, सुभाष मिश्रा, सुमेश द्विवेदी, सहित विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी, सीईओ जनपद एवं नगर परिषदों के सीएमओ उपस्थित थे।

### फार्मर रजिस्ट्री का कार्य में असंतोष

कलेक्टर ने उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण तथा फार्मर रजिस्ट्री कार्य की समीक्षा में एक सप्ताह



में एक प्रतिशत ही उपलब्धि आने पर कहा कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य संतोषजनक नहीं है। अभियान मोड में कार्यवाही कर अपेक्षित प्रगति लाये। रघुराजनगर तहसील की सबसे कम 13 प्रतिशत ही पूर्ति पाई गई। कलेक्टर ने 25 जून को होने जा रही कृषि उत्पादन आयुक्त की बैठक की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि एपीसी की बैठक से संबंधित विभागों की 18 जून को प्रातः 11 बजे से विस्तृत बिन्दुवार समीक्षा की जायेगी। इस बैठक में क्लस्टर लेवल के बेस्ट परफार्मर अधिकारी को भी बुलाया जायेगा। समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने रेल्वे विभाग में सतना-पन्ना रेलखण्ड, सतना-रीवा रेललाइन दोहरीकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग, एनएचआई पीडब्ल्यूडी, एनवीडीए, पीडब्ल्यूडी ब्रिज, हाउसिंग बोर्ड, एयरपोर्ट, आईएसबीटी, पीएमजीएसवाय, पीडब्ल्यूडी एमपीआईयूडीसी के चल रहे कार्यो की समीक्षा भी की।

### इन पर कार्रवाई

स्वास्थ्य विभाग में जिला चिकित्सालय सतना को छोडकर अन्य विकासखण्डों में कमजोर प्रगति और डी श्रेणी में पाये जाने पर संबंधित बीएमओ, बीपीएम और बीसीएम को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। राजस्व विभाग में तहसील बिरसिंहपुर, नागौद, सतना और रामपुर बघेलान के डी श्रेणी में रहने पर चारो तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसी तरह से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सी श्रेणी में रहने और अत्यधिक संख्या में शिकायतें लंबित रहने पर कार्यपालन यंत्री और सहायक यंत्री का एक सप्ताह का वेतन काटने नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

### लेख करने के निर्देश

डिस्ट्रिक्ट रोड सेफ्टी और एनएचआई के निर्माण कार्य की समीक्षा में सतना-मैहर रोड का शेष निर्माण और चित्रकूट-सतना रोड की रिपेयरिंग का काम बहुत धीमी गति से करने तथा रोड साइनेज नहीं लगाने पर कलेक्टर ने एनएचआई के अधिकारियों के विरूद्ध वरिष्ठ अधिकारियों को लेख करने के निर्देश दिये।



# आम जन को दी गई हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी

**रामनगर, देशबन्धु।** जनपद कार्यालय परिसर में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा जनहित में संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

समारोहपूर्वक आयोजित हुए कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, वन समिति के हरीश कांत त्रिपाठी, जनपद पंचायत रामनगर अध्यक्ष मुन्नी बाई साकेत, एसडीएम एसपी मिश्रा, तहसीलदार अनामिका सिंह, नायब तहसीलदार ललित धारवे, रोशन लाल रावत, भारती दीक्षित, बीआरसी चन्द्र प्रताप शुक्ला द्वारा उपस्थित जनों को विभाग द्वारा संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं के बारे में जानकारी दीं गई। वही अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया।

उक्त आयोजन में लगभग सभी विभागों के लिए 150 से ज्यादा आवेदन मिले। जिसमें खाद्यान न मिलने, पेंशन सम्बन्धी ज्यादा बिजली बिल आने, नामांतरण, सीमांकन, खसरा सुधार जैसे आवेदनों पर कार्यवाही करने के आदेश दिये गये।

# चन्द्राशय वृद्धा आश्रम में लगा स्वास्थ्य शिविर

**सतना, देशबन्धु।** समाज सेवा और मानवता के प्रति समर्पित भाव के साथ डॉ. दिव्यांत गुप्ता द्वारा डॉ. लालता प्रसाद खरे चन्द्रशय वृद्धा आश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आश्रम में निवासरत वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी तथा थायराइड सहित विभिन्न आवश्यक जांचें की गईं।

जांच उपरांत जरूरतमंद वृद्धजनों को निःशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया। डॉ. गुप्ता ने उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।



कार्यक्रम को सफल बनाने में महेंद्र प्रताप चौधरी, विष्णु कुशवाहा एवं विनय गुप्ता, गौरव सिंह गहरवार, अतुल चौरसिया, विपुल मिश्रा, श्रीकांत त्रिपाठी सहित अनेक समाजसेवियों एवं सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सामाजिक संगठनों ने कलेक्टर -एसडीएम को किया सम्मानित

**सतना, देशबन्धु।** जिला प्रशासन की पहल पर कलेक्टर एवं एसडीएम के मार्गदर्शन में लंबे समय से बालकिशन वाटिका में चले आ रहे अतिक्रमण को हटाने की हाल ही में कार्रवाई की गई। इस कदम का शहर के नागरिकों, समाजसेवियों एवं व्यापारिक संगठनों ने स्वागत किया है। विजय अग्रवाल, लखन अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, सुरेश बड़ेरिया, श्यामलाल गुप्ता, श्यामू, पुष्पराज त्रिपाठी, पार्षद पीके जैन, शिव साहू सहित अनेक समाजसेवियों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि बालकिशन वाटिका का पुनः विकास कर इसे आमजन के उपयोग के लिए सुसज्जित पार्क के रूप में विकसित किया जाए, ताकि बच्चों, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को एक बेहतर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध हो सके। साथ ही प्रशासन के साहसिक निर्णय





अभिनंदन किया। व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर सतीश कुमार एस एवं एसडीएम राहुल सिलाडिया का सार्वजनिक रूप से सम्मान किया। इस अवसर पर उन्हें श्रीफल, शाल, से सम्मान पत्र भेंट कर स्वागत किया गया।



# आश्वासन नहीं लिखित में चाहिए

**चित्रकूट, देशबन्धु।** महाराजा खेत सिंह खंगार की खंडित प्रतिमा के सम्मानजनक पुर्नस्थापन की मांग को लेकर आजाद क्रांति पार्टी एवं क्षत्रिय खंगार समाज का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को भी जारी रहा। मीडिया प्रभारी अमर सिंह राठौर ने बताया कि आंदोलन के बढ़ते जनसमर्थन और समाज के दृढ़ संकल्प के आगे आखिरकार प्रशासन को धरना स्थल पर आना पड़ा।

सोमवार को धरना स्थल पर बांदा के सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला पहुंचे और आंदोलनकारियों से धरना समाप्त करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में लगातार धरना देने से लोग बीमार पड़ सकते हैं तथा प्रशासन जल्द से जल्द महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव जी की प्रतिमा लगवाने का प्रयास करेगा। किन्तु खंगार समाज एवं आजाद क्रांति पार्टी के नेताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि समाज अब केवल मौखिक आश्वासनों पर लिखित चाहिए तभी धरना समाप्त होगा। साथ ही प्रदर्शनकारियों ने दो प्रस्ताव भी रखे। जिसमें प्रतिमा निर्माण एवं स्थापना की निश्चित समय सीमा लिखित रूप में दी जाए। अथवा समाज को अनुमति प्रदान की जाए कि वह स्वयं अपने संसाधनों, जनसहयोग एवं चंदे के माध्यम से प्रतिमा का निर्माण एवं पुर्नस्थापन कराए।

# वर्षों से जमे अधिकारियों पर सरकार क्यों मेहरबान?

सतना, देशबन्धु। प्रदेश की मोहन सरकार द्वारा घोषित स्थानांतरण नीति की समय सीमा लगभग समाप्त हो चुकी है लेकिन मैहर सहित प्रदेश के अनेक विभागों में वर्षों से एक ही स्थान पर जमे अधिकारियो और कर्मचारियों पर अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। इस मुद्दे को लेकर युवा



कांग्रेस के प्रदेश सचिव शिवम पाण्डेय ने कहा है कि यदि सरकार अपनी ही घोषित नीतियों को लागू नहीं कर सकती तो ऐसी घोषणाओं का औचित्य क्या रह जाता है। जारी बयान में कहा है कि दावे करते हुए स्थानांतरण नीति लागू करने की घोषणा की थी लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद भी कई विभागों में वर्षों से जमे अधिकारी यथावत बने हुए हैं। इससे यह सदेह पैदा होना स्वाभाविक है कि क्या स्थानांतरण नीति केवल चुनिंदा लोगों पर लागू होती है या फिर प्रभावशाली अधिकारियों को संरक्षण देने के लिए नियमों को दरकिनार किया जा रहा है।

# व्यंकटेश मंदिर में उप मुख्यमंत्री को भेंट किया स्मृति चिन्ह

**सतना, देशबन्धु।** मुख्त्यारगंज स्थित व्यंकटेश लोक में मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल का भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर शहर के प्रमुख व्यापारी रविशंकर गौरी ने स्मृति चिन्ह भेंट कर तथा पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजसेवी, व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर रविशंकर गौरी ने कहा कि प्रदेश के विकास एवं जनसेवा के लिए उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल का योगदान प्रेरणादायी है। उन्होंने पुरुषोत्तम मास के अवसर पर उनके सम्मान को अपने लिए सौभाग्य



बताया। इस दौरान सांसद गणेश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय, महापौर योगेश ताम्रकार, राजेश चतुर्वेदी पालन, श्याम लाल गुप्ता, जान्हवी त्रिपाठी, नीता सोनी, राधा श्रीवास्तव, शिव साहू सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## हाउसिंग बोर्ड का लेखापाल चार हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

### लोकायुक्त की कार्रवाई



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ सागर लोकायुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हाउसिंग बोर्ड विभाग में पदस्थ एक लेखापाल (अकाउंटेंट) को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के बाद आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, एक शिकायतकर्ता ने सागर लोकायुक्त पुलिस से शिकायत की थी कि हाउसिंग बोर्ड में लंबित विभागीय कार्य के एवज में संबंधित लेखापाल द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप कार्रवाई की। सोमवार को तय योजना के अनुसार शिकायतकर्ता ने आरोपी लेखापाल को 4 हजार रुपए की रिश्वत राशि सौंपी। जैसे ही आरोपी ने रुपए स्वीकार किए, पहले से मौके पर मौजूद लोकायुक्त अधिकारियों ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद लोकायुक्त टीम आरोपी को लेकर हाउसिंग बोर्ड कार्यालय पहुंची, जहां संबंधित फाइलों और दस्तावेजों की जांच की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार मामले से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है तथा आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। हाउसिंग बोर्ड कार्यालय में हुई इस कार्रवाई के बाद शासकीय विभागों में हड़कंप मच गया है। लोकायुक्त अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अब रुकेगा मानव-हाथी संघर्ष!

## वनकर्मियों ने प. बंगाल में सीखी हाथी प्रबंधन की आधुनिक तकनीकें



**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जंगली हाथियों की बढ़ती मौजूदगी और उनसे जुड़े मानव-हाथी संघर्ष की चुनौतियों के बीच वन विभाग ने प्रबंधन को और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश वन विभाग के 30 वन कर्मियों ने पश्चिम बंगाल में आयोजित छह दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेकर जंगली हाथी प्रबंधन एवं मानव-हाथी द्वंद्व रोकथाम की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का प्रतिनिधित्व वनरक्षक लवकेश प्रसाद कुशवाहा, धीरेंद्र शुक्ल, कैलाश चौधरी, लवकेश गुप्ता एवं रवि कुमार वर्मा ने किया। सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के दौरान हाथियों के व्यवहार, उनके प्रबंधन और संघर्ष की परिस्थितियों से निपटने के विभिन्न पहलुओं का गहन अध्ययन किया। उत्तरी पश्चिम बंगाल देश के उन क्षेत्रों में शामिल है, जहां मानव-हाथी संघर्ष लंबे समय से एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। ऐसे में वहां विकसित की गई प्रबंधन प्रणालियां और तकनीकें देशभर के वन विभागों के लिए उपयोगी मानी जाती हैं।

प्रशिक्षण के दौरान वन कर्मियों को हाथियों को आबादी वाले क्षेत्रों से सुरक्षित रूप से जंगल की ओर वापस भेजने के ऑपरेशन, ट्रांसेक्ट सर्वे, गोबर विश्लेषण के माध्यम से मॉनिटरिंग, हाथियों के व्यवहार की पहचान, कैम्प हाथियों के प्रबंधन और उनकी शारीरिक संरचना के आधार पर प्रोफाइलिंग जैसी महत्वपूर्ण विधियों का प्रायोगिक अनुभव दिया गया। प्रशिक्षण की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि प्रतिभागियों को गोरुमारा, कर्सिओंग, बैकुंठपुर और जलपाईगुड़ी वन मंडलों के आईएफएस अधिकारियों, वन अमले, वाइल्डलाइफ स्क्वॉड, क्विक रिस्पॉन्स टीम और स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ सीधे संवाद का अवसर मिला। इस दौरान मानव-हाथी संघर्ष की स्थिति में कानून व्यवस्था बनाए रखने, स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आपात परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। गौरतलब है कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पिछले लगभग आठ वर्षों से जंगली हाथियों का नियमित विचरण बना हुआ है। अब यह क्षेत्र हाथियों के लिए एक स्थायी आवास के रूप में विकसित हो चुका है, जो यहां के स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का संकेत माना जाता है। हालांकि हाथियों की बढ़ती गतिविधियों के कारण रिजर्व से लगे गांवों में फसल नुकसान और मानव-हाथी संघर्ष की घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।

वन विभाग का मानना है कि इस अंतरराज्यीय प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभव और तकनीकी ज्ञान भविष्य में बांधवगढ़ क्षेत्र में हाथियों के बेहतर प्रबंधन, ग्रामीणों की सुरक्षा तथा मानव-हाथी संघर्ष को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे वन्यजीव संरक्षण और स्थानीय समुदायों के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में भी सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है।

### सार-समाचार



## सिंगरौली अमलोरी कॉलोनी में दिनदहाड़े गैस सिलेंडर चोरी

**सिंगरौली, देशबन्धु।** सिंगरौली जिले के नवानगर थाना क्षेत्र स्थित एनसीएल अमलोरी परियोजना की आवासीय कॉलोनी में दिनदहाड़े चोरी की वारदात हुई है। सोमवार दोपहर करीब 1:15 बजे एक नकाबपोश कॉलोनी के एमक्यू-231 क्वार्टर से घरेलू गैस सिलेंडर चुराकर ले गया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**दरवाजा खोलकर अंदर घुसा काबपोश सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई पूरी घटना**

शिकायतकर्ता रजनी द्विवेदी ने बताया कि घटना के समय घर का दरवाजा खुला था। इसी का फायदा उठाकर आरोपी युवक मौके पर पहुंचा और गैस सिलेंडर लेकर फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी का चेहरा ढंका हुआ दिख रहा है, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है।

परिजनों ने आशंका जताई है कि आरोपी पहले से ही इलाके की रेकी कर रहा था और घर की गतिविधियों पर नजर रखे हुए था। इस वारदात ने एनसीएल अमलोरी परियोजना की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कॉलोनी में सुरक्षा गार्डों की तैनाती के बावजूद चोर का आसानी से अंदर आना और चोरी कर निकल जाना चिंता का विषय बना हुआ है। नवानगर थाना प्रभारी अनिल पटेल ने चोरी की सूचना मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है और सुरक्षा गार्डों से भी पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी के अनुसार, कॉलोनी में सुरक्षा व्यवस्था मौजूद है और पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी कौन है और वह कॉलोनी में कैसे दाखिल हुआ।

## देवसर बायपास पर खड़े ट्रक से टकराया ऑटो, चालक समेत चार घायल

**सिंगरौली, देशबन्धु।** सिंगरौली जिले के देवसर क्षेत्र में सोमवार शाम करीब चार बजे एक सड़क हादसा हुआ। पश्चिमी बाईपास मार्ग पर एक ऑटो सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में ऑटो चालक सहित उसमें सवार कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना देवसर के पश्चिमी बाईपास पर हुई, जहां लंबे समय से भारी वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग एक समस्या बनी हुई है। जिस ट्रक से ऑटो टकराया, वह भी सड़क किनारे खड़ा था। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार ऑटो चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और सीधे खड़े ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए, उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किए जाने की भी सूचना है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पश्चिमी बाईपास पर ट्रकों की अवैध और बेतरतीब पार्किंग लंबे समय से जारी है। नो-एंट्री खुलने का इंतजार करते हुए कई ट्रक चालक अपने वाहन सड़क किनारे ही खड़े कर देते हैं। इससे आए दिन सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। यह घटना जियावन थाना क्षेत्र की है।

### दुर्घटना के कारणों का पता लगाएंगे

जियावन थाना प्रभारी शेष नारायण द्विवेदी ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की और अब पूरे मामले की जांच कर रही है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## बालाघाट के खैरलांजी में वैनगंगा नदी में डूबने से दो युवकों की मौत

**बालाघाट/वारासिवनी, देशबन्धु।** जिले के खैरलांजी थाना अंतर्गत ग्राम खैरी से प्रवाहित होने वाली वैनगंगा नदी में सोमवार को डूबने से दो युवकों की मौत हो गई।बताया गया कि साहिल पिता मनोज भालाधरे 18 वर्ष और अक्षय पिता संजय लानगे 18 वर्ष दोनों ग्राम खैरी निवासी सुबह लगभग 10 बजे वैनगंगा नदी में नहाने के लिए गए हुए थे, जहां पर नहाने के दौरान दोनों युवक नदी पर बने पुल के नीचे गड्ढे में चले गए, वहां अधिक गहरा गड्ढा होने से गहरे पानी में चले जाने से वे बाहर नहीं निकल पाए।



घटना की जानकारी मिलने पर खैरलांजी थाना से सहायक उपनिरीक्षक किशोर माने, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सिंह नागभिरे, कार्यालय सहायक उपनिरीक्षक आर्मो ने मौके पर पहुंचकर मछुआरों की सहायता से दोनों युवकों की खोज प्रारंभ की गई। मछुआरों ने नदी में खोज के दौरान गहरे गड्ढे से दोनों के शव को बाहर निकाला गया।पुलिस ने दोनों के शव का पंचनामा कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम करवाकर स्वजनों को सौंपा। एक ही गांव में एक साथ दो युवकों की मौत हो जाने से पूरे मातम छाया हुआ है। घटना के बाद से दोनों युवकों के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले की जांच कर रहे सहायक उपनिरीक्षक किशोर माने ने बताया कि दोनों युवक खैरी के रहने वाले हैं। वे नहाने के लिए वैनगंगा नदी में गए थे। नहाते समय गहरे पानी में चले जाने से दोनों डूब गए, जिससे उनकी मौत हो गई।

## चलते ट्रक में भड़की भीषण आग परचून का सामान हुआ खाक, चालक-परिचालक ने कूदकर बचाई जान

### दूर से नजर आ रहीं थीं लपटें

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के इंदवार थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब परचून का सामान लेकर जा रहे एक ट्रक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ट्रक में लदा अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। हालांकि समय रहते फायर ब्रिगेड के मौके पर पहुंच जाने से आग पर काबू पा लिया गया और किसी जनहानि की सूचना नहीं है।



**चालक-परिचालक ने कूदकर बचाई जान**×जानकारी के अनुसार घटना सुबह करीब 3 बजे की है। कटनी से ब्यौहारी क्षेत्र के टिहकी गांव की ओर परचून का सामान लेकर जा रहा ट्रक बरही-मानपुर मार्ग स्थित स्टेट हाईवे-10 पर पनपथा गांव के हाई स्कूल के पास पहुंचा ही था कि अचानक उसमें आग लग गई। शुरुआती तौर पर आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन कुछ ही मिनटों में लपटों ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। रात के सन्नाटे में ट्रक से उठती आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। आग इतनी तेज थी कि ट्रक में रखा परचून का सामान तेजी से जलने लगा। चालक और आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस द्वारा आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा, लेकिन वास्तविक कारण जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएंगे। फिलहाल इस घटना में किसी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है। फायर ब्रिगेड और स्थानीय प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया, लेकिन ट्रक और उसमें लदा अधिकांश सामान आग की भेंट चढ़ गया।

## साखी पंचायत की घटिया सड़क की फोटो खीचने पर पत्रकार को मिली धमकी

### विरोध में मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ ने सौंपा ज्ञापन

**ब्यौहारी,देशबन्धु ।** जनपद की बहुचर्चित ग्राम पंचायत साखी मे निर्माणाधीन एक पीसीसी सडक निर्माण कार्य की फोटो वीडियो बनाने पर पत्रकार सूर्यभान यादव को अश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी मिली है। मामले को लेकर पीडित ने थाना ब्यौहारी मे शिकायत देकर कार्यवाही की माग की है आवेदन दिए तीन दिन बीतने के बाद भी कार्यवाही नही होने पर आज मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के पत्रकार एकजुट होकर थाना पहुचे और थाना प्रभारी जियाउलहक से मिलकर ग्यापन सौप कार्यवाही की माग की है ! गौरतलब है कि ग्राम साखी मे वार्ड क्र01 मे सूसामटी के सामने से अंन्जनी बैस के घर तक एक पीसीसी सडक का निर्माण हो रहा है।

लोगों की शिकायत है कि उपरोक्त सडक मिट्टी की ढेर बिछाकर बनाई जा रही है जिसमे वेस नही है स्टीमेड एवं ड्राइग डिजाइन के बिपरीत कराऐ जा रहे कार्य की स्थानीय पत्रकार द्वारा फोटो वीडियो बनाई जाकर समाचार प्रकाशित किया गया जिसे लेकर नीलेश सोनी द्वारा पत्रकार सूर्यभान यादव को फोन लगाकर मा बहन की जातिगतअश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी दी गई वो भी एक बार नही बल्कि बार बार, पीडित पत्रकार ने बताया कि नीलेश के बाद रामराज गुप्ता द्वारा भी हमे फोन कर अपमानित किया गया मुझे भय है कि उपरोक्त लोग कभी भी कही भी हमारे साथ कुछ भी कर सकते है जिसके बाद आज आयोजित हुई संघ की बैठक मे घटना की निन्दा की गई और थाना प्रभारी को ग्यापन सौपा गया!

#### इनका कहना

आप लोग पावती ले लीजिये। हम कार्यवाही करेगे।

**जिया उल हक,** नगर निरीक्षक ब्यौहारी

## भाइयों में रास्ते के विवाद पर हमला, दो गंभीर

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के पवई थाना क्षेत्र के ग्राम नारायनपुरा में रास्ते के विवाद को लेकर एक ही परिवार लोगों में मारपीट हो गई। विवाद इस कदर बढ़ा कि मंझले भाई और उसके दो बेटों ने अपने ही बड़े और छोटे भाई पर लाठी और कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया।



**मंझले भाई और बेटों ने कुल्हाड़ी-डंडों से किया हमला**

इस हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, नारायनपुरा निवासी बद्री सिंगरौली (60 वर्ष) और उनके बड़े भाई कृपाल सिंगरौली (70 वर्ष) का अपने मंझले भाई रामलाल से रास्ते को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। सोमवार, 15 जून को इसी बात पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गई। रामलाल और उसके बेटों शिवदयाल और देवीदीन ने बद्री और कृपाल पर डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

**चीख-पुकार सुनकर दौड़े ग्रामीण**

हमले के दौरान मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीणों ने दोनों भाइयों को लहूलुहान हालत में देखकर तुरंत बीच-बचाव किया और मामला शांत कराया। ग्रामीणों की मदद से ही दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ष्ट॥ष्ट) पवई ले जाया गया।

**दोनों घायलों की हालत गंभीर, पन्ना रेफर**

इस हमले में बड़े भाई कृपाल के सिर पर डंडे से गंभीर चोटें आई हैं, जिससे उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। वहीं, छोटे भाई बद्री ने जब हमले को रोकने का प्रयास किया, तो उनके दोनों हाथों में गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है, जिसके बाद पुलिस कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

## पन्ना में युवाओं का रोजगार को लेकर अनोखा प्रदर्शन

### हाथों में घंटा लेकर निकाली रैली, कहा-फैक्ट्रियां हमारी जमीन पर और नौकरियां बाहरी लोगों को

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिले में स्थानीय युवाओं को रोजगार न मिलने और बड़ी कंपनियों में बाहरी लोगों को नौकरी दिए जाने के विरोध में सोमवार को युवाओं का गुस्सा फूट पड़ा। रोजगार की मांग को लेकर शहनगर इलाके में युवाओं और क्षेत्रवासियों ने हाथों में 'घंटा' लेकर एक अनोखी रैली निकाली।

युवाओं का कहना था कि फैक्ट्रियां हमारी जमीन और संसाधनों का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन रोजगार के नाम पर हमें कुछ नहीं दे रही। रैली के बाद युवाओं ने शहनगर एसडीएम के जरिए मुख्यमंत्री के नाम 16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

**हमारी जमीन, हमारे संसाधन, फिर भी हम बेरोजगार**-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवा समाजसेवी अंकित पाठक और स्थानीय युवाओं ने जेके सीमेंट जैसी बड़ी कंपनियों पर सीधे आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ये फैक्ट्रियां पन्ना जिले की जमीन, पानी और सड़कों का इस्तेमाल करके करोड़ों का मुनाफा कमा रही हैं।



लेकिन जब स्थानीय पढ़े-लिखे युवाओं को नौकरी देने की बात आती है, तो उनके दस्तावेजों में कमियां निकालकर उन्हें बाहर कर दिया जाता है। नतीजा यह है कि जिले के डिग्रियां लेकर घूम रहे युवा आज भी बेरोजगार हैं और कंपनियां बाहरी लोगों को नौकरियां बांट रही हैं। युवाओं ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इन उद्योगों की मनमानी पर लगाम लगाई जाए। ज्ञापन में प्रमुख रूप से ये बातें उठाई गई स्थानीय कोटा तय हो: पन्ना जिले के सभी उद्योगों में स्थानीय युवाओं को उनकी योग्यता के हिसाब से पहली प्राथमिकता मिले और नई भर्तियों में जिले के युवाओं के लिए एक फिक्स कोटा तय किया जाए।

लोकल ठेकेदारों को मौका: कंपनियों में होने वाले ट्रांसपोर्टेशन, सुरक्षा (सिक्योरिटी), कंस्ट्रक्शन और सप्लाई जैसे कामों के ठेके बाहर के लोगों के बजाय स्थानीय योग्य ठेकेदारों को ही दिए जाएं। सड़कों का सुधार और ट्रॉमा सेंटर: भारी वाहनों (ट्रकों) की वजह से आए दिन होने वाले हादसों को रोकने के लिए सड़कों को चौड़ा किया जाए। साथ ही एक्सीडेंट वाले इलाकों में सीसीटीवी कैमरे, एम्बुलेंस और ट्रॉमा सेंटर की व्यवस्था की जाए। सीआरएस फंड का हिसाब: कंपनियों के सीएसआर फंड का पैसा पन्ना के गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, साफ पानी और सड़कों के विकास पर खर्च हो।

### प्रदूषण की जांच हो, नहीं तो ठप करेंगे काम

युवाओं ने फैक्ट्रियों से फैल रहे प्रदूषण का मुद्दा भी उठाया और इसकी किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपते समय अंकित पाठक, विकास, नितिन, रश्कांत, मोहित, आज़ाद और शुभम सहित भारी संख्या में मौजूद युवाओं ने प्रशासन को चेतावनी दी है।

उन्होंने कहा कि अगर इन जायज मांगों पर जल्द से जल्द कोई ठोस फैसला नहीं लिया गया, तो आने वाले दिनों में यह शांतिपूर्ण आंदोलन एक उग्र प्रदर्शन में बदल जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## जर्जर पानी टंकी से कोतमा वार्ड-13 में पेयजल संकट
## भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी को तरसे लोग

**कोतमा, देशबन्धु ।** भीषण गर्मी के बीच नगर के वार्ड क्रमांक 13 में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। एसईसीएल जमुना-कोतमा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस वार्ड में स्थित पानी की टंकी जर्जर हालत में पहुंच चुकी है, जिसके चलते सैकड़ों परिवारों को पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद एसईसीएल प्रबंधन ने समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

**कई बार दी गई शिकायतें, नहीं हुआ समाधान** - वार्डवासियों के अनुसार पानी की टंकी की जर्जर स्थिति को लेकर कई बार सोशल मीडिया, मुख्यधारा के मीडिया माध्यमों तथा मौखिक रूप से एसईसीएल अधिकारियों को अवगत कराया गया था। नागरिकों का कहना है कि टंकी की खराब स्थिति किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती थी, लेकिन समय रहते नई टंकी के निर्माण की दिशा में कोई पहल नहीं की



गई।

**गर्मी में गहराया जल संकट** - क्षेत्र में नई पानी टंकी का निर्माण नहीं होने के कारण पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई है। भीषण गर्मी के बीच लोगों को दैनिक उपयोग के लिए भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। कई परिवारों को दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है।

**एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ बढ़ रहा आक्रोश** - पेयजल संकट को लेकर वार्डवासियों में एसईसीएल प्रबंधन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र से कोयला उत्पादन करने वाली कंपनी को यहां निवासरत लोगों की मूलभूत सुविधाओं की भी चिंता करनी चाहिए। लोगों का आरोप है कि बार-बार ध्यान आकर्षित कराने के बावजूद नई पानी टंकी का निर्माण नहीं कराया गया।

**आंदोलन की चेतावनी** - वार्डवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया और वैकल्पिक जल व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

**उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग** - क्षेत्र की जनता ने जिला प्रशासन एवं एसईसीएल के उच्च अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि नई पानी टंकी का निर्माण युद्ध स्तर पर कराया जाए तथा तब तक वार्ड में नियमित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## 66 करोड़ की नल-जल योजना पर श्रमिकों का विद्रोह, 51 गांवों की जलापूर्ति प्रभावित

### 2018 से सेवाएं देने के बावजूद न्यूनतम मानदेय नहीं मिलने का आरोप

**अनूपपुर, देशबन्धु।** पुष्पराजगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम किरगी में संचालित 66 करोड़ रुपये की किरगी ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना श्रमिकों की हड़ताल के कारण विवादों में घिर गई है। योजना में कार्यरत कर्मचारियों ने संचालन एवं रखरखाव कर रही कंपनी सीएमआर इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड पर कम वेतन, श्रम कानूनों के उल्लंघन और सुरक्षा सुविधाओं की अनदेखी के आरोप लगाते हुए सोमवार से कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया। हड़ताल के चलते योजना के पंप बंद हो गए हैं, जिससे 51 गांवों की पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई है।

**वर्षों से कम वेतन देने का आरोप** - मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित द्वारा लगभग 66 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस योजना का उद्देश्य क्षेत्र के 51 गांवों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। कर्मचारियों का आरोप है कि वर्ष 2018 से लगातार सेवाएं देने के बावजूद उन्हें शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानदेय तक नहीं दिया गया। उनका कहना है कि कई वर्षों से वेतन वृद्धि नहीं हुई, जबकि महंगाई लगातार बढ़ती रही है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायतें और ज्ञापन देने के बावजूद उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिसके चलते उन्हें हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा।

**सुरक्षा संसाधनों की कमी से नाराज कर्मचारी** - हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि जल शोधन संयंत्र, पंप हाउस और विद्युत उपकरणों जैसे







संवेदनशील स्थानों पर कार्य करने के बावजूद उन्हें पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए। कर्मचारियों ने हेलमेट, दस्ताने, सुरक्षा जूते, बीमा और अन्य सुरक्षा संसाधनों की कमी का आरोप लगाया है। श्रमिकों का कहना है कि जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में काम करने के बावजूद उनकी सुरक्षा को लेकर कंपनी गंभीर नहीं, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ा ।

**ईपीएफ, ईएसआई और सामाजिक सुरक्षा लाभों पर भी सवाल** - कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उन्हें ईपीएफ, ईएसआई तथा अन्य वैधानिक सामाजिक सुरक्षा लाभों की स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई और न ही इनका लाभ मिला। सुरक्षा निधि सहित अन्य सुविधाओं को लेकर भी कर्मचारियों ने सवाल उठाए हैं।

**जलापूर्ति व्यवस्था पर भी उठे प्रश्न** - कर्मचारियों और ग्रामीणों का आरोप है कि कई गांवों में नल कनेक्शन होने के बावजूद नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही है। इसके बावजूद योजना को पंचायतों को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया की चर्चा चल रही है। ऐसे में योजना की गुणवत्ता, संचालन व्यवस्था और निगरानी तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

**जवाबदेही तय करने की मांग** - हड़ताल के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि करोड़ों रुपये की सार्वजनिक परियोजना में यदि कर्मचारियों को उनके अधिकार नहीं मिले और ग्रामीणों को नियमित पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी। कर्मचारियों और ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार पक्षों पर कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल 51 गांवों की जनता पेयजल संकट की आशंका से जूझ रही है और सभी की निगाहें प्रशासन, मध्यप्रदेश जल निगम तथा संबंधित कंपनी की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

### सार-समाचार

## चलती बाइक से गिरकर महिला घायल, धूप से आया चक्कर

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले में तेज धूप के कारण चलती मोटरसाइकिल से गिरने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। यह घटना सोमवार, 15 जून को भैरव टेक घाटी के पास हुई।



महिला के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। छतरपुर जिले के बमीठा थाना अंतर्गत गंज निवासी ईश्वर आदिवासी (25 वर्ष) अपनी पत्नी बीमा बाई और दो साल की बच्ची के साथ पन्ना के कोनी गाँव पूजा-पाठ के लिए जा रहे थे। वे मोटरसाइकिल पर सवार थे। भैरव टेक घाटी के पास पहुंचते ही, तेज धूप और भीषण गर्मी के कारण बीमा बाई को अचानक चक्कर आ गया। इससे वह चलती बाइक से अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गईं। सिर के बल गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद राहगीरों और पति की मदद से घायल महिला को तुरंत पन्ना के जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया है। फिलहाल महिला की हालत पर डॉक्टर नजर बनाए हुए हैं।

## बदरा क्लस्टर के विकास कार्यो की जिला पंचायत सीईओ ने की समीक्षा

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जनपद अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बदरा के सभागार में ग्रामीण विकास विभाग के बदरा क्लस्टर की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए जल संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए सीईओ अर्चना कुमारी ने सभी ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों से कहा कि जल संरक्षण और संवर्धन के कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि वर्षा जल के संरक्षण और भू-जल स्तर में वृद्धि के प्रयासों को मजबूती मिल सके। उन्होंने एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत हितग्राही मूलक पौधारोपण की समीक्षा करते हुए जहां-जहां पौधारोपण में कमी है, वहां गैप फिलिंग कराने के निर्देश दिए। साथ ही लगाए गए पौधों की सुरक्षा, समय पर खाद उपलब्ध कराने तथा नियमित सिंचाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया, ताकि पौधों की बेहतर वृद्धि हो सके। बैठक में मनरेगा के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों, पौधारोपण एवं जल संरक्षण योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी मनरेगा रवीन्द्र पटेल, जनपद सीईओ रवि गोयल, एसडीओ सुरेंद्र पांडे, इंजीनियर लव श्रीवास्तव, सहायक कार्यक्रम अधिकारी अरविंद सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दम्पती ने खाया जहर, मौत

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के धरमपुर थाना क्षेत्र के भखुरी गांव में एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। यहां नवदंपती ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिसके बाद दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं गांव में भी शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**रात में परिवार के साथ बैठकर खाया खाना**- भखुरी निवासी 25 वर्षीय सागर यादव और उनकी 23 वर्षीय पत्नी श्यामकली ने रात में परिवार के साथ सामान्य रूप से भोजन किया और फिर अपने कमरे में सोने के लिए चले गए। परिजनों के मुताबिक, उस समय तक सब कुछ सामान्य था और किसी तरह के विवाद या तनाव की जानकारी नहीं थी। कुछ देर बाद कमरे के भीतर से अचानक चीखने-चिल्लाने और उल्टियां होने की आवाजें सुनाई दीं। परिवार के लोग घबराकर कमरे की ओर दौड़े तो देखा कि दोनों की हालत बिगड़ चुकी थी।

**पति-पत्नी ने खाया जहर, दोनों की मौत** - पूछताछ में पता चला कि सागर और श्यामकली ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है। आनन-फानन में परिजन दोनों को अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल पन्ना रेफर कर दिया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में श्यामकली ने दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर हालत में भर्ती सागर यादव ने भी इलाज के दौरान अंतिम सांस ली।

**तीन साल पहले हुई थी शादी** - परिजनों के अनुसार, सागर यादव मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। तीन वर्ष पूर्व उसकी शादी श्यामकली से हुई थी। दंपती की कोई संतान नहीं थी। सागर अपने माता-पिता का इकलौता बेटा और चार बहनों का अकेला भाई था। एक साथ दोनों की मौत ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। घटना के पीछे की वजह फिलहाल रहस्य बनी हुई है। परिजन भी यह समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर ऐसी कौन-सी परिस्थितियां बनीं, जिन्होंने दोनों को इतना बड़ा कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। धरमपुर थाना प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया कि पति-पत्नी की मौत जहरीले पदार्थ के सेवन से हुई है। मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है और सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

## प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया रेल कर्मचारियों के प्रेरणास्त्रोत डॉ. एम. राघवैया का 92वां जन्मदिन

**अनूपपुर, देशबन्धु।** भारतीय रेल कर्मचारियों के हितों के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले तथा 12 लाख रेल कर्मचारियों की मजबूत आवाज माने जाने वाले एनएफआईआर (नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमेन) के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. एम. राघवैया का 92वां जन्मदिन 15 जून को पूरे भारतीय रेल के विभिन्न जोनों में प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। एनएफआईआर के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण राव एवं रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल प्रवक्ता गोपी राव ने बताया कि रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण के निर्देश तथा बिलासपुर मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में कार्यकारी अध्यक्ष एवं उपमंडल समन्वयक बिलासपुर रवि धल के नेतृत्व में जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।





रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के प्रेम रूम में आयोजित कार्यक्रम में जोनल अध्यक्ष डी.के. स्वाइन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. राघवैया के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए केक काटा गया तथा उपस्थित कर्मचारियों और पदाधिकारियों के बीच मिठाइयां वितरित की गईं।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. एम. राघवैया के रेल कर्मचारियों के हितों की रक्षा, श्रमिक अधिकारों के संरक्षण तथा संगठन को सशक्त बनाने में दिए गए योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. राघवैया का जीवन रेल कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनका मार्गदर्शन सदैव संगठन को नई दिशा देता रहेगा।

जन्मोत्सव कार्यक्रम में रेलवे मजदूर कांग्रेस के केंद्रीय कोषाध्यक्ष साई किरण, जीएस आईच, शुभम उपाध्याय, शाखा सचिव राना नंदी, पवन उइके, लोकनाथ पटेल, करंजी शाखा अध्यक्ष मनीलाल राजवाड़े, सी. श्रीनिवासराव, गब्बर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

## टीईटी से छूट की मांग को लेकर 18 जून को शिक्षकों का प्रदर्शन, प्रधानमंत्री के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

**अनूपपुर, देशबन्धु।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से छूट की मांग को लेकर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। संघ के आह्वान पर जिले के शिक्षक 18 जून को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करेंगे और प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संजय निगम ने बताया कि राष्ट्रीय संगठन अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर देशभर में यह आंदोलन चलाया जा रहा है। संघ का मुख्य मुद्दा वर्ष 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट दिलाना है।

संघ के अनुसार 29 मई 2026 को आए सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद कक्षा 1



से 8 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए भी टीईटी अनिवार्य हो गई है। इससे लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों के समक्ष नई चुनौती खड़ी हो गई है। शिक्षक संघ का कहना है कि न्यायालय के निर्णय का सम्मान करते हुए भी इस समस्या का समाधान विधायी स्तर पर किया जाना आवश्यक है।

संघ ने मांग की है कि केंद्र सरकार आगामी मानसून सत्र में विशेष विधेयक लाकर वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी छूट प्रदान करे। इसी मांग को लेकर 18 जून को शाम 4 बजे कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा।

जिला अध्यक्ष संजय निगम ने जिले भर के शिक्षकों से आंदोलन में शामिल होकर अपनी मांगों के समर्थन में एकजुट होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह केवल शिक्षकों के अधिकारों का ही नहीं, बल्कि उनके भविष्य और परिवारों की सुरक्षा का भी सवाल है। शिक्षक संघ ने आंदोलन को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान भी शुरू कर दिया है।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 16 जून 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, जेष्ठ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा, नक्षत्र- आद्रा**

मेष - आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। आपको आज नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। कोई नया काम भी शुरू कर पाएंगे। आज आपके विचार जल्दी-जल्दी बदलेंगे।

वृषभ - हाथ में आया हुआ अवसर कन्फ्यूजन के कारण आज आप गंवा सकते हैं और उसका लाभ नहीं ले पाएंगे। आज बहुत से विचार आपको परेशान करेंगे।

मिथुन - आज आपको लाभ होने की उम्मीद है। दिन आरंभ होते ही आपको स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों और सगे-सम्बंधियों के साथ स्वादिष्ट भोजन कर सकेंगे।

कर्क - परिवार में मनमुटाव के अवसर आएंगे, इसलिए मानसिक बेचैनी रहेगी। मन में दुविधा का अनुभव होगा, इसलिए महत्वपूर्ण निर्णय टालना हितकर है।

सिंह - आज आपको विविध लाभ मिल सकते हैं। आपकी दुविधापूर्ण मानसिकता के कारण किसी लाभ से वंचित रह सकते हैं। आपको मित्रों और बुजुर्गों से लाभ होगा।

कन्या - नए काम का आरंभ करने के लिए अपने जो योजना बनाई है, उस पर अमल करने के लिए यह समय बहुत अनुकूल है। बिजनेस में भी लाभ होने का योग है।

तुला - बुद्धिजीवियों या साहित्य प्रेमियों के साथ मुलाकात से आपके ज्ञान में बढ़ोतरी होगी। अच्छा समय व्यतीत करेंगे। नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

वृश्चिक - आपको पेट दर्द, दमा, खांसी जैसी तकलीफें हो सकती हैं, इसलिए स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शरीर और मन अस्वस्थ रहने से बेचैनी रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखना पड़ेगा।

धनु - आज खुशी, आनंद और शांति प्राप्त कर सकेंगे। अच्छे वस्त्र, मित्रों के साथ घूमना- फिरना और स्वादिष्ट भोजन आपके दिन को आनंदमय बनाएंगे।

मकर - आपकी तंदुरुस्ती आज अच्छी रहेगी। आप मान- सम्मान तथा आनंद प्राप्त कर सकेंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ मौज-मस्ती में समय बिताएंगे।

कुंभ - आपका दिन मिश्र फलदायक साबित होगा। विचारों के उथल-पुथल के कारण कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लेना अधिक अच्छा है। प्रवास या यात्रा में विघ्न आ सकता है।

मीन - आज आप में ताजगी और स्फूर्ति का आभाव रहेगा। माता की तबीयत खराब हो सकती है। परिजनों के साथ नाराजगी और अन्य कठिनाइयां आपके मन को भयभीत कर देंगी।

0,3,4,8,01,34,40,88,00,46,66,25

## सोमवती अमावस्या और मिथुन संक्रांति के दुर्लभ महासंयोग पर अमरकंटक में उमड़ा आस्था का सैलाब

**अनूपपुर, देशबन्धु।** सोमवती अमावस्या, मिथुन संक्रांति और पुरुषोत्तम मास के समापन का दुर्लभ महासंयोग सोमवार को अमरकंटक में श्रद्धा और आस्था के महापर्व के रूप में देखने को मिला। मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक में हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र नर्मदा जल में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया, वहीं सुहागिन महिलाओं ने पीपल और वट वृक्षों की 108 परिक्रमा कर अपने पति की दीर्घायु एवं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सोमवती अमावस्या का विशेष महत्व होता है, लेकिन इस वर्ष यह तिथि कई शुभ संयोगों के साथ आई।

धर्माचार्यों के अनुसार लगभग 30 वर्षों बाद पुरुषोत्तम (अधिक) मास में सोमवती अमावस्या का संयोग बना। इसके साथ ही पुरुषोत्तम मास के अंतिम दिन मिथुन संक्रांति होने से पर्व का धार्मिक महत्व और बढ़ गया। शास्त्रों में अमावस्या और संक्रांति के एक साथ पड़ने को 'विषु संक्रांति' कहा गया है, जिसे अत्यंत पुण्यदायी माना गया है।

### 30 वर्षों बाद बना सोमवती अमावस्या और पुरुषोत्तम मास का दुर्लभ संयोग





प्रातः ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालुओं का अमरकंटक पहुंचना शुरू हो गया था। रामघाट, पुष्कर बांध, कोटितीर्थ कुंड और आरंडी संगम सहित विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने स्नान कर जप, तप, ध्यान, दान और पूजन-अर्चन किया। इसके बाद मां नर्मदा उद्गम मंदिर में दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और मंगलमय जीवन की कामना की।

**सुहागिनों ने की 108 परिक्रमा** - सोमवती अमावस्या के अवसर पर जिलेभर में सौभाग्यवती महिलाओं ने पीपल एवं वट वृक्ष का विधि-विधान से पूजन किया। महिलाओं ने वृक्षों में जल अर्पित कर मौली (कलावा) बांधा और 108 परिक्रमा लगाकर पति की लंबी आयु तथा परिवार के सुखद भविष्य की प्रार्थना की। अमरकंटक के नर्मदा मंदिर परिसर, रामघाट और आसपास स्थित पीपल एवं वट वृक्षों के पास दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही।

**स्नान, दान और धार्मिक अनुष्ठानों का मिला विशेष फल** - धर्माचार्यों ने बताया कि इस विशेष अवसर पर किया गया स्नान, जप, तप, दान, हवन, पूजन और दीपदान अक्षय फल प्रदान करने वाला माना जाता है। श्रद्धालुओं ने सूर्योदय से पूर्व स्नान कर सूर्य नारायण को अर्घ्य अर्पित किया तथा अपने इष्टदेवों का पूजन और मंत्रजाप किया। कई स्थानों पर हवन-पूजन और धार्मिक आयोजनों का भी आयोजन हुआ। लोगों ने अन्नदान, वस्त्रदान, गौसेवा और जरूरतमंदों की सहायता कर पुण्य अर्जित किया।

**पुरुषोत्तम मास में धार्मिक आयोजनों की रही धूम** - लगभग एक माह तक चले पुरुषोत्तम मास के दौरान अमरकंटक में धार्मिक वातावरण बना रहा। राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने आश्रमों में आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया। कल्याण सेवा आश्रम, मृत्युंजय आश्रम, शांतिकुंज आश्रम, बर्फानी आश्रम, मार्कण्डेय आश्रम, धारकुंडी आश्रम और गुरु नानक गुरुद्वारा सहित कई धार्मिक संस्थानों में शिव महापुराण, श्रीमद्भागवत महापुराण और नर्मदा महापुराण कथाओं का आयोजन किया गया।

**श्रद्धा और सनातन संस्कृति का अद्भुत संगम** - सोमवती अमावस्या, मिथुन संक्रांति, विषु संक्रांति और पुरुषोत्तम मास के दुर्लभ महासंयोग ने अमरकंटक में श्रद्धा, आस्था और सनातन संस्कृति का अनुपम दृश्य प्रस्तुत किया। मां नर्मदा के तट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की विशाल भीड़ भारतीय धार्मिक परंपराओं की जीवंतता और जनमानस की अटूट आस्था का प्रतीक बनी रही।

## टीआई पर कुल्हाडी व हंसिए से हमला, हालत गंभीर

### ● जाम खुलवाने पहुंचे थे थाना प्रभारी

**सीधी देशबन्धु।** जिले में कानून व्यवस्था को ताक पर रखकर बेखौफ अपराधियों ने कानून व्यवस्था को ही संभालने पहुंचे थाना प्रभारी पर सरेरा जानलेवा हमला कर दिया है। यह हमला जिले के कमरजी थाना प्रभारी इंद्रा सिंह पर किया गया। भीड़ में शामिल आरोपियों ने थाना प्रभारी पर कुल्हाड़ी और हसिए से हमला किया। जिस दौरान उनके सिर पर गंभीर चोटें आई है। फिलहाल इस घटना के बाद गंभीर रूप से घायल हुए थाना प्रभारी को उपचार के लिए सीधी के ही जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका



उपचार फिलहाल अभी जारी है।

दरअसल यह घटना सोमवार की आज दोपहर पटपरा गांव की है। जानकारी के मुताबिक ग्राम पटपरा में एक शासकीय रास्ते को लेकर दो पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर आज कुछ लोगों ने सड़क को ही जाम कर दिया। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी इंदराज सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाइश देकर मार्ग को खुलवाने का प्रयास किया। तभी भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने अचानक से थाना प्रभारी पर कुल्हाड़ी और हसिए से हमला कर दिया है। अचानक हुए इस हमले में थाना प्रभारी के सिर पर गंभीर चोटें आई जिन्हें आननफानन में अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां उनका उपचार फिलहाल अभी जारी है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी भी जिला अस्पताल पहुंचे हैं और घायल थाना प्रभारी का हाल जाना है। एसपी ने बताया कि रास्ते को लेकर उपजे विवाद में कुछ लोगों ने सड़क को जाम किया था। जिसे खुलवाने के लिए पहुंचे थाना प्रभारी पर हमला किया गया है।

### गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही........

थाना प्रभारी पर हमला गंभीर मामला है। पांच थानों का पुलिस बल और एसडीओपी को मौके पर भेजा गया। सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**संतोष कोरी**, एसपी सीधी

### 5 लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज

पुलिस ने इस मामले में दिनेश पटेल उर्फ गुंठी, सुनील पटेल, विनय पटेल, प्रीतम पटेल और रितेश उर्फ सिंटू पटेल को नामजद आरोपी बनाया। आरोप है कि सड़क जाम हटाने से रोकने पर आरोपियों ने पुलिस टीम के साथ मारपीट की और थाना प्रभारी पर धारदार हथियार से हमला किया।

## विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मनाया

### वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति समाज को किया गया जागरूक

**रीवा देशबन्धु।** ब्रह्माकुमारीज़ इन्द्रानगर, रीवा द्वारा 'विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा, अधिकारों एवं उनके प्रति सामाजिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीके नीरू बहन जी ने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, संस्कार और मार्गदर्शन से परिवार एवं समाज को दिशा मिलती है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह अपने बुजुर्गों के प्रति प्रेम, सम्मान और संवेदनशीलता का भाव रखे तथा उनके साथ होने वाले किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार को रोकने के लिए सदैव सजग और जागरूक रहे। इस अवसर पर शेषमणि शुक्ला ने कहा कि वर्तमान समय में संयुक्त परिवारों के विघटन तथा व्यस्त जीवनशैली के कारण अनेक वृद्धजन उपेक्षा और अकेलेपन का सामना कर रहे हैं।



ऐसे में समाज का दायित्व और भी बढ़ जाता है कि वह वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक वातावरण प्रदान करे तथा उनके सुख-दुःख में सहभागी बने। परिवारों में बुजुर्गों को उचित स्थान देकर तथा उनकी आवश्यकताओं का ध्यान रखकर ही हम एक सशक्त, संस्कारित एवं संवेदनशील समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में प्रताप बाबू, बलिराज भाई, गीता शुक्ला, रामकली बहन, कुसुम बहन, एडवोकेट श्याम लाल, कार्तिकेय पाठक, शिवकुमार भाई, सीता पटेल, पुष्पा बहन, रवि भाई, पूजा पटेल, संतोष पटेल, श्रेया सिंह बघेल, विवेक तिवारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थितजनों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, संरक्षण एवं सामाजिक सह भागिता को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ किया गया।

## सार-समाचार

### मोहर्रम की तैयारी बैठक आज रात छोटी दरगाह परिसर में

**रीवा देशबन्धु।** मोहर्रम की तैयारी के सिलसिले में कल 16 जून दिन मंगलवार को बाद नमाज ईशा छोटी दरगाह में एक बैठक बुलाई गई है जिसमे मोहर्रम का चांद नजर आने पर मोहर्रम के कार्यक्रम की तैयारी किस प्रकार से की जाये इस विषय पर चर्चा की जायेगी। इंतजामिया कमेटी वक्फ छोटी दरगाह रीवा के अध्यक्ष अनस अब्बासी ने ढोल, अखाडादारान, ताजियादारान, गिरोह पार्टी एवं मोहर्रम के त्योहार से सम्बंधित सभी से निर्धारित समय में छोटी दरगाह में पहुंचने की अपील की है ताकि मोहर्रम को शांति व सदभाव के साथ मनाया जा सके।



### नहीं रहे पूर्व नगर परि अध्यक्ष जियाउद्दीन के भतीजे, समाजसेवियों ने शोक जताया

**मऊगंज देशबन्धु।** बेहतरीन व्यक्ति अलाउद्दीन खान मऊगंज ने 50 वर्ष की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। बता दें कि अचानक तबियत बिगड़ने के बाद गम्भीर हालत में उन्हें इलाज के लिए रीवा ले जाया गया। जहां पर जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद उन्होंने ने अपना प्राण त्याग दिया। अलाउद्दीन खान के निधन से नगर में मातम छा गया। उनके चाहने बाले स्तब्ध और गमगीन हैं। उनके असामयिक निधन पर शोक जताते हुए अधिवक्ताओं, समाजसेवी एवं पार्षद अन्नू खान ने कहा की हमने परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति हैं और एक अच्छे नेतृत्व को खो दिया है। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष हरि हर शुक्ला ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अलाउद्दीन खान के निधन से बहुत दिनों तक उनकी रिक्तता महसूस की जाती रहेगी। अलाउद्दीन खान के निधन पर उनके निवास पहुंचे पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल, एड ज्ञानेन्द्र सिंह, मकसूद खान, अरविन्द सिंह, महेन्द्र सिंह, अस्सु सिंह, प्रोफेसर अनवर खान, राम लाल मिश्रा,वारसी खान, मृत्युंजय चतुर्वेदी, हनीफ खान, सतीश द्विवेदी, शेख मुख्तार ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत की आत्मा की शांति और इस विपदा की घड़ी में उनके परिवार को यह असीम बेदना सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

खनिज माफिया पर कसेगा शिकंजा, अवैध उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध चलेगा सघन अभियान

### चिन्हित क्षेत्रों में सघन अभियान चलाकर रोकें अवैध खनन: कलेक्टर

**सीधी देशबन्धु।** जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विकास मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवैध खनन की स्थिति, संवेदनशील क्षेत्रों तथा विभागों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को संयुक्त रूप से सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध 73 प्रकरण दर्ज किए गए हैं तथा लगभग 30.19 लाख रुपये का अर्थदण्ड वसूल कर शासकीय कोष में जमा कराया गया है। कलेक्टर ने खनिज, राजस्व, पुलिस, वन विभाग एवं संजय टाइगर रिजर्व के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्रवाई और तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले के विभिन्न उपखंडों के ऐसे क्षेत्रों की समीक्षा की गई जहां अवैध रेत उत्खनन की शिकायतें लगातार प्राप्त होती हैं। कलेक्टर ने इन चिन्हित क्षेत्रों में नियमित निगरानी, आकस्मिक निरीक्षण एवं संयुक्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने जनकल्याण शिविर में हितग्राहियों से किया संवाद, निराकरण के दिए निर्देश

**मऊगंज देशबन्धु।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले में संचालित जनकल्याण शिविरों की प्रगति एवं आमजन को प्रदाय की जा रही सेवाओं का जायजा लेने के लिए मऊगंज एवं हनुमना में आयोजित जनकल्याण शिविरों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने शिविर में हितग्राहियों से सीधे संवाद कर विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, लाभ वितरण एवं समस्याओं के निराकरण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए।

उन्होंने कहा कि जनकल्याण शिविर शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम हैं, इसलिए प्रत्येक अधिकारी पूरी संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। कलेक्टर ने शिविर में



उपस्थित नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा विभिन्न योजनाओं के संबंध में प्राप्त आवेदनों और निराकरण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का शीघ्र परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए तथा लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, राजस्व प्रकरणों, किसान हितग्राही सेवाओं, आयुष्मान कार्ड, समग्र ई-केवाईसी, संबल योजना, फार्मर रजिस्ट्री सहित अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का गंभीरता से निराकरण किया जाए तथा किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने दिया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि शासन का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और जनकल्याण शिविरों को परिणाममूलक बनाएं। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने तथा शिविरों में प्राप्त आवेदनों की सतत समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर संगठन मऊगंज की बैठक सम्पन्न

**मऊगंज देशबन्धु।** 14 जून 2026 को प्रोग्रेसिव पेंशनर संगठन जिला मऊगंज की बैठक श्री सिद्ध हनुमान मंदिर मऊगंज प्रांगण में श्री कर्दम ऋषि तिवारी अध्यक्ष प्रोग्रेसिव पेंशनर संगठन की अध्यक्षता में संपन्न की गई।



जिसमें पेंशनर के छ एरियर एवं धारा 49 जैसी समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई, साथ ही दिनांक 30-06-2026 को 6 सूत्रीय ज्ञापन जिले के कलेक्टर को दिया जाना है। जिसमें सभी पेंशनर्स 3-30 बजे केशव कुंज मऊगंज में उपस्थित हो गए उसके साथ ही 22 जुलाई 2026 को माननीय राज्यपाल व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन को 6 सूत्रीय ज्ञापन दिया जाना है जिसके संबंध में चर्चा की गई। बैठक में मऊगंज शाखा के अध्यक्ष कर्दम ऋषि तिवारी, छ्टरुशर्मा, त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय, रत्नेश कुमार पांडे, श्रीनिवास त्रिपाठीज़ गया प्रसाद मिश्र, बृजमोहन जायसवाल, व्यास मुनि द्विवेदी, राम लखन शर्मा, इष्ट देव तिवारी, डॉक्टर प्रमोद गुप्ता, इंद्रभान, कालिका प्रसाद अध्यक्ष नईगढ़ी, दीनानाथ मिश्र, यज्ञ नारायण द्विवेदी सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## सीधी जिले के सभी विद्यालयों के समय में परिवर्तन

### 16 जून से 30 जून तक प्रातः 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक संचालित होंगी शालाएं

**सीधी देशबन्धु।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान एवं उमस भरी गर्मी को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर विकास मिश्रा ने समस्त विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन संबंधी आदेश जारी किए हैं। यह आदेश मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग एवं राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार स्कूल चलें हम अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत लागू किया गया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार 16 जून 2026 से जिले की सभी शासकीय, अशासकीय, मान्यता प्राप्त, अनुदानित एवं गैर-अनुदानित विद्यालयों के साथ-साथ माध्यमिक शिक्षा मंडल, आईसीएसई एवं सीबीएसई से संबद्ध प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकण्डरी विद्यालय विद्यार्थियों के लिए पुनः संचालित होंगे। गर्मी के वर्तमान हालात को दृष्टिगत रखते हुए नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के लिए 30 जून 2026 तक विद्यालयों का संचालन समय प्रातः 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह व्यवस्था विद्यार्थियों को तीव्र गर्मी एवं लू के प्रभाव से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से की गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि परीक्षाएं एवं मूल्यांकन संबंधी कार्य पूर्व निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार यथावत संचालित होंगे।

## शासकीय महाविद्यालय देवतालाब में रक्तदान संकल्प कार्यक्रम आयोजित

**देवतलाब देशबन्धु।** विश्व रक्तदाता दिवस के पूर्व दिवस पर शासकीय महाविद्यालय देवतालाब में राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई द्वारा रक्तदान जागरूकता एवं संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एन. पटेल के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर हस्स पुरुष इकाई के प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापक श्री रजनीश त्रिपाठी ने स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व से अवगत कराते हुए नियमित रूप से रक्तदान करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है, जो जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में डॉ. लाल बहादुर तिवारी, डॉ. पंकज मैत्रेय, डॉ. नफीस खान, डॉ. धर्मेंद्र पटेल , डॉ. एस. के. पाल तथा डॉ. गोकरण कुशवाहा सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समाज में मानवीय सेवा की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। अधिक से अधिक लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करना रहा।



## जोन स्तरीय निरंकारी बाल संत समागम संपन्न



**रीवा देशबन्धु।** सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के आदेशानुसार, संत निरंकारी मिशन रीवा के तत्वाधान में जोन लेवल निरंकारी बाल संत समागम 14 जून 2026 को चोरहटा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक, ग्वालियर से आए परम आदरणीय बहन शिवानी चौहान जी की पावन हजूरी में संपन्न हुआ, जहां लगभग 250 की संख्या में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने संपूर्ण हरदेव बाणी, संपूर्ण अवतार बाणी, नाटक, कव्वाली, कवि दरबार, कविता, आदि के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम करते हुए मिशन के संदेश को जनमानस तक पहुंचाने का प्रयास किया।

इस बाल समागम में लगी प्रदर्शनी का उद्घाटन परम आदरणीय बहन शिवानी चौहान जी ने रिबन काटकर किया, जहां बच्चों ने निरंकारी मिशन के 97 वर्षों का विवरण दिया और मिशन द्वारा किया जा रहे सामाजिक कार्य, जैस- रक्तदान शिवर, वृक्षारोपण, सफाई अभियान को प्रोजेक्ट के माध्यम से भी प्रस्तुत किए। इस बाल समागम का सुंदर संचालन रीवा की बालसंत भूमि वाधवानी जी व कटनी की बालसंत तमन्ना ममतानी जी ने किया।

इस अवसर को संपन्न कराने में कटनी जोन के बाल संगत इंचार्ज सतना के आदरणीय महात्मा राहुल दुलानी जी एवं रीवा से बहन जया गंगवानी जी की अहम भूमिका रही। इस समागम में रीवा के साथ-साथ सतना, कटनी, मैहर, छतरपुर, नागौद, दामोह, पन्ना के बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी एवं इन सभी शहरों से संतों ने पहुंचकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और समागम का आनंद लिया। अंत में सभी संतों के लिए लंगर प्रसाद की सेवा भी की गई थी। कटनी जोन के जोनल इंचार्ज परम आदरणीय महात्मा नवनीत नागपाल जी एवं रीवा ब्रांच के संयोजक परम आदरणीय बहन राजकुमारी ककवानी जी ने आए हुए सभी संतो का हृदय से आभार व्यक्त किया।




### कार्यालय अध्यक्ष एवं अनुविभागीय अधिकारी गौधाम ग्राम हिनौती विकासखंड, गंगेव जिला रीवा (म.प्र.)

क्रमांक - 1515-2/ गौधाम / 2026-27 रीवा, दिनांक..12/06/2026

### निविदा आमंत्रण

वर्ष 2026 - 27 के लिये गौधाम ग्राम हिनौती विकासखंड गंगेव जिला रीवा ( म.प्र. ) गौशाला हेतु दिनांक 30 / 06 / 2027 तक गौशाला में आश्रित गौवंशों के भरण-पोषण हेतु गेहूँ का भूसा एवं धान के पैरे का भूसा तथा पशु आहार न्यूनतम 16% CP, चुनी, चोकर, साइलेज, सॉल्ट-लिक ( मिनिरल ब्लॉक ), नमक ( कॉमन साल्ट ) क्रय करने हेतु निविदा, निविदा प्रकाशन दिनांक से दिनांक-23 / 06 / 2026 तक सील बन्द लिफाफे में कार्यालय सचिव / उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला रीवा ( म.प्र. ) में आमंत्रित की जाती है। इच्छुक प्रदायकर्ता निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 23/06/2026 तक निविदा जमा कर सकते है। निविदा खुलने की कार्यवाही दिनांक 24 / 06 / 2026 को सायं 4.00 बजे कार्यालय सचिव / उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला रीवा ( म.प्र. ) में की जावेगी। निविदा हेतु विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र दिनांक 22/06/2026 तक निर्धारित शुल्क रू.500.00 जमा कर कार्यालय सचिव / उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला रीवा ( म.प्र. ) से प्राप्त कर सकते है।

सचिव/उपसंचालक
गौधाम ग्राम हिनौती वि.ख. गंगेव
जिला रीवा ( म.प्र. )


## तराई अंचल के पत्रकारों ने मीडिया जनसंवाद में सुनी आम जनता की पीड़ा

**जवा देशबन्धु।** क्षेत्र की समस्याओं और आम जनता की आवाज को बुलंद करने के उद्देश्य को लेकर तराई अंचल पत्रकार संघ जवा त्योंथर द्वारा कलम हमारी आवाज आपकी के अंतर्गत मीडिया जनसंवाद का आयोजन जवा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत गढ़वा में किया गया। मीडिया जनसंवाद में विभिन्न समाचार पत्रों चैनलों के स्थानीय पत्रकार उपस्थित रहे और गढ़वा की जनता से सीधा संवाद किया।

जनता के द्वारा विभिन्न समस्याओं से मीडिया के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। जिनमें सामूहिक से लेकर निजी समस्याएं सामिल रहीं।जनता की आवाज ने प्रशासनिक नेट नियति पर जहां प्रश्न चिन्ह लगाया वहीं जन प्रतिनिधियों की जनता के प्रति जवाबदेही और संवेदनशीलता के घड़ियाली दावों पर से पर्दा उठाया।

जनसंवाद में उपस्थित अमरनाथ साहू ने गढ़वा गांव में विद्युत की समस्या पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि 1987 में गांव में विद्युतीकरण हुआ था। तबसे केवल एकबार केविल बदली गई है।लगभग दस वर्षों से केविलों में विद्युत सप्लाई ठीक से नहीं हो पा रही है। अनेकों बार विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों एवं जन प्रतिनिधियों से फरियाद की गई परंतु आज तक केविल नहीं बदली गई जिससे हम गांववासी परेशान हैं और नित खतरों के बीच जीने को मजबूर हैं। किसान मायालाल सिंह ने जनसंवाद में बताया कि पानी की निकासी



### कलम हमारी, आवाज आपकी

स्थान पर लोगों द्वारा मकान बना लेने से गांव डूबे क्षेत्र में सामिल हो चुका है जिस पर न शासन प्रशासन और न नहर विभाग कोई पहल कर रहा है।जब बारिश हो जाती है तब पानी न निकल पाने से गांव सहित लगभग 200 एकड़ कृषि भूमि डूब जाती है।घर तो किसी कदर अभी तक बचा पाने में सफल हो पा रहे हैं परंतु फसल से किसानों को हांथ धोना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पहले नहर विभाग द्वारा बड़ी बड़ी पाइप लगाकर पानी की निकासी की व्यवस्था की थी जिससे पानी निकल जाता था। परंतु अतिक्रमण होने और पंचायत द्वारा छोटी वाली बनाने से अब यह समस्या और विकराल हो गई है।जनसंवाद में रामकृष्ण मौर्य ने बताया कि गढ़वा गांव से रतौंहा तालाब तक का मार्ग चलने लायक नहीं बचा है।बारिश होते ही आवागमन पूरी तरह बंद हो जायेगा। बच्चों को स्कूल आने जाने के लिए साथ ही बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए बड़ी परेशानी होगी। जनसंवाद में पेयजल की समस्या पर जयकरण वर्मा ने बताया कि की हैंडपंप बंद पड़े हैं।कुछ को बनाने के नाम पर विभाग के लोगों ने खोला और पाइप राड गाड़ी में लाल कर लें गये और आज तक नये पाइप राग लेकर हैंडपंपों को बनाने नहीं लौटे। जिससे बिजली न रहने पर गरीबों को पानी का संकट झेलना पड़ता है। उन्होंने बताया कि रामगरीब केवट के घर के पास नथिया वर्मा के घर के पास मेरे घर के पास शिव मंदिर के पास और मिश्री लाल गुप्ता के घर के पास के हैंडपंपों का सामान विभाग के लोग ले गये हैं एक साल बीतने को है अनेकों बार शिकायत की गई परंतु आज तक नहीं बनाये गये। अब सवाल उठता है कि मुख्य सड़क के किनारे जनपद मुख्यालय के समीपी बसे ग्राम पंचायत में शासन प्रशासन का यह चेहरा सामने आ रहा है तो दूर दराज की पंचायतों और गांवों का हाल क्या होगा।क्या शासन प्रशासन बिना जबावदेही के औपचारिक मात्र है।और क्या 181 मुख्यमंत्री पोर्टल जिस पर शिकायत दर्ज कराने के बाद भी शिकायतों समस्याओं का निराकरण नहीं होता जनता को बेवकूफ बनाने का माध्यम मात्र बन कर रह

## ट्रंप ने नेतन्याहू को बताया 'सख्त इंसान', बोले- उन्हें हमारा आभार मानना चाहिए

**वाशिंगटन, ( आईएएनएस )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने प्यारे दोस्त बीबी यानी इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को %सख्त% इंसान बताया है। एक साक्षात्कार में उन्होंने ये भी दावा किया कि अगर परमाणु समझौता नहीं हुआ तो ईरान पर हमले फिर हो सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका मध्य पूर्व का संरक्षक बनने पर विचार कर सकता है और बदले में क्षेत्र की आय का 20 प्रतिशत हिस्सा ले सकता है। एक इंटरव्यू में ट्रंप ने दावा किया कि ईरान के साथ हुआ नया समझौता अंततः यह सुनिश्चित करेगा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज स्थायी रूप से टोल-फ्री रहे। यह जलमार्ग वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। ट्रंप ने इंटरव्यू में इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू को कठोर करार दिया। उन्होंने कहा कि नेतन्याहू को अमेरिका का आभारी होना चाहिए क्योंकि अमेरिका की पहल ने क्षेत्र को बड़े संकट से बचाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, वह बहुत मुश्किल आदमी हैं। और सच कहूं तो उन्हें हमारे प्रति बहुत आभारी होना चाहिए। क्योंकि यदि ईरान के पास परमाणु हथियार होता, तो इजरायल दो घंटे भी नहीं टिक पाता।

# टेक टैक्स हटाओ, वरना फ्रेंच वाइन-शैंपेन पर 100 प्रतिशत टैरिफ, ट्रंप ने फ्रांस को दी खुली धमकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रांस द्वारा लगाए गए डिजिटल सेवा करको तुरंत हटाने की मांग करते हुए फ्रांसीसी शराब, शैंपेन और अन्य वाइन उत्पादों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की कड़ी चेतावनी दी है। यह धमकी जी-7 शिखर सम्मेलन शुरू होने से महज कुछ घंटे पहले आई है, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने फ्रासीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से सीधे कहा है कि अमेरिकी टेक कंपनियों पर लगाया गया यह कर तुरंत समाप्त किया जाए, अन्यथा फ्रांस से आने वाले सभी शैंपेन, वाइन और संबंधित उत्पादों पर भारी टैरिफ लगाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। ट्रंप ने कहा कि मैक्रों को बस यह बिक्री कर खत्म करना है। अगर वे ऐसा कर देते हैं तो उन पर इस तरह का कोई दबाव नहीं रहेगा।



**डिजिटल सेवा कर विवाद क्या है?-** फ्रांस ने वर्ष 2019 में बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियों पर तीन प्रतिशत का डिजिटल सेवा कर लागू किया था। इस कर का दायरा उन कंपनियों पर है जो फ्रांस में राजस्व कमाती हैं, जिसमें फेसबुक, अमेजन, एप्पल, गूगल (अल्फाबेट) जैसी अमेरिकी दिग्गज कंपनियां शामिल हैं। फ्रांस का तर्क है कि ये कंपनियां देश में भारी मुनाफा कमाती हैं लेकिन कर चुकाने से रणनीतिक रूप से बचती हैं। ट्रंप प्रशासन इसे अमेरिकी कंपनियों के खिलाफ भेदभावपूर्ण नीति मानता है।

**फ्रांसीसी वाइन उद्योग पर संकट-** फ्रांसीसी वाइन और स्पिरिट निर्यातकों के महासंघ के अनुसार, अमेरिका फ्रांसीसी वाइन और स्पिरिट का सबसे बड़ा आयातक देश है। पिछले साल कुल निर्यात का करीब 21 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका के पास था। हालांकि, पहले से ही अमेरिकी बाजार में फ्रांसीसी वाइन पर 15 प्रतिशत शुल्क (पहले 10 प्रतिशत) लग रहा है। पिछले वर्ष अमेरिका को फ्रांसीसी वाइन और स्पिरिट के निर्यात में 21 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई थी। यदि ट्रंप अपनी धमकी पर अमल करते हैं तो फ्रांसीसी वाइन उद्योग को और गहरा झटका लग सकता है। फ्रांस की अर्थव्यवस्था में वाइन और शैंपेन निर्यात महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और लाखों लोगों की आजीविका इससे जुड़ी हुई है।

**ट्रंप की पुरानी रणनीति-** हालांकि यह पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने फ्रांसीसी शराब पर टैरिफ की धमकी दी हो। जनवरी में ट्रंप ने 'गाजा शांति बोर्ड' में शामिल होने के निमंत्रण को अस्वीकार करने पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने की चेतावनी दी थी।

## अमेरिका-ईरान समझौते के बाद इजरायल की दो टूक-दक्षिणी लेबनान से पीछे नहीं हटेगी आईडीएफ

**तेल अवीव, ( आईएएनएस )।** अमेरिका और ईरान ने लंबी बातचीत के बाद शांति समझौता करने का ऐलान किया। हालांकि, इजरायल अमेरिका के ईरान डील से काफी नाराज नजर आ रहा है। इजरायल ने दो टूक शब्दों में कहा है कि इजरायल दक्षिणी लेबनान से पीछे नहीं हटेगा। इजरायल के रक्षा मंत्री इजराइल कॉट्ज ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद इजरायल दक्षिणी लेबनान से पीछे नहीं हटेगा, जिसमें हिज्बुल्लाह के खिलाफ लड़ाई खत्म करना भी शामिल है।

कॉट्ज ने एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और मैं एक स्पष्ट नीति पर चल रहे हैं, जिसके तहत आईडीएफ बिना किसी टाइम लिमिट के लेबनान, सीरिया और गाजा के सुरक्षा जोन में रहेगा, ताकि सीमा और इजरायली समुदाय को जिहादी तत्वों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि सुरक्षा जोन से स्थानीय लोगों को हटा दिया जाएगा और जमीन के ऊपर और नीचे सभी आतंकवादी ढांचों को खत्म कर दिया जाएगा, जिसमें कॉन्टैक्ट-लाइन गांवों के घर भी शामिल हैं। यह आतंकवादियों के गुप्त ठिकानों के तौर पर काम करते थे। इजरायल के रक्षा मंत्री ने कहा कि सुरक्षा जोन पर कब्जा बनाए रखना युद्ध में आईडीएफ की सबसे बड़ी कामयाबियों में से एक है। इसलिए, हम लेबनान से आईडीएफ की वापसी का विरोध करते हैं, भले ही मौजूदा दबाव हों और जो भी आएंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने ये बातें अमेरिकी राष्टपति ट्रंप और दूसरे सीनियर अमेरिकी अधिकारियों को साफ कर दी थीं। मैंने भी अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेगसेथ को यह स्पष्ट कर दिया था।

### आज का इतिहास

1779 – स्पेन ने ब्रिटेन के खिलाफ जंग का आगाज किया।

1903– पेप्सी-कोला का ट्रेडमार्क आधिकारिक रूप से पंजीकृत किया गया।

1903– प्रसिद्ध फोर्ड मोटर कंपनी की स्थापना हेनरी फोर्ड और 11 अन्य निवेशकों द्वारा की गयी।

1911 – न्यूयार्क में आईबीएम कंपनी की स् थापना। पहले इसका नाम कंप्यूटिंग टैब्यूलेटिंग रिकार्डिंग कंपनी था।

1925 – राष्टवादी नेता चितरंजन दास का निधन हुआ।

1950 – हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती का जन्म हुआ।

1963 – रूस की 26 वर्षीय अंतरिक्ष यात्री लेफ्टिनेंट वैलेनटीना तेरेशकोवा ने वोस्तोक 6 के जरिए अंतरिक्ष की उड़ान भरी। वह अंतरिक्ष की अथाह गहराइयों की ओर रवाना हुई विश्व की पहली महिला थीं।

### सुडोकू 7303

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 2 | 8 | 1 | | | | 3 |
| | | | 4 | | | 5 | 1 | |
| | | 1 | | | | | | |
| | | 4 | | 9 | | | 6 | |
| | | 8 | | | | 2 | | |
| | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | | | | | 6 | | |
| | 8 | 9 | | | 1 | | | |
| 5 | | | | 3 | 9 | 4 | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

### जम्मू में कार-बस की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत

**जम्मू।** जम्मू के बाहरी इलाके में नगरोटा के पास सड़क दुर्घटना में हरियाणा के रहने वाले तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि जम्मू की ओर जा रही एक कार और उधमपुर की ओर जा रही एक बस की नगरोटा इलाके में जगती के पास शनिवार देर रात आमने-सामने टक्कर हो गई। कार में पांच लोग सवार थे। घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। दो लोगों को अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई।

### महाराष्ट्र में मॉनसून में देरी से चिंता बढ़ी

**पुणे।** महाराष्ट्र में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की धीमी चाल और राज्य में इसके आगे बढ़ने में हो रही देरी को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। बारिश के पैटर्न पर अल-नीनो के संभावित असर की पहले दी गई चेतावनियों के बावजूद, महाराष्ट्र के बड़े हिस्सों में अभी भी अच्छी मॉनसून बारिश का इंतजार है, जिससे बुवाई का काम रुका हुआ है और किसानों में चिंता बढ़ रही है। कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे आधिकारिक निर्देश मिलने तक बुवाई शुरू न करें।

### आंध्र प्रदेश में कृष्णा नदी में नाव पलटने से चार डूबे

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के पालनाडु जिले में रविवार को कृष्णा नदी में एक नाव के पलट जाने से तीन बच्चों सहित चार लोग डूब गए। यह घटना जिले के अचम्पेट मंडल के कोनूर में हुई। पुलिस के मुताबिक, एक ही परिवार के 10 लोग कोनूर में एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के लिए नाव में सवार हुए थे। घर लौटते समय नाव पलट गई और सभी डूबने लगे। इनमें से छह को ग्रामीणों ने बचा लिया, जबकि चार लोग लापता हो गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तलाशी अभियान चलाया। बाद में उन्हें सभी चार लापता व्यक्तियों के शव मिले।

### मणिपुर में सेना की फर्जी गाड़ी से 15.35 किग्रा अफीम जब्त

**इम्फाल।** मणिपुर के सेनापति जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सैन्य अधिकारी के फर्जी प्रतीक चिह्नों (इंसिग्निया) वाली गाड़ी से 15.350 किग्रा संदिग्ध अफीम जब्त की है। यह कामयाबी सेनापति जिले के टी. खुल्लेन चेक पोस्ट पर तलाशी अभियान के दौरान मिली। यह कार्रवाई सेनापति के पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सेनापति पुलिस की विशेष अभियान टीम, डी-78 सीआरपीएफ, बी-109 क्यूएटी सीआरपीएफ व 16 असम राइफल्स की संयुक्त टीम द्वारा की गई। इनोवा कार को सत्यापन को रोका गया, जिस पर वीआईपी फ्लैग पोस्ट (झंडा लगाने का डंडा) लगा हुआ था, लेकिन उसके साथ कोई सुरक्षा एस्कॉर्ट नहीं था।

# मजबूरी में करनी पड़ी ईरान से डील? तीन महीने के युद्ध में क्या हासिल कर पाए डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच 100 दिनों से ज्यादा से चल रहे युद्ध के आखिरकार खत्म होने का समय आ गया है। शुक्रवार को जिनेवा में दोनों देशों के बीच फाइनल डील पर साइन होने वाले हैं। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमला कर तो दिया था लेकिन इसके बाद अमेरिका समेत पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था हिल गई थी। डोनाल्ड ट्रंप किसी भी कीमत पर अपनी हार नहीं स्वीकार करना चाहते थे और दूसरी तरफ इजरायल के दबाव की वजह से समझौता लंबा खिंचता चला गया। अब उम्मीद की जा रही है कि होर्मुज खुलने के बाद दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आएगी।

**पूरा नहीं हो पाया अमेरिका का टारगेट-** ईरान पर हमला करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपने जो-जो लक्ष्य बताए थे वे अब तक भी नहीं हासिल हो पाए। ईरान ने इतना वादा जरूर किया है वह परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। हालांकि परमाणु संवर्धन पर पूरी तरह से रोक को लेकर ईरान ने कोई सहमति नहीं जताई है। इसके अलावा अमेरिका होर्मुज पर भी अपना नियंत्रण चाहता था। वहीं समझौते में स्पष्ट है कि होर्मुज पर पूरा नियंत्रण ईरान का रहेगा। ईरान के पक्ष में यहां तक कहा गया है कि उसके आंतरिक मामलों में अमेरिका किसी भी तरह का दखल नहीं दे सकेगा। होर्मुज पर भी ईरान का ही नियंत्रण है ऐसे में समझौते के मुताबिक अमेरिका का वहां भी प्रतिबंध लगाने का कोई अधिकार नहीं होगा।

**युद्ध रोकना, डोनाल्ड ट्रंप की मजबूरी-** डोनाल्ड ट्रंप का सबसे बड़ा टारगेट था कि ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को एकदम से रोक दिया जाए। लेकिन यह लक्ष्य अभी हासिल होता हुआ नहीं दिख रहा है। जानकारों का कहना है कि हजारों की संख्या में लोगों की मौत और अर्थव्यवस्था को तहस-नहस होते देखने के बाद डोनाल्ड ट्रंप की मजबूरी बन गई थी कि किसी तरह से इस युद्ध से छुट्टी ली जाए। वहीं नवंबर में अमेरिका में मिडटर्म इलेक्शन भी होने हैं। इसे देखते हुए भी डोनाल्ड ट्रंप किसी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। डोनाल्ड ट्रंप के विरोधियों का कहना है कि यह डील अमेरिका के पक्ष में नहीं बल्कि ईरान के पक्ष में है। ईरान ने भी इसे अपनी जीत बताया है। फाइनल डील पर दोनों देशों के बीच 60 दिनों की वार्ता होगी। अमेरिका चाहता था कि ईरान कमजोर पड़ जाए लेकिन ईरान लगातार अमेरिकी हमलों का जवाब देता रहा और डोनाल्ड ट्रंप के दावे फेल करता रहा। ईरान ने इतना तो दिखा दिया है कि तेल के भंडार और होर्मुज पर अधिकार की वजह से दुनियाभर में उसकी क्या अहमियत है।

**क्या नहीं हासिल कर पाए डोनाल्ड ट्रंप**


डोनाल्ड ट्रंप ईरान को बिना किसी शर्त के सरेंडर करवाना चाहते थे जो कि वह नहीं कर पाए। डोनाल्ड ट्रंप चाहते थे कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो और उनके इशारे पर चलने वाली सरकार बना दी जाए। इस मनसूबे में भी वह कामयाब नहीं हो पाए। डोनाल्ड ट्रंप ईरान के मिसाइल प्रोग्राम पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाना चाहते थे। एमओयू में मिसाइल प्रोग्राम पर भी कोई सख्त बात शामिल नहीं की गई है।

# अमेरिकी हमलों में मारे गए भारतीय नाविकों के लिए एफएसयूआई ने ट्रंप और भारत सरकार से की मुआवजे की मांग

**नई दिल्ली, ( आईएएनएस )।** अमेरिका और ईरान में फरवरी से शुरू हुए तनाव का असर दुनिया के अन्य देशों पर भी देखने को मिला। होर्मुज स्ट्रेट दोनों देशों के बीच तनाव के अहम मुद्दों में से एक रहा। हालांकि, अमेरिका और ईरान के बीच अब शांति समझौते का ऐलान कर दिया गया है। ऐसे में अमेरिकी हमलों में मारे गए भारतीय नाविकों के लिए नाविकों के अधिकारों की बात करने वाले संगठन फॉरवर्ड सीमेन यूनियन ऑफ इंडिया (एफएसयूआई) के महासचिव मनोज यादव ने भारत और अमेरिकी सरकार से 1 करोड़ मुआवजे की मांग की है। एफएसयूआई के जनरल सेक्रटरी मनोज यादव ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से कहा, हम नाविकों की तरफ से इस शांति समझौते का स्वागत करते हैं। आज सुबह मीडिया में इसकी जानकारी दी गई और ईरान के उप विदेश मंत्री ने इसका समर्थन किया।

अगर यह समझौता सच होता है तो हम बधाई देना चाहेंगे, क्योंकि अभी हजारों भारतीय नाविक वहां फंसे हुए हैं। पिछले हफ्ते, कई ऐसी घटनाएं सामने आईं, जिनमें भारतीय नाविकों और जहाजों पर हमला किया गया है। बदकिस्मती से, इन घटनाओं में हमने अपने तीन नाविकों को भी खो दिया है। भारतीय नाविकों की मौत को लेकर उन्होंने कहा, प्राकृतिक मौत एक बात है और एक्सीडेंटल मौत दूसरी। इन नाविकों की मौत बहुत अलग हालात में हुई और बयान के मुताबिक अमेरिका इसके लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है। इन नाविकों ने लड़ाई में शामिल न होने के बावजूद अपनी जान गंवा दी। उन्होंने भारत सरकार से मारे गए नाविकों के परिवारों के लिए मुआवजे के तौर पर 1 करोड़ की मांग की। ट्वीट करके यह भी अपील की गई है कि हर प्रभावित परिवार को पांच मिलियन डॉलर का मुआवजा दिया जाए। इसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल हैं। इससे पहले 35 वर्षीय निशांत उर्थनाथन की मौत की जानकारी देते हुए फॉरवर्ड सीमेन्स यूनियन ऑफ इंडिया (एफएसयूआई) ने कहा था, नाविकों के लिए एक और दुखद घटना है। एमटी सेलेस्टियल के दूसरे अधिकारी की 11 तारीख को शाम 6 बजे समय पर मेडिकल मदद न मिलने की वजह से मौत हो गई। दो दिन बाद भी पार्थिव शरीर जहाज पर ही है। ओमान के पोर्ट दुकम ने वाई-फाई/कम्युनिकेशन बंद कर दिया है और अधिकारी कोई जवाब नहीं दे रहे हैं।

### वर्ग पहेली 7303



**बायें से दायें:-**

१. अमृत (उर्दू)
४. पैरों के निशान
६. चाल, गति, (उर्दू)
७. तोड़फोड़, बरबादी
८. जंगली हाथी
१०. चुप, मौन (उर्दू)
११. क्षतिपूर्ति (उर्दू)
१३. कदाचित (उर्दू)
१४. तरक्की
१५. चाल चलने वाल , धूर्त (उर्दू)
१७. धनुष (उर्दू)
११. अभिरुचि, एक देवी
२२. ठंड से कांपना
२४. बाल्यावस्था

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीवनयापन का साधन
२. सहयात्री (उर्दू)
३. दया करना (उर्दू)
४. पराधीन
५. एक प्रसिद्ध पक्षी
९. अपने शत्रु का नाश करने वाला
११. गर्भ (उर्दू)
१२. उचित वैध (उर्दू)
१३. राजा, सत्ताधारी
१४. भरोसेमंद
१५. चापलूस
१६. बचपन
१८. दक्ष, निपुण (उर्दू)
१९. रोमांच, हर्ष
२०. जटिल, मुश्किल
२३. विख्यात

### वर्ग पहेली-7302

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ बु | ल | २ बु | ल | ■ | ■ | ३ प्र | ति | ४ प | क्षी |
| झौ | ■ | न | ■ | ५ बु | लं | दी | ■ | रि | ■ |
| ६ व | र्द्ध | क | ■ | ला | ■ | ७ प | द | चि | न्ह |
| ल | ■ | ८ र | ९ थ | वा | ह | क | ■ | त | ■ |
| ■ | १० ब | ■ | प | ■ | ■ | ■ | ११ नृ | ■ | १२ ह |
| १३ ए | का | ए | क | ■ | १४ अ | ■ | १५ प | रा | स्त |
| ■ | सु | ■ | १६ ना | प | सं | द | ■ | ■ | रे |
| १७ नी | र | व | ■ | ■ | भ | ■ | १८ ब | १९ र | खा |
| र | ■ | ■ | २० या | या | व | २१ र | ■ | फ्ता | ■ |
| २२ ज | ह | न्नु | म | ■ | ■ | २३ सा | धा | र | ण |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**अभियान** झारखंड में एसआईआर के तहत मतदाताओं की मैपिंग, ईसी बोला

# मतदाताओं को फिलहाल दस्तावेज जमा करने की जरूरत नहीं

**रांची, ( एजेंसियां )। झारखंड में विशेष मतदाता पुनरीक्षण ( एसआईआर ) अभियान के तहत अब तक 2.64 करोड़ मतदाताओं में से 2.11 करोड़ यानी करीब 80 प्रतिशत मतदाता अपना या अपने माता-पिता का मैपिंग कार्य पूरा कर चुके हैं। इस बीच दस्तावेज जमा करने को लेकर फैल रही भ्रम की स्थिति पर चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि मौजूदा चरण में अधिकांश मतदाताओं को कोई दस्तावेज देने की जरूरत नहीं है।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रविवार को कहा कि गणना (इन्यूमरेशन) चरण के दौरान मतदाताओं से किसी प्रकार का दस्तावेज एकत्र नहीं किया जाएगा। मतदाताओं को केवल भरा हुआ और हस्ताक्षरित इन्यूमरेशन फॉर्म तथा एक हालिया रंगीन फोटो बीएलओ को उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं ने अपने या अपने माता-पिता के नाम का मिलान (मैपिंग) पहले की मतदाता सूची से कर लिया है, उनका नाम बिना किसी अतिरिक्त दस्तावेज के प्रारूप मतदाता सूची में शामिल रहेगा। जिन मामलों में



■ प्रदेश में 80 प्रतिशत मैपिंग कार्य हुआ पूर्ण : के. रवि कुमार

कुछ त्रुटियां या विसंगतियां हैं, उनमें भी संबंधित निर्वाचन अधिकारी और बीएलओ उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर सुधार का प्रयास करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि दस्तावेज केवल उन्हीं चुनिंदा मामलों में मांगे जाएंगे, जहां सत्यापन के दौरान कोई आपत्ति या संदेह सामने आएगा। ऐसे मतदाताओं को 5 अगस्त से शुरू होने वाली नोटिस एवं सत्यापन अवधि के दौरान अलग से सूचना दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर पहले से तैयार फॉर्म वितरित करेंगे और भरे हुए फॉर्म वापस लेकर उन्हें डिजिटल रिकॉर्ड में शामिल करेंगे। इस प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए ही शुरुआती चरण में दस्तावेज जमा करने की बाध्यता नहीं रखी गई है। नए मतदाताओं के लिए अलग व्यवस्था है। जो नागरिक 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेंगे और पहली बार मतदाता बनना चाहते हैं, उन्हें निर्धारित घोषणा-पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के साथ फॉर्म-6 जमा करना होगा। निर्वाचन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे दस्तावेज जमा करने को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक निर्देशों के आधार पर ही प्रक्रिया में भाग लें। इस प्रकार, 2026 की मतदाता सूची के मौजूदा मतदाताओं की बहुत ही न्यूनतम संख्या को केवल 5 अगस्त 2026 के बाद ही दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता होगी, और वह सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज यानी पिछली एस आई आर के उद्धरण की सत्यापित प्रति, आपके विधानसभा क्षेत्र के एईआरओ/ईआरओ /बीएलओ के पास पहले से उपलब्ध है। झारखंड की 2026 की मतदाता सूची में मौजूद और अपना या माता-पिता का मैपिंग पूरा कर चुके वे मतदाता, जो झारखंड के किसी अन्य निर्वाचन क्षेत्र में स्थानांतरित होना चाहते हैं, उन्हें कोई दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है।




# काई हावर्ज के दो गोल से जर्मनी का पहली बार शिरकत रहे कुरासाओ पर बड़ी जीत से आगाज

ठ्ठ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 15 जून (देशबन्धु)। काई हावर्ज के दो तथा फेलिक्स नेमचा, निको श्लोटरबैक, जमाल मुसाइला, नथाइनल ब्राउन और डेनिज अंदव के एक एक गोल से चार बार की चैंपियन जर्मनी ने गोल की बारिश करते हुए पहली बार शिरकत कर रही कुरासाओ को फीफा विश्व कप फुटबॉल 2026 में ग्रुप ई के मैच में ह्यूस्टन स्टेडियम में सोमवार को 7-1 की बड़ी जीत के साथ आगाज किया। जर्मनी के स्ट्राइकर काई हावर्ज दोनों हाफ के ठीक पहले एक एक एक गोल कर मैन ऑफ द' मैच रहे। चीफ कोच जूलियन नगेलसमन अपने मार्गदर्शन में जर्मनी के बड़ी जीत से आगाज करने पर बेशक बहुत खुश होंगे।

फ्लोरियन विर्ज के साथ बेहतरीन तालमेल से आगे बढ़ उनसे मिली गेंद को बॉक्स के भीतर पहुंच कर फेलिक्स नेमचा ने मैच के छठे मिनट में ही गोल दाग कर जर्मनी का खाता खोला। लिवानो कोमांशिया ने 21वें मिली जर्मनी की रक्षापंक्ति की चूक का लाभ उठा कर बहुत ही नफासत से गेंद को गोल में डाल कर कुरासाओ को एक एक की बराबरी दिला दी। निको श्लोटरबैक ने कॉर्नर किक पर सिर से 38वें मिनट में गोल कर जर्मनी को 2-1 से आगे कर दिया। काई हावर्ज ने पहला हाफ खत्म होने से ठीक पहले हाफ इंजुरी टाइम खत्म होने से ठीक पहले मिली पेनल्टी किक पर गोल कर जर्मनी को हाफ टाइम तक 3-1 से आगे कर दिया था। कुरासाओ के रिचले बाजोइर ने बॉक्स के अंदर नेमचा को पहले हाफ में इंजुरी टाइम से ठीक पहले गिराने पर जर्मनी को पेनल्टी किक मिली थी। जमाल मुसाइला ने जोशुआ किमिच के कुराकाओ की रक्षापंक्ति को छका दिए बेहतरीन पास पर दूसरे हाफ के दूसरे मिनट में गोल कर जर्मनी को 4-1 से आगे कर पूरी तरह उसकी मैच पर पकड़ बना दी। अपने करियर का पहला विश्व कप मैच खेल रहे नथाइनल ब्राउन ने मैच के 68 वें मिनट में गजब की वॉली लगा गोल कर जर्मनी को 5-1 से आगे कर दिया। डेनिज अंदव ने दस मिनट बाइ गोल कर जर्मनी को 6-1 से आगे कर दिया। काई हावर्ज ने खेल खत्म होने से दो मिनट पहले मैच का अपना दूसरा गोल कर जर्मनी को 7-1 के अंतर से मैच जिता दिया।



### जीत से आगाज करने से मैं खुश : जूलियन नगेलसमन

जर्मनी के कोच जूलियन नगेलसमन ने अपनी टीम की बड़ी जीत पर कहा, ' हमारे बढ़त लेने के बाद कुरासाओ के मैच में बराबरी पाने के बाद हमें मैच में वापसी में कुछ ही मिनट लगे। हमने देखा की कुरासाओ भी फुटबॉल खेल सकता है। मैं यह देखने को बेताब हूं कि आगे चल उनका प्रदर्शन कैसा रहता है। मैं अपनी जर्मनी की टीम के सात गोल करने और मैच में उसके प्रदर्शन से खुश हूं। जीत से आगाज करना अहम होता है हमें खुशी है कि हम ऐसा करने में कामयाब रहे।

### मेरे लिए अपना यह पांचवां विश्व कप खास है :नूएर

40 बरस 79 दिन की उम्र में विश्व कप में खेलने उतर गोलरक्षक मैनुअल नूएर जर्मनी के लिए लोथार मैथायस के रिकॉर्ड के तोड़ उसके लिए किसी बड़े टूर्नामेंट में खेलने उतरने वाले सबसे उम्रदराज फुटबॉलर बन गए। अपनी टीम की बड़ी जीत के बार नूएर ने कहा,'फुटबॉल खेलने का अपना ही मजा है और बदलू खिलाड़ी मैच में उर्जा लाते हैं।आप हमारी टीम की एकता को देख सकते हैं। यह कोई ब्राजील की टीम विश्व कप में नहीं खेल रही थी यह कुरासाओ की पहली बार खेलने वाली टीम थी। हमारे लिए अच्छा रहा हमने कुरासाओ के खिलाफ इस विश्व कप में अपने पहले मैच में जीत से आगाज किया। मुझे 2010 में विश्व कप में जर्मनी के लिए खेला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला मैच आज भी याद है।मैं आज भी विश्व कप में खेलने को लेकर उसी तरह रोमांचित हूं कि जैसे की यह विश्व कप में पहला मैच है। आप या तो फुटबॉल करते हैं या फिर नहीं। मेरा यह पांचवा विश्व कप है और इसलिए मेरे लिए यह खास है।'

## अमाद के आखिरी मिनट में दागे गोल से आइवरी कोस्ट ने इक्वेडोर को दी शिकस्त

बदलू स्ट्राइकर अमाद डियालो के आखिरी मिनट में दागे इकलौते गोल की बदौलत आइवरी कोस्ट ने इक्वेडोर को फीफा विश्व कप फुटबॉल 2026 में ग्रुप ई के मैच में सोमवार सुबह 1-0 से हरा कर पूरे तीन हासिल कर अपना अभियान शानदार ढंग से शुरू किया। एक समय मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा लेकिन अमाद डियालो ने 90 वें मिनट बॉक्स के ठीक उपर से गोल दाग कर आइवरी कोस्ट को फिलाडेल्फिया स्टेडियम में ऐसी यादगार जीत दिलाई की उसके प्रशंसक झूम उठे। भले ही पहले हाफ में कोई गोल नहीं हुआ लेकिन यह खासा रोचक रहा। इक्वेडोर के जॉन यिबेह ने आइवरी कोस्ट के पेनल्टी बॉक्स के ठीक उपर से तेज शॉट जमाया लेकिन गेंद गोलस्तंभ की बल्ली को टकरा कर बाहर निकल गई। इक्वेडोर के पेड्रो वाइट के पास पर एलन मिंडा ने इसके तुरंत बाद लहराता शॉट लगाया और आइवरी कोस्ट के गोलरक्षक याहिया फाफना के परास्त होने के बसद एक बाद गेंद गोलस्तंभ की बल्ली को टकरा कर बाहर निकल गई। आइवरी कोस्ट के यान डायमंड ने दाएं छोर से तेज फर्राटे लगा गेंद को लेकर निकले लेकिन गोल करने से चूकते रहे बाजोमना टोरे के तेज नीचे ड्राइव पर इक्वेडोर के गोलरक हरनान गालिंडेज ने रोक कर उनका हमला बेकार कर दिया। दूसरे हाफ में दोनों टीमो को मौके लेकिन कोई भी इसे शुरू में भुनाने में नाकाम रही इक्वेडोर के इनर वेलेंशिया ने दूसरे हाफ के शुरू में मुश्किल कोण से शॉट जमाया जो लक्ष्य चूक गया। आइवरी कोस्ट के स्ट्राइकर आइल वाही के शॉट पर गेंद गोलस्तंभ की बल्ली को टकरा कर बाहर निकल गई।धीरे धीरे आइवरी कोस्ट ने मैच पर अपनी पकड़ बनाई और गेंद अपने कब्जे में रखी।

## कमादा के आखिरी मिनटों में गोल से जापान ने नीदरलैंड से मैच ड्रॉ कराया



नई दिल्ली, 15 जून (देशबन्धु)। दाइजी कमादा के अंतिम पूर्व मिनट पर कॉर्नर पर दागे गोल से जापान ने मजबूत नीदरलैंड को फीफा विश्व कप फुटबॉल 2026 में ग्रुप एफ का अपना मैच में दो दो गोल से ड्रॉ खेल अंक बांटने को मजबूर कर दिया। जापान के जीवट की तारीफ करनी होगी उसने मैच में दो बार पिछड़ने के बाद बराबरी हासिल कर मैच ड्रॉ कराया। नीदरलैंड के लिए वर्जिल वान दिक और क्राइसेंशियो समरविले ने और जापान के लिए कितो नाकामुरा और दाइजी कमादा ने एक एक गोल किया। नीदरलैंड और जापान के बीच मैच में दोनों टीमों ने पहले हाफ में एक दूसरे की ताकत को आंकने की ही कोशिश की और इस दौरान कोई गोल नहीं हुआ।

वर्जिल वान जिक ने डलास स्टेडियम में मैच के 50 वें मिनट में रेन ग्रावेबर्क के क्रॉस पर गोल कर नीदरलैंड का खाता खोला। कितो नाकामुरा ने सात मिनट बाद बेहतरीन गोल कर जापान को एक एक की बराबरी दिला। तेज तर्रार विंगर समरविले ने तिरछा लहराता शॉट लगा 64वें मिनट में गोल कर जब नीदरलैंड को फिर 2-1 से आगे कर दिया तो वह पहली जीत की ओर बढ़ता लगा। जापान ने हिम्मत नहीं हारी। खेल खत्म होने से मिनट भर पहले मिले कॉर्नर पर कमाडा ने बेहतरीन गोल कर जापान को दो दो की बराबरी दिला मैच में एक अंक भी दिला दिया। पहले हाफ में नीदरलैंड के डानयल मोलन अैर जापान के गोलरक्षक जियोज सुजुकी के बीच रोचक मुकाबला देखने को मिला। जापान के गोलरक्षक सुजुकी ने पहले हाफ में नीदरलैड के काडी गकपो के दनदनाते शाट को रोक कर उन्हें गोल करे से रोका। जापान की टीम नीदरलैंड की मजबूत टीम के सामने दबाव में नहीं आई। जापान के लिए पहले हाफ में नाकामुरा और आयासी उईदा ने गोल करनश के अच्छे हमले बोले।

## भारत दिलप्रीत व सुखजीत के एक-एक गोल से बराबरी पाने के बाद नीदरलैंड से 2-3 से हारा

### मनप्रीत ने की दिलीप तिर्की के भारत के लिए 412 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने की बराबरी

नई दिल्ली, 15 जून (देशबन्धु)। दो बार पिछड़ने के बाद स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह के एक एक गोल से दो दो की बराबरी करने के बाद भारत मेजबान नीदरलैंड से पुरुष एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2025-2026 के पहले मैच में रविवार को आधी रात के बाद रॉटरडम में 2-3 से हार गया। विजेता नीदरलैंड के लिए माइल्स बुकेंस, कोइन बीन और ताइमन रेयांगा ने एक गोल किया। अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने नीदरलैंड के खिलाफ रविवार देर रात इस मैच में खेलने कर पूर्व ओलंपियन हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की के भारत के लिए सबसे ज्यादा 412 अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच खेलने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। दिलीप तिर्की ने मनप्रीत सिंह को अपने रिकॉर्ड की बराबरी करने पर बधाई दी मेजबान नीदरलैंड ने आक्रामक अंदाज में आगाज किया और शुरू में मिले चार पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन एक को भी गोल में नहीं बदल पाया। माइल्स बुकेंस ने मैच के तीसरे ही मिनट में रिवर्स हिट से भारत के गोलरक्षक को छका गोल कर नीदरलैंड का खाता खोला। शिलानंद लाकरा ने दसवें मिनट में डी के भीतर तेज शॉट जमा गोल कर भारत को बराबरी दिलाने की कोशिश की लेकिन बहुत करीब से उनका निशाना लक्ष्य चूक गया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के लंबे पास पर स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह ने मैच के दसवें मिनट में डी के ठीक उपर गेंद संभाली और नीदरलैंड के गोलरक्षक को छका गोल कर भारत को एक एक की बराबरी दिला दी।



नीदरलैंड ने दूसरे क्वॉर्टर में भी भारत के गोल पर बराबर हमले बोल कर दबदबा बनाए रखा लेकिन उसे शुरू में गोल करने में कामयाबी नहीं मिल। कोइन बीन ने दूसरे क्वार्टर के अधबीच डी के पहुंच तेज वॉली जमा गोल कर नीदरलैंड को 2-1 से आगे कर दिया। भारत ने तीसरे क्वार्टर में मैच में वापसी करने की कोशि की और उसकी अग्रिम पंक्ति बढ़िया तालमेल से खेली।

## यायीन अयारी के दो गोल से स्वीडन की टीम ट्यूनीशिया को हरा ग्रुप एफ में शीर्ष पर पहुंची

नई दिल्ली। यासीन अयारी के दो और अलेक्जेंडर इसाक, विक्टर गयोकर्स, मैथायस स्वेनबर्ग के एक एक गोल की बदौलत स्वीडन ने ट्यूनीशिया पर फीफा विश्व कप फुटबॉल 2026 के ग्रुप एफ के एक अन्य मैच में सोमवार सुबह 5-1 से जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। कोच ग्राहम पोटर्स के मार्गदर्शन में स्वीडन इस बड़ी जीत के साथ जापान और नीदरलैंड को पीछे छोड़ कर ग्रुप एफ में शीर्ष पर पहुंच गई। स्वीडन के लिए यासीन अयारी, जर्मनी के काई हावर्ज और अमेरिका के फ्लोरियन बोलोगन दो दो गोल कर मौजूदा संस्करण गोल्डन-बूट की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं।



दिलचस्प बात यह है कि स्वीडन के लिए दो गोल दागने वाले यासीन अयारी के पिता का जन्म ट्यूनीशिया में हुआ था। यासीन अयारी ने मैच के सातवें मिनट में बॉक्स के बाहर से दनदनाता शॉट जमा गोल कर मोंटरे स्टेडियम में सोमवार सुबह स्वीडन का खाता खोला। अलेक्जेंडर इसाक ने 30 वें मिनट में अपने साथी स्ट्राइकर विक्टर गयोकर्स के बढ़िया पास पर दनदनाते शॉट से गोल कर स्वीडन की बढ़त 2-0 कर दी। उस्ताद साबरी लमोची के मार्गदर्शन वाली टयूनीनिया के ओमर रेकिक ने हनीबल मेजबरी के बेहतरीन पास पर मैव के 43 वें मिनट में गेंद को संभाल कर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल कर स्कोर 1-2 कर दिया।

स्वीडन की टीम दूसरे हाफ में पूरी तरह छाई रही। गयोकर्स ने टयूनीशिया के गोल के बाहर मिली गेंद संभाल मैच के 59 वें मिनट में गोल कर स्वीडन को 3-1से आगे कर दिया। मैथायस सायनबर्ग ने खेल खत्म होने से छह मिनट पहले मौका ताड़ कर गोल कर स्वीडन को 4-1 से आगे कर दिया। अयारी ने खेल खत्म होने से पहले इंजुरी टाइम में अपना मैच का दूसरा और आखिरी गोल कर स्वीडन को 5-1 से मैच जिता कर ही दम लिया।

## सार संक्षेप

### दीप्ति शर्मा सर्वाधिक विकेट लेने वाली बनीं गेंदबाज

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने महिला टी20 विश्व कप 2026 का आगाज धमाकेदार अंदाज में किया। बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 64 रनों से हराया। टीम की इस जीत की नायक दीप्ति शर्मा रहीं, जिन्होंने 4 ओवर के स्पेल में सिर्फ 10 रन देकर 5 विकेट निकाले। दीप्ति ने अपने इस स्पेल के साथ ही बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। दीप्ति ने पाकिस्तान की बल्लेबाज नाशरा संधू का विकेट लेने के साथ ही यह मुकाम हासिल किया। दीप्ति क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में अब तक खेले 145 मुकाबलों में 166 विकेट निकाल चुकी हैं। उन्होंने इस मामले में थाईलैंड की गेंदबाज थिपाचा पुत्थावोंग को पीछे छोड़ दिया है। थिपाचा ने टी20 इंटरनेशनल में खेले 105 मुकाबलों में 165 विकेट चटकाए हैं।

### गोल्फः वाराणसी में 16-18 जून के बीच नेक्सजेन इवेंट, जानिए कितनी है प्राइज मनी?

**वाराणसी।** प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई) वाराणसी में नेक्सजेन सीजन के छठे इवेंट के साथ अपनी शुरुआत करेगा। 25 लाख रुपए की इनामी राशि वाला यह इवेंट 16 से 18 जून तक बीएलडब्ल्यू ग्रीन्स गोल्फ कोर्स में खेला जाएगा। यह इवेंट तीन राउंड (54 होल्स) में खेला जाएगा और दो राउंड (36 होल्स) के बाद 'कट' लागू होगा। टॉप-36 खिलाड़ी और टाई वाले खिलाड़ी तीसरे और आखिरी राउंड के लिए 'कट' पार करेंगे। टूर्नामेंट में 72 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इसमें शामिल प्रमुख खिलाड़ियों में सुनीत चौरसिया (2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ मेरिट लीडर), राजेश कुमार गौतम, बिपिन मुखिया, अभिषेक कुमार, आदित्य राज सिंह चहल और विनय कुमार यादव के साथ-साथ 15 वर्षीय अर्जुनवीर शिशिर शामिल हैं। वाराणसी के दो खिलाड़ी इमाम-उल-हक और हेमंत यादव भी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। इस साल के नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ मेरिट के विजेता को 2026 सीजन के लिए मेन टूर (डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई) में खेलने का मौका मिलेगा।

### इंग्लैंड को लगा बड़ा झटका, न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए ओली रॉबिन्सन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले बड़ा झटका लगा है। इंग्लिश तेज गेंदबाज ओली रोबिन्सन दाहिने घुटने की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। रॉबिन्सन इस सीरीज में दो साल बाद टेस्ट टीम में लौटे थे। पहले टेस्ट में लॉर्ड्स के मैदान पर उनका प्रदर्शन शानदार रहा था और उन्होंने 7 विकेट लेकर इंग्लैंड को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, रॉबिन्सन की नई इंजरी ने उनकी फिटनेस को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। रोबिन्सन ने अपना आखिरी टेस्ट मुकाबला फरवरी 2024 में रांची में खेला था, जहां उन्होंने सिर्फ 13 ओवर ही गेंदबाजी की थी। वहीं, रोबिन्सन दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके थे।

## ग्रैंड प्रिक्स उस्ती नाद लाबेम: ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना और एशियन चैंपियन प्रीति पवार करेंगी भारत की अगुवाई



**नई दिल्ली।** बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने 'ग्रैंड प्रिक्स उस्ती नाद लाबेम' के लिए 12 सदस्यीय टीम घोषित की है। यह प्रतियोगिता चेक गणराज्य में 17-21 जून के बीच खेली जाएगी। इस टीम में ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन और मौजूदा एशियन चैंपियनशिप गोल्ड मेडलिस्ट प्रीति पवार जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। भारत 23 जुलाई से 2 अगस्त के बीच ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में आयोजित होने जा रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की तैयारी में तेजी ला रहा है। भारतीय दल में देश के कई प्रमुख बॉक्सर शामिल हैं, जिनमें कॉमनवेल्थ गेम्स की ज्यादातर वेट कैटेगरी के टॉप-रैंक वाले एथलीट्स भी हैं। जल्द ही होने वाले बड़े इंटरनेशनल इवेंट्स को देखते हुए, यह टूर्नामेंट तैयारियों को बेहतर बनाने, कॉम्बिनेशन को परखने और यूरोप के प्रतिस्पर्धी माहौल में मजबूत विरोधियों के खिलाफ खेलने का एक अहम मौका है।

## हॉकी विमेंस नेशंस कप: भारतीय टीम ने जीत के साथ किया आगाज, रोमांचक मैच में अमेरिका को 3-2 से हराया

**ऑकलैंड,** 15 जून (एजेंसियां)। भारतीय विमेंस हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी विमेंस नेशंस कप का आगाज जीत के साथ किया है। भारत की बेटियों ने मैच में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए पूल एक के मुकाबले में अमेरिका को 3-2 से हराया।

■ दीपिका को उनके दमदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया



भारतीय टीम की ओर से इस मुकाबले में दीपिका ने दो, नवनीत कौर ने एक गोल किया। दीपिका को उनके दमदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। अमेरिका ने मैच की शानदार शुरुआत की और एश्ले सेसा ने चौथे मिनट में फील्ड गोल करके टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। अमेरिका ने महज तीन मिनट बाद ही अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। मैडेलिन जिमर ने सातवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत पर शुरुआती दबाव बना दिया। दो गोल से पीछे चल रही भारतीय टीम ने धीरे-धीरे अटैक में अपनी पकड़ बनानी शुरू की। दूसरे क्वार्टर में उनकी कोशिशें रंग लाईं, जब ड्रैग-फ्लिक स्पेशलिस्ट दीपिका ने 17वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर स्कोर कम किया और भारत को मैच में वापस ला दिया। मोमेंटम भारत के पक्ष में जाता रहा और क्वार्टर के बीच में उन्हें एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला। दीपिका ने 24वें मिनट में फिर से शानदार प्रदर्शन किया और एक और पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।

## नीरज चोपड़ा चोट से उबरकर वापसी को तैयार, दोहा डायमंड लीग में दिखाएंगे दमखम

**दोहा,** 15 जून (एजेंसियां)। पीठ की चोट से उबरने के बाद भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा शुक्रवार को कतर में आयोजित दोहा डायमंड लीग में अपने 2026 एथलेटिक्स सीजन की शुरुआत करेंगे। इस प्रतियोगिता के साथ नीरज करीब 9 महीने बाद वापसी करने जा रहे हैं। नीरज ने सितंबर 2025 में टोक्यो में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था। दुनिया के कई टॉप थ्रोअर्स के साथ, दोहा में नीरज की स्थिति का शुरुआती अंदाजा लग सकेगा। यह साल बहुत अहम है, क्योंकि इसमें कॉमनवेल्थ गेम्स और अन्य बड़े इवेंट्स होने हैं। दोहा मीट 2026 डायमंड लीग सीजन का 7वां पड़ाव है, जो 4 और 5 सितंबर को ब्रुसेल्स में होने वाले फाइनल के साथ खत्म होगा। दो बार के ओलंपिक मेडलिस्ट नीरज की भागीदारी की पुष्टि तब हुई, जब उन्हें कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए भारत की 32-सदस्यीय एथलेटिक्स टीम में अस्थायी रूप से शामिल किया गया था। दोहा भारतीय एथलीट के लिए एक सफल जगह रही है, जहां वह लगातार चौथी डायमंड लीग मीट में हिस्सा लेने जा रहे हैं। नीरज ने साल 2023 में 88.67 मीटर के थ्रो के साथ दोहा डायमंड लीग का खिताब जीता था। साल 2024 में 88.36 मीटर के थ्रो के साथ वह दूसरे स्थान पर रहे। पिछले साल नीरज ने इसी वेन्यू पर 90.23 मीटर के थ्रो के साथ नेशनल रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन इसके बावजूद जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

■ दोहा मीट 2026 डायमंड लीग सीजन का 7वां पड़ाव है




पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम शुरू में एंट्री लिस्ट में थे, लेकिन फिर उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया।

## भारत-ए बनाम श्रीलंका-ए: अंतिम पलों में गजब का रोमांच, 'सुपर ओवर' में भारतीय टीम की हार

**दांबुला,** 15 जून (एजेंसियां)। श्रीलंका-ए ने सोमवार को भारत-ए के खिलाफ वनडे फॉर्मेट की त्रिकोणीय सीरीज का चौथा मुकाबला अपने नाम किया। स्कोर टाई होने के बाद मेजबान टीम ने 'सुपर ओवर' में जीत हासिल की।

रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी भारत-ए टीम 49.2 ओवरों में 265 रन पर सिमट गई। भारत को 29 के स्कोर पर वैभव सूर्यवंशी (21) के रूप में पहला झटका लगा, जिसके बाद टीम ने प्रभसिमरन सिंह (11) के रूप में दूसरा विकेट भी गंवा दिया।

यहां से कप्तान तिलक वर्मा ने ऋतुराज गायकवाड़ (37) के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 91 के स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन तिलक वर्मा (23) के आउट होते ही विकेटों का पतझड़ लग गया। भारतीय टीम ने 143 के स्कोर तक अपने 7 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद विपराज निगम ने सूर्यांश शेडगे के साथ आठवें विकेट के लिए 90 गेंदों में 104 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया।



विपराज 49 गेंदों में 51 रन बनाकर आउट हुए, जबकि सूर्यांश ने 66 गेंदों में 2 छक्कों और 3 चौकों के साथ 72 रन की पारी खेली।

श्रीलंका-ए की तरफ से मोहम्मद शिराज और विजयकांत वियासकांत ने 3-3 विकेट हासिल किए। इनके अलावा, सहान अराच्चिगे, कुगाथास मथुलन और वानुजा सहान ने 1-1 विकेट निकाला।


| SENSEX | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| BSE | 76264.33 ▲736.38 | NSE | 23855.90 ▲ 231.00 | MCX Gold | 153684 ▲3156 |
| | | | | silver | 25401 ▲ 7215 |



# अर्थ जगत

**यूरिया के 25.4 लाख टन क्षमता वाले दो नए संयंत्र जल्द उत्पादन शुरू करेंगे : सरकार**

**नई दिल्ली।** यूरिया के दो नए संयंत्र जल्द ही उत्पादन शुरू कर देंगे, जिनकी कुल सालाना क्षमता 25.4 लाख टन होगी। सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। इनके शुरू हो जाने के बाद आयात पर देश की निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 100 लाख टन से अधिक यूरिया का आयात किया था। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी किया, जिसमें भारत को आत्मनिर्भर बनाने और किसानों को वैश्विक समस्याओं से बचाने के उद्देश्य से इस क्षेत्र में मोदी सरकार के पिछले 12 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।



## ईंधन व खाद्य कीमतों में तेजी से थोक मुद्रास्फीति 9.68 प्रतिशत पर

***नई दिल्ली।** मई 2026 में भारत की थोक महंगाई दर (डब्ल्यूपीआई) बढ़कर 9.68 प्रतिशत पर पहुंच गई। ये बाजार के 9.1 प्रतिशत के अनुमान और अप्रैल के 8.3 प्रतिशत के आंकड़े से काफी अधिक है। यह लगातार बढ़ती थोक महंगाई का संकेत माना जा रहा है। मई में थोक महंगाई दर बढ़ने का मुख्य कारण ईंधन और खाद्य वस्तुओं का महंगा होना रहा।*

**ईंधन और बिजली की दरों में कितनी तेजी?**– वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई के आंकड़े जारी किए। आधार वर्ष को 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया गया है। ईंधन और बिजली में थोक मूल्य महंगाई मई में 30.33 फीसदी पर पहुंच गई। अप्रैल में यह 24.89 फीसदी थी। कच्चे पेट्रोलियम में महंगाई मई में 61.51 फीसदी रही। थोक महंगाई में यह तेज वृद्धि पश्चिम एशिया संकट का असर दिखाती है। होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी से कच्चे तेल का आयात प्रभावित हुआ है।

**क्या खाद्य और खुदरा महंगाई भी बढ़ी?**– खाद्य वस्तुओं में महंगाई मई में 3.60 फीसदी दर्ज की गई। अप्रैल में यह 2.43 फीसदी थी। विनिर्मित उत्पादों में महंगाई अप्रैल के 6.68 फीसदी से बढ़कर मई में 7.48 फीसदी हो गई। खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई भी मई में 3.93 फीसदी पर पहुंच गई। भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए महंगाई का अनुमान 4.6 फीसदी से बढ़ाकर 5.1 फीसदी कर दिया है। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से मई के दूसरे पखवाड़े में पेट्रोल और डीजल के दाम 7.50 रुपये प्रति लीटर बढ़े थे।



**महंगाई बढ़ने के मुख्य कारण क्या?**– दरअसल, थोक स्तर पर कीमतों में इस तेजी के पीछे कच्चे माल, ईंधन, ऊर्जा और विनिर्मित वस्तुओं की लागत में बढ़ोतरी प्रमुख कारण मानी जा रही है। अपेक्षा से अधिक महंगाई के आंकड़ों ने यह संकेत दिया है कि आने वाले महीनों में उद्योगों की लागत और उपभोक्ताओं पर मूल्य दबाव बढ़ सकता है।

**डब्ल्यूपीआई की गणना पर सरकार ने क्या कहा?**– वित्तीय वर्ष 2024-25 में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) की गणा को लेकर सरकार की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि यह गणना 12 महीने के सूचकांकों के अनुपात पर आधारित है। महत्वपूर्ण बदलावों का जिक्र करते हुए सरकार ने कहा कि सूची में नए और पुराने आइटम के शामिल होने या हटाए जाने से बदलाव आया है। सरकार ने कहा कि सूचकांकों की व्याख्या में सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

## बाजार में शानदार बढ़त, सेंसेक्स 736 अंक उछला

***मुंबई।** अमेरिका और ईरान के बीच हुए शांति समझौते की घोषणा के बाद सोमवार को बाजार में शानदार माहौल देखने को मिला। बाजार ने बड़ी बढ़त के साथ कारोबार बंद किया। हालांकि, बाजार ने कारोबार के अंत में अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी। हफ्ते के पहले दिन, सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 736.38 अंकों (0.97 प्रतिशत) की बंपर बढ़त के साथ 76,264.33 अंकों पर बंद हुआ। जबकि, एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स 231.00 अंकों (0.98 प्रतिशत) की जोरदार तेजी के साथ 23,853.90 अंकों पर बंद हुआ। एक समय सेंसेक्स 76,821.07 अंकों पर और निफ्टी 24,011.40 अंकों पर पहुंच गया था।*

**ट्रेंट के शेयरों में छप्परफाड़ तेजी**– सोमवार को सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 4 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी-50 की भी 50 में से 34 कंपनियों के शेयर ही तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की 16 कंपनी के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल टाटा ग्रुप की कंपनी ट्रेंट के शेयर सबसे ज्यादा 5.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। जबकि, सरकारी पावर कंपनी एनटीपीसी के शेयर सबसे ज्यादा 1.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

**इंडिगो, बजाज फिनसर्व समेत इन शेयरों में बढ़त**– सेंसेक्स की बाकी कंपनियों में इंडिगो के शेयर 3.62 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 3.58 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट 3.29 प्रतिशत, एटरनल 3.26 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 3.06 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.01 प्रतिशत, एलएंडटी 2.99 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 2.39 प्रतिशत, टाइटन 2.10



प्रतिशत, इन्फोसिस 1.68 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.11 प्रतिशत, भारती एयरटेल 1.09 प्रतिशत, आईटीसी 0.98 प्रतिशत, एचसीएल टेक 0.90 प्रतिशत, बीईएल 0.71 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 0.63 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक 0.57 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 0.52 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक 0.35 प्रतिशत, पावरग्रिड 0.28 प्रतिशत और टीसीएस के शेयर 0.01 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए।

लाल निशान में बंद हुए इन कंपनियों के शेयर

वहीं दूसरी ओर, आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 0.99 प्रतिशत, एशियन पेंट्स 0.58 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.52 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 0.49 प्रतिशत, सन फार्मा 0.40 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 0.28 प्रतिशत और टाटा स्टील के शेयर 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

## यूएस-ईरान डील की खबर से चांदी फिर 2.50 लाख के पार

***नई दिल्ली।** अमेरिका ईरान के बीच डील होने की खबर से सोने-चांदी के वायदा भाव में अब तेजी देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव सोमवार 15 जून को तेजी के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,53,250 रुपए, जबकि चांदी के भाव 2,52,450 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के भाव तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं।*

सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट 3,301 रुपए की तेजी के साथ 1,53,829 रुपए के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,50,528 रुपए था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 2,713 रुपए की तेजी के साथ 1,53,241 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट 5,377 रुपए की तेजी के साथ 2,51,563 रुपए पर खुला। पिछला बंद भाव 2,46,186 रुपए था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 6,261 रुपए की तेजी के साथ 2,52,447 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था।



### सोना 3,301 रुपए उछला

**कॉमेक्स पर सोना 4,289.40 डॉलर पर खुला**–अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। वहीं कॉमेक्स पर सोना 4,289.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 4,238.80 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 110.80 डॉलर की तेजी के साथ 4,349.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के भाव ने इस साल 5,586.20 डॉलर के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।

## रुपया 47 पैसे चढ़कर 94.71 प्रति डॉलर पर

***मुंबई।** रुपया सोमवार को 47 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.71 (अस्थायी) पर रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता होने की घोषणा करने के बाद वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला।*

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजारों में मजबूत शुरुआत और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी ने भी रुपए को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.70 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 94.45 से 94.77 के दायरे में कारोबार करता रहा। अंत में यह 94.71 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 47 पैसे की बढ़त है।

रुपया शुक्रवार को 95.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। अमेरिका और ईरान ने 107 दिन तक चले युद्ध को समाप्त करने और वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए अहम होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने पर सहमति जताई है। इस समझौते को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर के बाद शुक्रवार को अंतिम रूप दिया गया।




ट्रम्प ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर रविवार को इसकी घोषणा की। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर दबाव कम हुआ। अधिकारियों के अनुसार, शांति समझौते पर 19 जून को स्विट्जरलैंड में औपचारिक तौर पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, वैश्विक बाजारों में जोखिम लेने की प्रवृत्ति में वृद्धि और अमेरिका-ईरान समझौते के बीच भारतीय रुपया लगातार दूसरे दिन मजबूत हुआ।

## यात्री वाहनों की थोक बिक्री 27.3 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर 27.3 प्रतिशत बढ़कर 4,38,854 इकाई हो गई। उद्योग संगठन सियाम ने सोमवार को यह जानकारी दी। मई 2025 में थोक बिक्री 3,44,656 इकाई रही थी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) की ओर से जारी बयान के अनुसार, दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री भी पिछले महीने 14.8 प्रतिशत बढ़कर 19,02,209 इकाई हो गई, जो मई 2025 में 16,57,116 इकाई थी। तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 31.1 प्रतिशत बढ़कर 70,720 इकाई हो गई।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 94.71 |
| एक यूरो | 110.12 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 127.98 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 67.24 |
| एक जापानी येन | 0.59 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 124 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-136नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स - 85 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)


### सतना बाजार भाव

**सराफा बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सोना फाइन | 1,44,900 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| सोना जेवर | 1,40000 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी जेवर | 2500 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी फाइन | 265000 रु. | प्रति किलो |

**दाल- किराना भाव**

**- भाव प्रति किलो -**

अरहर ऊंची 110 अरहर मीडियम 100, उड़द ऊंची 110, उड़द धुली 115, मूंग खड़ी 100, मूंग धुली -110, चना 80-90, मसूर खड़ी 80, मसूर दाल 85-90

**- भाव प्रतिकिलो -**

धनियां खड़ी 100, धनियां पिसी 185, जीरा ऊंचा 270, जीरा मीडियम 260, हल्दी खड़ी 150, हल्दी पिसी 250, मूंगफली ऊंची 140, मूंगफली मीडियम 120, लाल मिर्च खड़ा 180, लाल मिर्च पिसी 280, जायफल-850, जावित्री-2400, तेज पत्ता-100, चैली-240, राई-120,

**लोहा वाला ट्रेडर्स**


**प्रो. हरिशंकर तिवारी** **मो.नं.**

**- भाव प्रति किलो -**

रायपुर- 8 एमएम -49.50, 10 एमएम -48.00, 12 एमएम -47.50, 16 एमएम -47.50

कामधेनू- 8 एमएम -54.50, 10 एमएम -53.00, 12 एमएम -52.50, 16 एमएम -52.50

## देश का निर्यात मई में 18 प्रतिशत बढ़कर 45.2 अरब डॉलर



***नई दिल्ली।** देश का माल निर्यात मई में 18 प्रतिशत बढ़कर 45.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, आयात भी मई में 20.62 प्रतिशत बढ़कर 73.41 अरब डॉलर हो गया, जिससे व्यापार घाटा 28.21 अरब डॉलर रहा। आंकड़ो के अनुसार, देश का निर्यात अप्रैल-मई के दौरान सालाना आधार पर 16.09 प्रतिशत बढ़कर 88.91 अरब डॉलर रहा है।*

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत का मई में पश्चिम एशिया को निर्यात मामूली घटकर 5.30 अरब डॉलर रहा, जो मई 2025 में 5.38 अरब अमेरिकी डॉलर था। मंत्रालय के अनुसार, सोने का आयात अप्रैल-मई के दौरान 60 प्रतिशत बढ़कर 9.04 अरब डॉलर हो गया। अग्रवाल ने कहा कि रुझान को देखते हुए यह वर्ष निर्यात के लिए अच्छा रहेगा।

## अमेरिका-ईरान समझौते से धड़ाम हुआ कच्चा तेल

***नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमतों में सोमवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली. अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की खबर आते ही वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें धड़ाम हो गई. ब्रेंट क्रूड करीब 4 प्रतिशत टूटकर 83.96 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जबकि अमेरिकी क्रूड भी फिसलकर 80.25 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया.*

**क्यों गिरे तेल के दाम?**–पिछले कई महीनों से अमेरिका और ईरान के बीच तनाव की वजह से तेल बाजार में चिंता बनी हुई थी. निवेशकों को डर था कि तनाव बढ़ने पर तेल सप्लाई प्रभावित हो सकती है. लेकिन अब दोनों देशों के बीच समझौते की खबर आने के बाद बाजार को राहत मिली है. इस समझौते का सबसे बड़ा असर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर पड़ा है. यह दुनिया का सबसे अहम तेल मार्ग माना जाता है, जहां से वैश्विक तेल सप्लाई का बड़ा हिस्सा गुजरता है. समझौते के बाद इस मार्ग के फिर से सामान्य रूप से खुलने की उम्मीद बढ़ गई है, जिससे सप्लाई को लेकर चिंता कम हुई है.

**भारत के लिए क्यों है अच्छी खबर?**–भारत अपनी जरूरत का ज्यादातर कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है. ऐसे में तेल की कीमतें घटने से देश का आयात बिल कम हो सकता है. इससे पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर दबाव कम होगा और महंगाई को भी राहत मिल सकती है. हालांकि इसका सीधा फायदा कब मिलेगा, यह सरकार और तेल कंपनियों के फैसलों पर निर्भर करेगा.




### एक झटके में 4 प्रतिशत टूटे दाम

## 'हेल्दी' और 'वीगन' जैसे दावों पर एफएसएसएआई सख्त, 8 कंपनियों को नोटिस

***नई दिल्ली।** खाद्य उत्पादों के नाम और दावों को लेकर भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने सख्ती की है। एफएसएसएआई ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के नियमों को ताक पर रखकर भ्रामक ब्रांड नाम, ट्रेड नाम और हवाई दावे करने पर 8 कंपनियों को नोटिस दिया है।*

एफएसएसएआई के अनुसार, इमामी हेल्दी एंड टेस्टी नाम पर आपत्ति जताते हुए एफएसएसएआई ने कहा कि इसका 'ट्रेड' नाम ग्राहकों में उत्पाद के लेकर विशेष स्वास्थ्य लाभ की धारणा पैदा कर सकता है। इसलिए यह लागू नियमों का उल्लंघन प्रतीत होता है। वहीं, प्लान बी अपने प्रोडक्ट्स को 'प्लांट बेस्ड वीगन' बताने पर भी सवाल उठाए गए हैं।

एफएसएसएआई का कहना है कि कंपनी ने वीगन खाद्य उत्पादों के समर्थन संबंधी आवश्यक स्वीकृति लिए बिना अपने उत्पादों को वीगन के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उपभोक्ताओं में गलत धारणा बन सकती है।

द हेल्दी फैक्टरी के 'जीरो मैदा होल व्हीट ब्रेड' और 'जीरो मैदा पिज्जा बेस' उत्पाद भी जांच के दायरे में हैं। एफएसएसएआई का मानना है कि इन उत्पादों से जुड़े दावे ग्राहकों को भ्रमित कर सकते हैं और नियमों के अनुरूप नहीं दिखते।




न्यूहबस की 'ट्रू विटामिन' उत्पाद श्रृंखला को भी नोटिस मिला है। एफएसएसएआई के अनुसार, 'ट्रू विटामिन' जैसा व्यापारिक नाम उसके नियमों में परिभाषित या मान्यता प्राप्त नहीं है, इसलिए यह उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकता है। इसी प्रकार, ट्रूवी के 'हेल्दी मिक्स वेजी चिप्स', 'हेल्दी रागी चिप्स' और 'हेल्दी मूंग दाल चिप्स' जैसे स्नैक उत्पादों पर 'हेल्दी' होने के दावे को लेकर सवाल उठाए गए हैं। इसका कहना है कि इनमें कई अन्य सामग्री भी शामिल हैं, ऐसे में इन उत्पादों को 'हेल्दी' बताना भ्रामक हो सकता है।

**इनके नाम पर भी आपत्ति**–एफएसएसएआई ने हेल्दी मास्टर की टैगलाइन ''विजन टू सर्व हेल्दी'', हेल्दी चॉइस के ''हेल्दी फूड फॉर हेल्दी लाइफ पोहा' और हेल्थ एड के ब्रांड नाम पर भी आपत्ति जताई है। नियामक का मानना है कि ये सभी भारी-भरकम शब्द केवल ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए पैकेट पर लिखे गए हैं, जिनका उत्पाद की वास्तविक प्रकृति से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं दिखता।

**इन कंपनियों को जारी हुआ नोटिस**

एफएसएसएआई ने जिन कंपनियों को नोटिस दिया है, उनमें इमामी हेल्दी एंड टेस्टी, हेल्थ एड, ट्रूवी, द हेल्दी फैक्टरी, हेल्दी मास्टर, हेल्दी चॉइस, प्लान बी और न्यूहबर्स शामिल हैं।


देशबन्धु ग्राहक सेवा

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।



प्रकाशक एवं मुद्रक **अशोक मिश्रा** द्वारा श्रीजी प्रिंटर्स नौदरा ब्रिज जबलपुर से मुद्रित सैमरिया चौक रीवा रोड सतना म.प्र. से प्रकाशित। फोन 0761-4085031, सम्पादक- **मोहन सुरजन,** पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार), मानसेवी सलाहकार सम्पादक-**नियाज खान,** स्थानीय संपादक-**कपिल चौरसिया,** रीवा कार्यालय: चौरसिया बिल्डिंग, अमहिया रोड रीवा म.प्र. फोन-07662-406671 आर.एन.आई पंजी.क्रमांक **38532/85,** डाक पंजीयन-रीवा संभाग/16/2009-2011

# सोन नदी में 4 डूबे, युवती का मिला शव, तीन लापता



## ● नदी में मौजूद हैं 14 खतरनाक घड़ियाल

**सीधी देशबन्धु।** सोमवती अमावस्या पर पिकनिक मनाने सोन नदी के भंवरसेन घाट आये चार युवक-युवतियां और नाबालिग पानी में डूब गए। इनमें से एक युवती का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि तीन अन्य की तलाश जारी है। यह घटना सोमवार की दोपहर मैहर जिले से आए एक परिवार और उनके रिश्तेदारों के साथ हुई।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिले के रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र अंतर्गत सोन नदी के भंवरसेन घाट पर सभी नदी में नहा रहे थे तभी वे गहरे

## मैहर से भंवरसेन घाट पर आये थे पिकनिक मनाने

पानी की चपेट में आ गए और देखते ही देखते डूब गए। इस हादसे के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार रामपुर नैकिन आशीष मिश्रा, रामपुर नैकिन थाना पुलिस और खड्डी चौकी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। तलाश अभियान के दौरान, एक युवती का शव घटनास्थल से लगभग आधा किलोमीटर दूर नदी में तैरता हुआ मिला। शव की पहचान ज्योति





सेन (24) निवासी बूढ़ा बाउर, थाना रामनगर, जिला मैहर के रूप में हुई है।

**रेस्क्यू कर रही टीम**

इस संबंध में तहसीलदार आशीष मिश्रा ने बताया कि बचाव दल को तत्काल बुलाया गया है। पुलिस और रेस्क्यू टीम नदी में लापता अन्य तीन लोगों की लगातार तलाश कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि सभी गहरे भंवर में फंस गए थे, जिससे वे बाहर नहीं निकल पाए। नदी के गहरे भंवर और तेज बहाव के कारण यह क्षेत्र खतरनाक माना जाता है। प्रशासन की निगरानी में समाचार लिखे जाने तक रेस्क्यू अभियान जारी है।

### इनकी की जा रही तलाश

हादसे में लापता हुए लोगों में सुभि सेन (15) पिता रामदयाल सेन, नीलू बैस (22) पिता लल्लू बैस (दोनों निवासी बूढ़ा बाउर, जिला मैहर) और लखन केवट (26) पिता मोहनलाल केवट, निवासी घोगटपुर, जिला राजगढ़ शामिल हैं। भंवरसेन घाट पर हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग पिकनिक और स्नान के लिए आते हैं।

### कुछ दिन पहले छोड़े हैं 14 मगर और घड़ियाल

सीधी जिले की सोन नदी का यह वही स्थान है, जहां सोन घड़ियाल अभयारण बनाने की योजना है। यहां 14 मगर और घड़ियाल को छोड़ा था और यहां सेंचुरी बनाने के लिए प्रयासरत है। पांच दिन पहले भी एक तालाब से मगर को रेस्क्यू कर यहां पर छोड़ा था।

# होटल में युवती के साथ मिला रेंजर पति, पत्नी ने पकड़ा

**रीवा/सतना देशबन्धु।** सतना जिले के एक वन परिक्षेत्र अधिकारी (रेंजर) को उनकी पत्नी ने रीवा के होटल में एक युवती के साथ पकड़ लिया और जमकर हंगामा मचाया। मौके पर भारी भीड जमा हो गई । इसी बीच रेंजर को मौका मिला और वे बाहर निकल गये। हालांकि इस संबंध में किसी पक्ष की ओर से आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को सतना जिले के रेंजर बृजेन्द्र पांडेय की पत्नी को सूचना मिली थी कि उनके पति रीवा के होटल रॉयल इन में ठहरे हुए हैं। इसके बाद वह सीधे होटल पहुंचीं और संबंधित कमरे तक पहुंच गईं। बताया जाता है कि पत्नी ने कमरे का दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खुलने पर उन्होंने पति से कमरे में मौजूद व्यक्ति के बारे में पूछा। इस पर रेंजर ने कमरे में किसी अन्य के नहीं होने की बात कही। संदेह होने पर पत्नी कमरे के अंदर चली गईं, जहां उन्हें एक युवती मिली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पत्नी युवती को कमरे से बाहर लेकर आईं और उससे पूछताछ करने लगीं। उन्होंने युवती से उसके और रेंजर के संबंधों को लेकर सवाल किए। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। होटल परिसर में हुए



## कमरे से प्रेमिका को निकालकर मचाया जमकर हंगामा, ट्रक में चढ़कर भागा पति

विवाद को देखने के लिए लोग जुटने लगे। कुछ ही देर में वहां काफी भीड़ एकत्र हो गई और पूरे घटनाक्रम को लेकर चर्चा शुरू हो गई।

**मौका मिलते ही ट्रक से भागे रेंजर**

मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, विवाद के दौरान रेंजर स्थिति को संभालने और युवती को वहां से हटाने का प्रयास करते रहे। वहीं पत्नी लगातार सवाल-जवाब करती रहीं। विवाद बढ़ने पर रेंजर होटल से बाहर निकले और सडक पर एक ट्रक रोककर भाग निकले। इस दौरान पत्नी ने उनका पीछा भी किया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने पूरे घटनाक्रम के वीडियो भी बनाए, जो स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बने हुए हैं।

### रेंजर व महिला मित्र के विरुद्ध प्रकरण दर्ज

रेंजर और उनकी महिला मित्र के खिलाफ रीवा के चोरहटा थाना में एफआईआर दर्ज कर ली गई है ज्ञात हो कि रेंजर की पत्नी थाना बरौंधा में पदस्थ है और यह भी बताया जा रहा कि बरौंधा थाना में पदस्थ आरक्षक भारती उपाध्याय बिना अवकाश लिए, बिना किसी सूचना के ड्यूटी के छोड़ रीवा पहुंची थी।

## सार-समाचार

### बस ऑटो हादसा: 15 घायलों में 10 वर्षीय बच्ची की मौत, 14 का उपचार जारी

**रीवा देशबन्धु।** बीती दोपहर बस आटो हादसे में घायल हुये 15 लोगों में शामिल 10 वर्षीय मासूम बच्ची नवागांव सगरा निवासी 10 वर्षीय दीपाली शर्मा की मौत हो गई है। हादसा जिला मुख्यालय में स्थित सगरा थाना क्षेत्र के ग्राम लौवा के समीप हुआ था, जिस दौरान बस की ठोकर से आटों में सवार 15 लोग घायल हुये थे घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंचे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नें अपने ड्राइवर और गनमैन सहित स्थानीय लोगों की मदद से राहत व बचाव कार्य करते हुये निजी वाहन से घायलों को अस्पताल भेजा था, जिनमे घायल हुई 10 वर्षीय बच्ची की आज उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घायल हुये लोग आटो में सवार थे जिनमें महिलाएं व बच्चों समेत कुल 15 लोग शामिल थे। बताया गया कि घायलों में 5 लोग एक ही परिवार के थे, जबकि 10 अन्य लोग भी आटो मे सवार थे ,जो गांव से रीवा शहर की ओर आ रहे थे तभी तेज रफ्तार बस नें आटो को टक्कर मार दिया। प्रत्यक्षदर्शियों की मांने तो टक्कर इतनी भीषण थी कि आटो के परखच्चे उड गए और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



### घर में घुसी चोरों की गैंग, एक को ग्रामीणों ने पकड़ा, जेवरात और नगदी पार

**रीवा देशबन्धु।** जिले के मंनगवा थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगेव में आधा दर्जन की संख्या में पहुंचे अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है इस दौरान घर के लोगों सहित ग्रामीणों की नींद खुल गई जिसके बाद एक चोर को पकड़ लिया गया जबकि उसके अन्य साथी फरार हो गए । गंगेव निवासी राममिलन तिवारी के घर विधि रात्रि तकरीबन 2 बजे आधा दर्जन की संख्या में चोरों ने धावा बोला। इस दौरान दरवाजे के ताले तोड़कर घर के अंदर घुसे और अलमारी पेटी तोड़कर उसमें रखे सोने के जेवरात सहित 1500 रुपए नगदी पार कर दिए।

# शहर में बीच सड़क ई रिक्शा चालक का हाईवोल्टेज ड्रामा

**रीवा देशबन्धु।** शहर में एक ई रिक्शा चालक के हाईवोल्टेज ड्रामे का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है।

नशे में धुत चालक नें कार सवार महिला से नोकझोंक के बीच रिक्शा को बीच सडक पर ही खडा कर दिया और सडक पर जाम लगा दिया। यहां सडक के बीच करीब 15 मिनट तक रिक्शा चालक हंगामा करता रहा, इस बीच लोग जाम में फंसे रहे लेकिन ना तो पुलिस पहुंची और ना ही ट्रैफिककर्मी। फिलहाल इस हंगामे के दौरान रिक्शा चालक को मौजूद लोगों ने शांत कराया और उसके जाने के बाद मार्ग का आवागमन बहाल हुआ।

## सड़क के बीच रिक्शा खड़ा कर लगाया जाम, जमकर किया हंगामा

दरअसल यह वीडियो शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग कहे जाने वाले व्यंकट मार्ग का है जहां ई रिक्शा चालक का हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला है। बताया गया कि आटो चालक और कार सवार महिला से किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद रिक्शा चालक नें सडक के बीचो बीच रिक्शा खडा कर दिया और जमकर हंगामा किया।

# मीनाक्षी का नामांकन निरस्त होना लोकतंत्र का काला अध्याय: वीरेंद

**मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं सतना जिला संगठन प्रभारी ने रखी अपनी बात**

**सतना, देशबन्धु।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन का मध्य प्रदेश से राज्यसभा नामांकन रद्द होने के मामले में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं सतना जिला संगठन प्रभारी वीरेंद्र द्विवेदी ने इस कार्रवाई को पूरी तरह से गैर-संवैधानिक और लोकतंत्र पर प्रहार बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के दबाव में एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश के तहत तकनीकी कारणों का बहाना बनाकर उनका फार्म निरस्त किया गया है, ताकि विपक्ष को चुनावी मैदान से बाहर रखा जा सके। सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी, पूर्व विधायक कल्पना वर्मा, वरिष्ठ नेता राजभान सिंह, प्रवक्ता अमित गोयल सहित अन्य मौजूद रहे।



पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि नामांकन खारिज करने के लिए जिस तेलंगाना के पुराने मामले का हवाला दिया गया, उसमें मीनाक्षी नटराजन %अभियुक्त' नहीं बल्कि केवल एक %प्रतिवादी' हैं, जो कि कानूनी तौर पर पूरी तरह भिन्न है। नेताओं ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 33ए और फार्म-26 का हवाला देते हुए कहा कि रिटर्निंग ऑफिसर ने नियमों की गलत और पक्षपातपूर्ण व्याख्या की है।

आरिफ इकबाल सिद्दीकी ने कहा, कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मत है कि जिस प्रकार की आपत्तियां और व्याख्याओं के आधार पर मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया गया, उसने पूरे देश में चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, कांग्रेस महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सांसद डॉक्टर विवेक तन्खा, वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी सहित कांग्रेस नेतृत्व ने लगातार यह प्रश्न उठाया है कि क्या चुनावी प्रक्रिया कानून के अनुरूप संचालित होगी या राजनीतिक दबावों के अनुरूप। कांग्रेस कमेटी प्रदेश की जनता को आश्वस्त करती है कि संविधान, लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी का संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

# सतना ताइक्वांडो टीम बनी चैंपियन, तीसरी गोल्ड कप स्टेट प्रतियोगिता -2026




सतना, देशबन्धु। सागर में मध्यप्रदेश ताइक्कांडो संघ द्वारा आयोजित तीसरी गोल्ड कप स्टेट चैंपिनशिप 2026 का आयोजन 12 से 14 जून तक हुआ जिसमे जिला ताइक्कांडो संघ सतना की 28 सदस्यीय टीम ने डॉ. संदीप भारती के मार्गदर्शन में हिस्सा लिया और 15 गोल्ड के साथ चैंपियन ट्रॉफी उठाई। प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए डॉ. संदीप भारती ने बताया, की अस्मि, अध्ययन, कृष्णा, सार्थक, मन्नत, शौर्य, वेदांशिका, स्नेहा, महक, कीर्ति, मेघा, अनुष्का, अभिज्ञान, मान्या, अनन्या ने गोल्ड जीता। वहीं शिवानी, हर्षिता और कोमल ने सिल्वर। विराट, रिदम, देवांश ने ब्रोज़ जीता। सतना की 5 वर्षीय खिलाड़ी मान्या पांडेय एवं अनन्या त्रिपाठी ने शानदार फाइट की उनका खेल आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। खिलाडियों की इस उपलब्धि पर जिला ताईक्कांडो संघ के अध्यक्ष रविशंकर गौरी, डॉ.एके अवधिया, अमित सोनी, पुष्पराज सिंह गुन्ना, एडवोकेट विनय श्रीवास्तव, अमित अवस्थी, रत्नेश यादव रेशु, ऋच्चा भारती, आदित्य सिंह बघेल, आशुतोष पयासी, डॉ. गौरव सिंह, वूशू कोच शैलेन्द्र शर्मा,अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अस्मि भारती, विजय सिंह, कोच अनुज दहायत ने प्रसन्नता व्यक्त की है।






# विवि की छात्रा ने हॉस्टल में उठाया आत्मघाती कदम

## हालत गंभीर, जांच में जुटी पुलिस

**रीवा देशबन्धु।** विश्वविद्यालय मे पढने वाली एमबीए छात्रा नें हॉस्टल के कमरे में जान देने की नाकाम कोशिश की है। घटना के वक्त ऐन मौके पर पहुंची सहपाठी छात्राओं नें उसे आत्मघाती कदम उठाने से रोका और आनन फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया है जहा छात्रा की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना आज सुबह कालेज के हास्टल की ही बताई जा रही है, जिस दौरान हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं में हडकंप मच गया है। हांलाकि छात्रा नें यह आत्मघाती कदम उठाने की कोशिश किन कारणों के चलते की है यह साफ नहीं हो सका है। फिलहाल घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस अस्पताल पहुची है और मामले की जांच पडताल शुरु कर दी है।



जानकारी के मुताबिक छात्रा अवधेश प्रताप सिह विश्वविद्यालय में एमबीए की स्टूडेट है और वह हॉस्टल में रहकर पढाई कर रही थी। बताया गया कि आज सुबह हास्टल के ही कमरे के भीतर छात्रा नें जान देने के इरादे से आत्मघाती कदम उठानें की कोशिश की तभी पहुंची सहपाठी छात्राओं ने उसे ऐसा करने से रोक दिया, लेकिन तब तक छात्रा अचेत हो चुकी थी, ऐसे में उसे आनन फानन में संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां फिलहाल उसका उपचार जारी है। फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुचे है जिन्होने घटना से पूरी तरह अनभिज्ञता जताई है।

# कोविड में जीवनरक्षक बने दोनों ऑक्सीजन प्लांट बंद

## मैहर सिविल अस्पताल फिर से सिलेंडरों पर निर्भर

**सतना, देशबन्धु।** मैहर सिविल अस्पताल में कोविड-19 महामारी के दौरान स्थापित किए गए दोनों ऑक्सीजन प्लांट वर्तमान में बंद पड़े हैं। इन प्लांटों का उद्देश्य अस्पताल को ऑक्सीजन आपूर्ति के लिए आत्मनिर्भर बनाना था, लेकिन अब अस्पताल की ऑक्सीजन व्यवस्था फिर से सिलेंडरों पर निर्भर हो गई है। गंभीर मरीजों को आवश्यकता पडने् पर सतना या अन्य बड़े अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है।

**जनभागीदारी से स्थापित**

बताया गया है कि साल 2021 में तत्कालीन विधायक की पहल और जनभागीदारी से अस्पताल में 250 लीटर प्रति मिनट क्षमता का पहला ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किया गया था। कोविड की दूसरी लहर के दौरान शुरू हुआ यह प्लांट क्षेत्र के लिए एक बड़ी राहत साबित हुआ था। इसके बाद अस्पताल परिसर में एक और पीएसए ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया, जिससे बढ़ती जरूरतों को पूरा किया जा सके। इन दोनों प्लांटों के चालू होने के बाद अस्पताल में ऑक्सीजन बेड और पाइपलाइन नेटवर्क भी विकसित किया गया था।



**लंबे समय से हैं बंद**

इस संबंध में अस्पताल से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, दोनों ऑक्सीजन प्लांट लंबे समय से बंद हैं। तकनीकी खराबी और नियमित रखरखाव की कमी के कारण इन्हें दोबारा चालू नहीं किया जा सका है। इस स्थिति के चलते, अस्पताल में भर्ती गंभीर मरीजों को ऑक्सीजन के लिए सिलेंडरों पर निर्भर रहना पड़ता है।

**हमें विस्तार की उम्मीद थी**

तो वहीं स्थानीय नागरिकों ने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि मैहर सिविल अस्पताल को जिला अस्पताल का दर्जा मिलने के बाद स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार की उम्मीद थी। लेकिन जीवनरक्षक ऑक्सीजन व्यवस्था का बंद होना स्वास्थ्य प्रबंधन पर सवाल खड़े करता है। नागरिकों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि दोनों ऑक्सीजन प्लांटों की तकनीकी जांच कर उन्हें शीघ्र चालू कराया जाए।

**जल्द शुरू कराने की मांग**

उन्होंने यह भी मांग की है कि प्लांटों के संचालन और रखरखाव के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों की व्यवस्था की जाए और नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। इससे भविष्य में किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को ऑक्सीजन की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा।